RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 114
फरीदाबाद, बुधवार, 31 मई, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



जडेजा ने चेन्नई की जीत का श्रेय धोनी को दिया

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,969 | ▲ | 122.75 |
| निफ्टी | 18,633 | ▲ | 35.20 |
| सोना | 59,945 | ▼ | 90 /10 gm |
| चांदी | 72,250 | ▼ | 350 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 34.00°C
न्यूनतम 24.00°C

## क्विक न्यूज

### हाईकोर्ट ने की सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मनीष सिसोदिया के खिलाफ ईडी के सप्लीमेंट्री चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान लिया है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मंगलवार को सिसोदिया को समन भेजा है। अब उन्हें एक जून को कोर्ट में पेश होना है। इससे पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने शराब नीति केस में सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि सिसोदिया एक पावरफुल इंसान हैं और वे बाहर आएंगे तो गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ अब सिसोदिया सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे।

### एअर इंडिया की गोवा-दिल्ली फ्लाइट में क्रू मेंबर से मारपीट

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया विमान में एक बार फिर क्रू मेंबर के साथ बदसलूकी का मामला सामने आया है। एक पैसेंजर ने यात्रा के दौरान क्रू मेंबर के साथ मारपीट करते हुए गालियां दीं। यह जानकारी एअर इंडिया के स्पोक्सपर्सन ने दी है। उन्होंने बताया कि घटना 29 मई की है। इसकी शिकायत डीजीसीए से की गई है। एयरलाइन कंपनी की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि 29 मई को फ्लाइट गोवा से नई दिल्ली आ रही थी। इसमें सवार पैसेंजर ने अचानक क्रू मेंबर के साथ बदसलूकी शुरू कर दी। उसे रोकने की कोशिश की गई तो उसने मारपीट शुरू कर दी। दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरने के बाद भी यात्री क्रू मेंबर से बदसलूकी कर रहा था। उसे सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया गया। हालांकि एअर इंडिया ने अपने बयान में ये नहीं बताया कि पैसेंजर ने किस वजह से विवाद किया। घटना की शिकायत डीजीसीए से की गई है, लेकिन पुलिस से नहीं।

### एनसीईआरटी की किताब से हटाया गया खालिस्तान का जिक्र

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी की 12वीं की किताब से खालिस्तान का जिक्र हटाने का फैसला किया गया है। यह जानकारी स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने दी है। पिछले महीने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने किताब से विवादित सामग्री को हटाने की मांग की थी। इसके लिए उन्होंने एनसीईआरटी को लेटर लिखा था। एसजीपीसी ने कहा था कि 12वीं क्लास की किताब से खालिस्तान के जिक्र को हटाया जाए। साथ ही किताबों से उस बात का भी हटाया जाए, जिसमें सिखों को अलगाववादियों के तौर पर बताया गया है।

## डब्ल्यूएफआइ के पूर्व अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का मामला

# भाकियू अध्यक्ष ने नहीं बहाने दिए मेडल, राष्ट्रपति को सौंपेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** हरिद्वार

### बजरंग, साक्षी-विनेश ने टिकैत को सौंपे मेडल | सरकार को पांच दिन का अल्टीमेटम दिया

**भारतीय** कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआइ) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ धरना देने वाले पहलवानों ने हर की पौड़ी में अपने मेडल गंगा में बहाने का फैसला बदल दिया है। पहलवान मेडल बहाने के लिए हरिद्वार पहुंच गए थे। इसका पता चलते ही भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत वहां पहुंचे। पहलवानों से बात कर उन्होंने केंद्र सरकार को कार्रवाई के लिए पांच दिन का अल्टीमेटम दिया है। टिकैत ने उनसे मेडल्स और मोमेंटो वाली पोटली ले ली है। उन्होंने कहा कि इन्हें राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। सभी खिलाड़ी हरिद्वार से अपने घरों के लिए रवाना हो गए। इससे पहले साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट करीब एक घंटे तक हर की पौड़ी में बैठकर मेडल पकड़े रोते रहे।

इस बीच गंगा समिति पहलवानों के खिलाफ खड़ी हो गई थी। समिति पदाधिकारियों का कहना था कि ये (हर की पौड़ी) पूजा-पाठ की जगह है, राजनीति की नहीं। बता दें, ये पहलवान बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी के लिए जंतर-मंतर पर धरना दे रहे थे। रविवार को पुलिस से हुई झड़प के बाद ये जंतर-मंतर से हटा दिए गए थे। बताया जा रहा है कि बृजभूषण शरण सिंह ने 5 जून को अयोध्या में महारैली बुलाई है। इसमें संत भाग लेंगे। बृजभूषण और संतों का कहना है कि पॉक्सो एक्ट का फायदा उठाकर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। रेसलर साक्षी मलिक ने मंगलवार को ही हरिद्वार पहुंचने से पहले सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि वे इंडिया गेट पर आमरण अनशन करेंगे। हमने पवित्रता से इन मेडल को हासिल किया था। इन मेडल को पहनाकर तेज सफेदी वाला तंत्र सिर्फ अपना प्रचार करता है। फिर हमारा शोषण करता है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को नहीं लौटाएंगे, क्योंकि उन्होंने हमारी कोई सुध नहीं ली। हालांकि साक्षी मलिक के ट्वीट के बाद दिल्ली पुलिस ने कहा- पहलवानों को इंडिया गेट पर प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। राष्ट्रीय स्मारक प्रदर्शन स्थल नहीं है।



बृजभूषण शरण ने पांच जून को अयोध्या में बुलाई महारैली



बृजभूषण- संतों का कहना है कि पॉक्सो एक्ट का दुरुपयोग किया जा रहा

अपनी बेकद्री देख जी भरके रोए पहलवान





## नहीं थम रही मणिपुर में हिंसा

# चानू समेत 11 खिलाड़ियों ने मेडल लौटाने की चेतावनी दी

- सीडीएस ने कहा, यह जातीय हिंसा, उग्रवाद नहीं
- मुख्यमंत्री ने, हिंसा में शामिल लोगों को उग्रवादी बताया था



**एजेंसी।** इम्फाल

**मणिपुर** में तीन मई से हिंसा जारी है। अब तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है। इस बीच ओलिंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू सहित मणिपुर की 11 खेल हस्तियों ने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। इन लोगों ने अमित शाह से राज्य में जल्द शांति बहाल करने की मांग की है। इन्होंने कहा है कि अगर स्थिति सामान्य नहीं हुई तो वे अपने अवॉर्ड और मेडल लौटा देंगे। लेटर पर दस्तखत करने वालों में मीराबाई चानू, पद्म पुरस्कार विजेता वेटलिफ्टर कुंजारानी देवी, पूर्व भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान बेम बेम देवी और मुक्केबाज एल. सरिता देवी शामिल हैं। इधर, मंगलवार सुबह चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को पुणे में कहा कि मणिपुर में हालात सामान्य होने में थोड़ा वक्त लगेगा।

जनरल चौहान ने कहा- राज्य में हिंसा दो जातियों के बीच संघर्ष का परिणाम है। इसका उग्रवाद से कोई लेना-देना नहीं है। यह कानून-व्यवस्था का मामला है। हम राज्य सरकार की मदद कर रहे हैं। 28 मई को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बताया था कि राज्य में हिंसा शुरू होने के बाद पुलिस एनकाउंटर में 40 लोग मारे गए हैं। सीएम ने इन्हें मिलिटेंट बताया था।

गृहमंत्री अमित शाह 29 मई को मणिपुर की राजधानी इम्फाल पहुंचे। वे यहां एक जून तक रहेंगे। देर रात उन्होंने मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, मंत्रियों और अधिकारियों के साथ मीटिंग की। इस बैठक में मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला और इंटेलिजेंस ब्यूरो के चीफ तपन डेका मौजूद थे। शाह ने हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की सहायता राशि और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा की है। उन्होंने राज्य में राशन और तेल जैसी जरूरी चीजों की सप्लाई को बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार सुबह अमित शाह ने सामाजिक संगठनों और राजनीतिक दलों और बुद्धिजीवियों के साथ अलग-अलग बैठकें की। गृह मंत्री एक जून तक कई राउंड की सुरक्षा बैठकें करेंगे। इससे पहले मणिपुर सरकार ने राज्य में हिंसा को लेकर फेक न्यूज फैलाने वालों पर राजद्रोह का केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

सुलग रहा मणिपुर



विस्तृत खबर पेज-9 पर

# हांसी में चलती कार में लगी आग, जिंदा जला युवक


**पायनियर समाचार सेवा।** हांसी

**हिसार** के हांसी पुलिस जिले के मुंढाल क्षेत्र में चलती गाड़ी में आग लगने से एक युवक की मौत हो गई। युवक की पहचान हांसी के जगदीश कॉलोनी निवासी मोहित सचदेवा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह गाड़ी में अकेला था। गाड़ी में अचानक से धमाका हुआ। धमाका होने के साथ ही गाड़ी की छत भी उड़ गई और एकदम से गाड़ी में आग लग गई। उसने अपनी जान बचाने के लिए गाड़ी के हॉर्न भी बजाए, परंतु हाइवे पर जलती गाड़ी के पास जाने की जहमत कोई नहीं उठा सका।

आग लगने पर आसपास के लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक फायर ब्रिगेड वहां पहुंची, तब तक आग से गाड़ी जलकर राख हो गई। गाड़ी में उस समय मोहित सचदेवा अकेला थे। आग लगने से उसकी भी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि चलती गाड़ी में अचानक से ही तेज धमाका हुआ।

तेज धमाके से उड़ी गाड़ी की छत

मदद मांगने के लिए हॉर्न भी बजाया था



# हाईकोर्ट के आदेश पर गिरफ्तार स्टेट ऑफिसर अदालत में पेश, रिहा हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**गुरुग्राम** में प्रॉपर्टी विवाद से जुड़े मामले में निचली कोर्ट के आदेश की अनदेखी करने पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश पर पुलिस द्वारा स्टेट ऑफिसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद सुबह जिला अदालत में न्यायाधीश मनीषा गौड़ की कोर्ट में पेश किया गया। हाइकोर्ट ने एक दिन पहले निचली अदालत के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की थी।

सोमवार रात 10 बजे तक गिरफ्तार करने व मंगलवार सुबह 10 बजे तक संबंधित अदालत के सामने पेश करने का गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर को आदेश दिया था।

हाइकोर्ट में याचिका दाखिल करते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने संपत्ति विवाद में गुरुग्राम की अदालत के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में बताया गया कि गुरुग्राम कोर्ट ने 14 मई को आदेश सुनाते हुए संबंधित क्षेत्र की स्टेट ऑफिसर को हिरासत में लेने का आदेश जारी किया था। हाइकोर्ट ने याचिका पर कड़ा रुख अपनाते हुए याचिकाकर्ता को फटकार लगाई। कहा कि आदेश का पालन करने में देरी को लेकर याची के पास कोई स्पष्टीकरण नहीं है। लिहाजा, पुलिस ने संपदा अधिकारी सुमन भाकर को सोमवार रात को गिरफ्तार किया और मंगलवार सुबह कोर्ट में पेश कर दिया। पेशी के दौरान स्पष्टीकरण दिए जाने के बाद ईओ को रिहा कर दिया गया।

पेशी के दौरान स्पष्टीकरण दिए जाने के बाद ईओ को रिहा कर दिया गया





# मूर्तियां तेज आंधी से गिरीं, कोई भ्रष्टाचार नहीं: सरकार

**एजेंसी।** भोपाल

**भाजपा** नीत मध्य प्रदेश सरकार ने उज्जैन स्थित प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में श्री महाकाल लोक गलियारे में स्थापित छह मूर्तियों के गिर कर टूटने के संबंध में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों को मंगलवार को खारिज कर दिया और इस घटना के लिए तेज बारिश एवं आंधी के साथ आए बवंडर को जिम्मेदार ठहराया।

सरकार ने यह भी दावा किया कि इन मूर्तियों को स्थापित करने का कार्यादेश सात मार्च 2019 को तत्कालीन कांग्रेस शासन के दौरान जारी किया गया था। उल्लेखनीय है कि श्री महाकाल लोक गलियारे की छह प्रतिमाएं रविवार दोपहर आई तेज आंधी के चलते गिरकर टूट गई थीं। ये टूटी प्रतिमाएं वहां स्थापित किए गए सप्त ऋषियों में से छह की हैं, जो करीब 11 फुट ऊंची थीं। मध्य प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि श्री महाकाल लोक गलियारे के निर्माण में भ्रष्टाचार हुआ है और मूर्ति निर्माण में बेहद ही गुणवत्ताहीन सामग्रियों का उपयोग किया गया है।

### 30 लाख ऐंठने पर रिटायर्ड डीटीसी-ईटीओ गिरफ्तार

**हिसार।** सिरसा में फर्जी फर्मों के मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने आबकारी कराधान विभाग के तत्कालीन डीटीसी जीसी चौधरी तथा तत्कालीन ईटीओ अशोक सुखीजा को गिरफ्तार किया है। दोनों अधिकारियों ने फर्जी फर्मों के सरगना महेश बंसल, पदम बंसल के साथ मिलकर 30 लाख रुपये का चूना लगाया था। आरोपियों ने सिगरेट के बोगस कारोबार के नाम पर जेसी इंटरप्राइज के नाम से फर्जी फर्म बनाई है। दोनों अधिकारी रिटायर्ड हो गए।

# प्रदेश में एक जून से दो जुलाई तक 32 दिन होगी गर्मी की छुट्टियां

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** स्कूल शिक्षा विभाग ने गर्मी की छुट्टियों की तैयारी शुरू कर दी है। इस बार सूबे में 32 दिनों तक स्कूल बंद रहेंगे। एक जून से दो जुलाई तक स्कूलों में छुट्टियां रहेंगी। तीन जुलाई को स्कूल खोले जाएंगे। संभावना है कि गर्मियों की छुट्टी को लेकर गुरुवार को शिक्षा विभाग इसका नोटिफिकेशन जारी कर दे।

हरियाणा की स्कूलों में समय वेकेशन 30 दिनों का होता आया है। यह ग्रीष्मावकाश एक जून से 30 जून तक होता था, ऐसे में लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस साल भी हरियाणा में 30 दिनों के लिए स्कूल बंद रहेंगे। हालांकि अभी तक हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सरकारी और निजी स्कूलों के लिए गर्मी की छुट्टियों की तारीख घोषित नहीं की हैं।



वैसे हरियाणा में अभी तक गर्मी अपना पूरा असर नहीं दिखा पाई हैं, लेकिन एक जून के बाद गर्मी अपने प्रचंड रूप में दिखेगी। चंडीगढ़ मौसम विभाग के अनुसार, इस बार हरियाणा में 92 फीसद बारिश कम होने के आसार हैं। ऐसे में यहां दिन और रात के तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी। दिन का अधिकतम तापमान कुछ शहरों का 45 डिग्री के पार जाने की भी संभावना है।

# देश के नौ राज्यों में आंधी-बारिश से जनजीवन हुआ प्रभावित

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राजस्थान,** यूपी और दिल्ली एनसीआर समेत नौ राज्यों में मंगलवार को आंधी आने और बारिश होने की वजह से जनजीवन प्रभावित हुआ है। राजस्थान में पिछले तीन दिन बारिश से जुड़ी घटनाओं में 20 लोगों की मौत हो गई है। मई के महीने में पिछले 15 सालों में ऐसा पहली बार हुआ। पिछले 24 घंटों में राज्य के 10 जिलों में आंधी चली। इससे कई जगह भारी नुकसान हुआ। मंगलवार को 26 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उधर, आइएमडी ने बताया कि मंगलवार देर रात तक हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होती रहेगी। वहीं, दिल्ली एनसीआर में चार जून तक हल्की और तेज बारिश हो सकती है। एनसीआर के भी ज्यादातर इलाकों में 31 मई तक बारिश के आसार हैं।

### राजस्थान में 15 दिन में 20 की मौत

जोधपुर, जयपुर संभाग में बदले मौसम का असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। यहां तेज बारिश और हवा की रफ्तार जानलेवा साबित हो रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 26 जिलों में अगले 24 घंटे तेज बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया है। लगातार हो रही बारिश के कारण जयपुर समेत कई इलाकों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री के करीब पहुंच गया है। दिन के तापमान में 12 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इन इलाकों में अगले तीन दिन तेज हवा और बारिश होने के आसार हैं। हवा की रफ्तार 50 किमी प्रतिघंटा या इससे ज्यादा तक हो सकती है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर में भी मौसम बदला रहेगा। यहां रात में गरज-चमक के साथ आंधी और बारिश हो सकती है।

गुना, श्योपुर में ओले गिरने के आसार हैं। यूपी राज्य के मौसम विभाग के अनुसार, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, अमरोहा, जौनपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, आजमगढ़, आंबेडकर नगर, संत रविदास नगर और वाराणसी समेत 24 जिलों में बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान आंधी चल सकती है।

### यूपी के 24 शहरों में अलर्ट

आफत की बारिश



# जेसी बोस विश्वविद्यालय ने प्रमुख प्रावधानों के साथ दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों को शामिल करते हुए शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के लिए दाखिला कार्यक्रम की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने एडमिशन पोर्टल के माध्यम से विभिन्न सर्टिफिकेट, डिप्लोमा और स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून है।

एनईपी-2020 के प्रावधानों के अनुरूप महत्वपूर्ण पहल करते हुए विश्वविद्यालय ने तीन और चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम शुरू किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्पों की सुविधा मिलेगी तथा उन्हें ऑनर्स तथा ऑनर्स विद रिसर्च में चार वर्षीय स्नातक डिग्री का अवसर मिलेगा। हालांकि,

## विश्वविद्यालय ने दिया तीन तथा चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम का विकल्प

## बीटेक को छोड़कर सभी सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

विद्यार्थियों के लिए तीन वर्षीय स्नातक डिग्री का विकल्प भी खुला रहेगा। इसके अलावा, विद्यार्थियों को अपनी मुख्य डिग्री के साथ-साथ विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी माइनर डिग्री पाठ्यक्रम को चुनने का विकल्प भी मिलेगा। एनईपी-2020 के प्रावधानों को सत्र 2023-24 से विश्वविद्यालय के साथ-साथ सभी संबद्ध कॉलेजों में लागू किया जा रहा है। इसके



अलावा, विश्वविद्यालय आगामी सत्र से बीएससी (विजुअल कम्युनिकेशन एंड मल्टीमीडिया टेक्नोलॉजी) के रूप में नया पाठ्यक्रम भी शुरू करने जा रहा है।

छात्र-केंद्रित नई पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने कहा कि नई व्यवस्था विद्यार्थियों को अधिक लचीलापन और विविध विकल्प प्रदान करेगी। ऑनर्स, ऑनर्स विद रिसर्च, और माइनर-डिग्री प्रोग्राम को शामिल करने के विकल्प प्रदान करके, विश्वविद्यालय शिक्षा को और अधिक व्यवहारिक तथा विद्यार्थियों को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहा है। शिक्षा व्यवस्था में लचीलेपन से विद्यार्थियों के सीखने के दायरे में विस्तार होगा तथा उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय एनईपी 2020 के क्रियान्वयन तथा विद्यार्थियों के लिए समग्र और समावेशी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

निदेशक (एडमिशन) प्रो. आशुतोष निगम ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2023-24 में विश्वविद्यालय सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के पाठ्यक्रमों सहित 60 से अधिक पाठ्यक्रमों में दाखिले की पेशकश कर रहा है। एनईपी-2020 पहल के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि तीन एवं चार साल के स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट विकल्प मिलेंगे। प्रथम वर्ष के पूरा होने पर, एग्जिट विकल्प चुनने वाले विद्यार्थियों को यूजी सर्टिफिकेट दिया जायेगा। इसी तरह दूसरे वर्ष के बाद एग्जिट विकल्प चुनने वालों को यूजी डिप्लोमा प्राप्त होगा। हालांकि, ऐसे विद्यार्थियों को पहले और दूसरे वर्ष के ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान चार-चार क्रेडिट का एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी पूरा करना होगा। इसके उपरांत न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए 3-वर्षीय यूजी पाठ्यक्रम करने वाले विद्यार्थियों को यूजी डिग्री प्रदान की जायेगी। एग्जिट विकल्प चुनने वाले विद्यार्थियों को तीन साल के भीतर डिग्री प्रोग्राम में फिर से प्रवेश करने और सात साल की कुल अधिकतम अवधि के भीतर डिग्री पूरी करने का विकल्प होगा।

प्रो. निगम ने बताया कि चार वर्षीय यूजी ऑनर्स की डिग्री उन विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी जो न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए चार साल के डिग्री पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करेंगे। पहले छह सेमेस्टर में 75 प्रतिशत और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चैथे वर्ष के दौरान स्नातक स्तर पर शोध करने (ऑनर्स विद रिसर्च) का अवसर मिलेगा जोकि एक संकाय सदस्य के मार्गदर्शन में न्यूनतम क्रेडिट आवश्यकताओं को पूरा करते हुए अपने प्रमुख विषय में किसी शोध परियोजना या शोध प्रबंध पर काम करेंगे।

# सेक्टर 28-29 में विकसित होंगे स्मार्ट वेंडिंग जोन, 180 को मिलेगी जगह



सेक्टर-28-29 चौक पर रेहड़ी पटरी वालों के लिए बनाया गया स्मार्ट वेंडिंग जोन। फोटो : राजेश पुंजानी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सेक्टर** 28-29 में स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से स्मार्ट वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसमें 180 रेहड़ी-पटरी वालों को जगह दी जाएगी। अभी करीब 120 को जगह मिली है। नगर निगम को रेहड़ी-पटरी वालों को एक तय जगह (स्ट्रीट वेंडिंग जोन) उपलब्ध कराई जानी है। इसके लिए रेहड़ी पटरी वालों का सर्वे कराया गया है।

पात्रों को जगह उपलब्ध कराने का काम वार्ड कमेटी के पास है। कुछ दिन पहले जिला टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक निगम आयुक्त जितेंद्र दहिया की अध्यक्षता में हुई थी। इसमें सेक्टर 28 व 29 में वेंडिंग जोन बनाने का प्रस्ताव रखा गया था। जिसे कमेटी ने मंजूरी दे दी है।

सेक्टर में स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से स्मार्ट वेंडिंग जोन बनाया जाएगा। इसमें रेहड़ी पटरी वालों के लिए बिजली, शौचालय, टाइल्स लगाकर दुकानें लगवाई जाएंगी। योजना के अनुसार करीब 180 वेंडरों को लकी ड्रॉ द्वारा जगह दी जाएगी। बता दें कि पहले पीएम स्वनिधि योजना के तहत 13832 लोगों ने आवेदन किया था। इसमें से 10810 आवेदन सही मिले हैं। नगर निगम अन्य जगहों पर वेंडिंग जोन बनाने पर काम कर रहा है।

पात्रों को पीएम स्वनिधि के तहत योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अब नगर निगम ने दोबारा से रेहड़ी-पटरी वालों का पंजीकरण शुरू कराया है। इसके लिए रेहड़ी पटरी वाले 30 रुपये देकर नागरिक सुविधा केंद्रों या सरल केंद्रों पर पंजीकरण फार्म भरवा सकते हैं। इसके अलावा नगर निगम मुख्यालय बीके चौक पर रेहड़ी-पटरी वालों का निशुल्क कैंप रोज लगाया जा रहा है।

"**रेहड़ी**-पटरी वालों को जगह उपलब्ध कराई जा रही है। सेक्टर 28-29 में वेंडिंग जोन बनाने को मंजूरी मिली है। वहीं, दोबारा से रेहड़ी वालों का पंजीकरण हो रहा है, ऐसे में पात्र ऑनलाइन पंजीकरण जरूर करा लें।



**-द्वारिका प्रसाद, शहरी परियोजना अधिकारी नगर निगम**

"**दोनों** सेक्टरों में वेंडिंग जोन विकसित किए जा रहे हैं। वेंडरों को शेड, लाइट, शौचालय आदि की सुविधा मिलेगी। वेंडरों की मांग पर निगम द्वारा तेजी का काम कराया जा रहा है।



**-पवन, प्रधान वेंडर एसोसिएशन सेक्टर-28-29**

## विकास मित्तल हरियाणा रेडक्रॉस रक्तदान के उपसमिति सदस्य नियुक्त



**पलवल।** हरियाणा राज्य के राज्यपाल व हरियाणा रेडक्रॉस के अध्यक्ष बड़ारू दत्तात्रेय ने इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चडीगढ़ की स्वैच्छिक रक्तदान सेवा की उपसमिति का गठन किया है। संजय सिंह, विधायक सोहना की अध्यक्षता में बनाई गयी इस उपसमिति में पलवल डोनर्स क्लब ज्योतिपुंज के संयोजक लॉयन विकास मित्तल को तीन वर्ष 2023 से 26 तक के सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। विकास मित्तल लंबे समय से रक्तदान और अन्य सामाजिक गतिविधियों में समाज हित में कार्य कर रहे हैं। विकास मित्तल को राज्यपाल द्वारा उपसमिति सदस्य बनाए जाने पर खूब बधाई मिल रही हैं।

# मानव रचना में छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा देने के तरीके सिखाए

## जानकारी हो तो बचाई जा सकती हैं कई जिंदगियां

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मानव** रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज में छात्र कल्याण विभाग और एनएसएस इकाई ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी के साथ मिलकर एक दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया।

इस दौरान हरियाणा रेडक्रॉस से राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी सचिव बिजेंद्र सोरोत, जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी और मास्टर ट्रेनर मीनू कौशल ने छात्रों को प्रशिक्षण दिया। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. गुरजीत कौर चावला ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

प्रशिक्षण की शुरुआत में मीनू कौशल ने छात्रों को किसी भी आपात स्थिति के दौरान मौके का मुआयना



कर प्राथमिक चिकित्सा देने के तरीके बताए। साथ ही सीपीआर, पीड़ितों को चोट के आधार पर मदद देने और फ्रैक्चर होने पर शुरुआती इलाज देने जैसी तकनीक भी सिखाईं। इसके बाद बिजेंद्र सोरोत ने छात्रों को संबोधित करते हुए रेडक्रॉस प्रशिक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर से ली गई जानकारी से आपात स्थिति में आप कई जिंदगियां बचा सकते हैं। संजीव धीमान ने छात्रों को रेडक्रॉस से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। वहीं पुरुषोत्तम सैनी ने भी छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा को अनिवार्य रूप से सीखने की सलाह दी।

कार्यक्रम के समापन पर डॉ. गुरजीत कौर चावला ने शिविर में महत्वपूर्ण जानकारियां देने के लिए सभी अतिथियों का आभार जताया। उन्होंने प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों की सराहना की और उन्हें रेडक्रॉस ब्रिगेड का हिस्सा बनकर समाज कल्याण से जुड़ी गतिविधियों में भाग लेने की शपथ दिलाई।

## फ्री होल्ड दुकान होने के बावजूद नगर निगम नहीं कर रहा रजिस्ट्री



मीटिंग में भाग लेते दुकानदार।

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ शहर के व्यापारी नगर निगम के चक्कर लगा लगा कर थक चुके हैं। किसी व्यापारी की प्रॉपर्टी आईडी में दिक्कत है, किसी दुकानदार की फ्री होल्ड दुकान है। लेकिन उसकी रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। लाइब्रेरी मार्केट के दुकानदार पंकज कालरा जिनकी दुकान लाइब्रेरी मार्केट में होने के बावजूद उनको डिस्पेंसरी मार्केट के नाम से नोटिस आ रहा है।

दुकानदारों की समस्या को देखते हुए हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान राम जुनेजा व बल्लभगढ़ व्यापार मंडल के प्रधान प्रेम खट्टर, फरीदाबाद एक नंबर मार्केट से विनोद आहूजा, नवल आर्य, लाइब्रेरी मार्केट के प्रधान नानक चंद कालड़ा ने व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए लाइब्रेरी मार्केट बल्लभगढ़ में मीटिंग रखी। इसमें लगभग 150 दुकानदार एकत्रित हुए। राम जुनेजा ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनने के बाद एडिशनल कमिश्नर से व्यापारियों की समस्याओं के लिए बात की। फ्री होल्ड दुकानदारों की रजिस्ट्री की जाए, सर्कल रेट गलत लग गया है, उनका सर्कल रेट सही का मैसेज उनके पास जाए। अगर कोई व्यापारी नगर निगम में अपने किसी कार्य के लिए जाता है तो उसे चक्कर लगाने पड़ते हैं। सीट पर बैठे कर्मचारी व्यापारियों की समस्या को सही करने की जगह उन्हें मना कर देते हैं। एडिशनल कमिश्नर ने उन्हें आश्वासन दिया कि अगर किसी कर्मचारी की शिकायत मिलती है तो व्यापारी सीधे उनसे आकर मिले।

**31 मई विश्व तंबाकू दिवस पर विशेष**

# तंबाकू के लगातार सेवन से होता है कैंसर का खतरा : डॉ. कामरान अली

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**धूम्रपान** से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मैरिंगो एशिया अस्पताल फरीदाबाद में लंग ट्रांसप्लांट एंड थोरेसिक सर्जरी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. कामरान अली ने बताया कि तंबाकू का बीड़ी, सिगरेट या हुक्का के रूप में नियमित या अत्यधिक सेवन से लंग्स (फेफड़ों) में कई प्रकार से असर पड़ता है।

लंबे समय तक धूम्रपान करने के कारण सीओपीडी (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) हो जाती है। यह धूम्रपान के कारण फेफड़ों में होने वाली सबसे आम बीमारी है। 50 साल की उम्र के बाद इसके मामले ज्यादा देखने को मिलते हैं। इस बीमारी को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है। यह बहुत ही गंभीर बीमारी है। अगर एडवांस्ड सीओपीडी हो जाए तो मरीज ऑक्सीजन पर निर्भर हो जाता है, तब अक्सर लंग ट्रांसप्लांट की नौबत आ जाती है।



तंबाकू का स्मोकिंग के रूप में अत्यधिक सेवन से लंग (फेफड़े) के कैंसर का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। दुनिया में कैंसर के कारण होने वाली मृत्यु का लंग कैंसर एक बड़ा कारण है। धूम्रपान करने के कारण महिलाएं भी लंग कैंसर का शिकार हो रही हैं। कम उम्र में स्मोकिंग करने के कारण लंग कैंसर की समस्या अब युवाओं में भी देखने को मिल रही है।

उन्होंने बताया कि जिन मरीजों को ब्रोंकियल अस्थमा होता है, सीधे तौर पर धूम्रपान करने या अन्य व्यक्ति द्वारा किये जा रहे धूम्रपान के संपर्क में आने पर उनमें ब्रोन्कियल अस्थमा के अटैक का जोखिम ज्यादा बढ़ जाता है। उनमें अस्थमा अटैक के बार-बार होने और ज्यादा गंभीर होने की आशंका बढ़ जाती है। अस्थमा बुजुर्ग और जवान दोनों में हो सकता है।

## तंबाकू से हार्ट अटैक व स्ट्रोक की संभावना बढ़ती है : डॉ. रवि शेखर

**फरीदाबाद।** तंबाकू की लत इस दुनिया के सामने अब तक कहर ढाने वाली सबसे बड़ी महामारी है। यह हृदय, फेफड़ों, मस्तिष्क और मुख समेत शरीर के अनेक अंगों को प्रभावित करता है। फोर्टिस एस्कार्ट्स अस्पताल फरीदाबाद के डायरेक्टर एंड यूनिट हेड पल्मोनोलॉजी डॉ. रवि शेखर झा के मुताबिक तंबाकू के सेवन से क्रोनिक ऑब्स्ट्रक्टिव पल्मोनरी रोग, निमोनिया, टीबी, इंटरस्टिशियल लंग रोग के अलावा विभिन्न अंगों को प्रभावित करने वाले कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा, हार्ट अटैक और यहां तक कि स्ट्रोक की आशंका भी बढ़ जाती है। तंबाकू के बढ़ते चलन की वजह से इन दोनों कैंसर के मामले युवाओं तथा महिलाओं में भी आम हो गये हैं।



भारत में हर साल तंबाकू सेवन के चलते होने वाले रोगों की वजह से एक मिलियन से भी अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है। भारत में धुआं युक्त और धुआं रहित दोनों प्रकार के तंबाकू का प्रयोग आम है, यानी यहां तंबाकू का दोहरा बोझा है। एक सर्वे के मुताबिक भारत में धूम्रपान का चलन क़रीब 10 फीसदी है, जबकि कुल धूम्ररहित तंबाकू सेवन 21 फीसदी होता है। यह प्रतिशत काफी अधिक है और दुनिया में सर्वाधिक में आता है। इसके अलावा परोक्ष धूम्रपान के कारण बच्चों में अस्थमा, बाल्यावस्था में निमोनिया भी हो सकता है और यह फेफड़ों के सामान्य विकास को भी प्रभावित कर सकता है। साथ ही गर्भवती महिलाओं में परोक्ष धूम्रपान के कारण अजन्मे शिशु के फेफड़ों का विकास प्रभावित होने का खतरा बढ़ता है। एक और चलन जो तेजी से बढ़ रहा है वह है युवा पीढ़ी द्वारा सिगरेट के आकर्षक विकल्पों जैसे कि जूल और वेप्स का बढ़ता प्रयोग। ये काफी खतरनाक होते हैं और हर हाल में इनसे बचना चाहिए। विश्व तंबाकू निषेध दिवस आम जानता को तंबाकू, परोक्ष धूम्रपान के खतरों के बारे में जागरूक बनाने और उन्हें तंबाकू के किसी भी स्वरूप में प्रयोग से बचने का संदेश देने का अच्छा अवसर है।

## ई-सिगरेट तंबाकू जितना ही खतरनाक : डॉ. प्रबल



**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के चेयरमैन एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ. प्रबल रॉय ने बताया कि तंबाकू सेहत के लिए कितना खतरनाक है। ये जानते हुए भी लोग इसे खाने से परहेज नहीं करते। ऐसे में सेहत पर पड़ने वाले इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और दुनिया भर में तंबाकू के इस्तेमाल को कम या बंद करने के लिए हर साल 31 मई को वर्ल्ड नो टोबैको डे यानी विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि लोग अब ई सिगरेट का ज्यादा इस्तेमाल करने लगे हैं। खासकर युवा इसका ज्यादा प्रयोग कर रहे है। ई-सिगरेट, जिसमें सॉल्वेंट और निकोटिन होता है, तंबाकू खाने जितना ही हानिकारक और नशीला होता है। इसलिए इन सभी चीजों का प्रयोग बिलकुल न करें। डॉ. प्रबल ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने इस बार वर्ल्ड नो टोबैको डे की थीम हमें खाने की आवश्यकता है, तंबाकू की नहीं, रखी है। इस थीम के जरिए डब्ल्यूएचओ किसानों को तंबाकू उगाने के बजाय ज्यादा से ज्यादा अनाज उगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




**भरी है पीर गहरी पर किसी से कुछ नहीं कहती**
**मैं जीवनदायनी तो हूँ मगर क्या कुछ नहीं सहती**
**मेरी संतान मेरे लट पे आके रो पडी तो फिर**
**मैं हूँ जब माँ भला कैसे रहूँ चुपचाप अब बहती**

# सीडबॉल अभियान हमारे वन क्षेत्रों को फिर बहाल करने की बड़ी पहल : नागर

## ग्लोबल वार्मिंग कम करने और जलवायु संरक्षण के लिए शुरू किया सी20 अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** अयुद्ध (माता अमृतानंदमयी मठ की अंतर्राष्ट्रीय युवा शाखा), अमृता अस्पताल, और अमृता विश्वविद्यालय ने सी -20 के अंतर्गत विभिन्न लोकोपकारी परियोजनाओं के क्रम में ग्लोबल सीडबॉल अभियान का शुभारंभ किया। सिविल 20 इंडिया 2023 की अध्यक्ष, माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) के मार्गदर्शन में इस सीडबॉल अभियान का वैश्विक शुभारंभ इस साल अप्रैल में किया गया था। अभियान का उद्देश्य वर्ष 2023 में एक मिलियन सीडबॉल बनाना है। इस अभियान को सी-20 एसआरसी वर्किंग ग्रुप और अयुद्ध मिलकर पूरे



कार्यक्रम में शिरकत करते विधायक राजेश नागर।

विश्व में क्रियान्वित कर रहे हैं ।

विधायक राजेश नागर विधायक तिगांव और सत्यानंद मिश्रा (सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और भारत के पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त) कार्यक्रम में शामिल हुए। अन्य गणमान्य व्यक्तियों में स्वामी निजामृतानंद पुरी (प्रशासनिक निदेशक, अमृता अस्पताल), डॉ. संजीव सिंह (चिकित्सा निदेशक, अमृता अस्पताल), ब्रह्म मोक्षामृत चैतन्य (राष्ट्रीय समन्वयक अयुद्ध इंडिया, माता अमृतानंदमयी मठ की युवा शाखा), ब्रह्म हर्षामृत (समन्वयक अमृता अस्पताल) शामिल हैं। संदीप गिरिधर निदेशक, मॉडर्न डीपीएस स्कूल और सेंट कोलंबस स्कूल के सदस्य भी उपस्थित थे। इस सीडबॉल अभियान के शुभारंभ में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें सीडबॉल बनाना, मिट्टी और खाद के मिश्रण से शुरू होकर, सीडबॉल को अंतिम रूप देने तक शामिल है। इन सीड बॉल्स को तैयार करने के लिए कई स्थानीय किस्मों के बीजों का इस्तेमाल किया गया है। कार्यक्रम में अन्य सीएसओ और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, अमृता अस्पताल के कर्मचारी जिनमें कई डॉक्टर, इंजिनियर, नर्स, अमृता विश्वविद्यालय के छात्र और आसपास के स्कूलों के छात्र और शिक्षक भी शामिल थे। श्री नागर ने कहा कि अम्मा द्वारा शुरू किया गया यह सीडबॉल अभियान हमारे वन क्षेत्रों को पुर्नस्थापित करने के लिए एक बड़ी पहल है।

डॉ. मनीषा सुधीर, प्रोवोस्ट, अमृता विश्व विद्यापीठम और सस्टेनेबल एंड रिसीलिएंट कम्युनिटीज पर सी20 वर्किंग ग्रुप की प्रमुख ने अपने वर्चुअल संबोधन में कहा हर व्यक्ति के हाथों में आशा और परिवर्तन के बीज बोने की शक्ति निहित है।

## रावल स्कूल में शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम हुआ



**फरीदाबाद।** रावल पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को उनके शिक्षण में प्रौद्योगिकी के नवीनतम विकास को शामिल करने के कौशल से लैस करने के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्कशॉप का संचालन मुक्ता सरीन ने किया, जो गेम आधारित लर्निंग में विशेषज्ञता वाली माइक्रोसॉफ्ट सर्टिफाइड ट्रेनर हैं। उन्होंने अपने शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आधारित पावर तकनीकों में शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रधानाध्यापिका राखी वर्मा ने मुक्ता को अत्यधिक जानकारीपूर्ण प्रशिक्षण सत्र के लिए धन्यवाद दिया।

**गुमशुदा की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा मोहित पुत्र शमा रानी स्वर्गीय श्री अश्वनी कुमार निवासी मकान नम्बर 05, सेक्टर-17, फरीदाबाद दिनांक 09.05.2023 को रात करीब 10:00 बजे पार्क में घूमने के लिए कह कर गया था, जो अभी तक घर वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा, मध्यम शरीर, दाहिनी बाजू पर टाके के निशान है, कद 5 फुट 8 इंच बा उम्र 32 साल है, जिसने नीले रंग की पैन्ट शर्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 131 दिनांक 17.05.2023 धारा 346 अगर किसी को गुमशुदा व्यक्ति के बारें में पता चले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी सेक्टर-17 फरीदाबाद :- 9582200147**
**अनुसंधान अधिकारी :- 8920631318**

# पलवल में वालीबॉल खिलाड़ियों को जल्द मिलेगी रेजीडेंसी अकादमी की सुविधा

### एकेडमी में खिलाड़ियों के लिए खाने की सुविधा भी होगी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिले** में वॉलीबॉल खिलाडियों को निपुण करने के लिए जल्द ही रेजीडेंसी एकेडमी शुरू की जा रही है। इसके शुरू होने से खिलाड़ियों की छिपी प्रतिभा उभर कर सामने आएगी। एकेडमी में 25 खिलाड़ियों का दाखिला किया जाएगा और विभाग की तरफ से सभी सुविधाएं मुफ्त मुहैया करवाई जाएंगी।

खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए सरकार की तरफ से कोशिश की जा रही है। खिलाडियों को कोच की सुविधा के अलावा और अन्य सभी सुविधाएं विभाग की तरफ से दी जा रही हैं। जो खिलाड़ी जिस खेल में रुचि रखता है, उसे उसी के हिसाब से सुविधा मुहैया कराने की कोशिश विभाग की तरफ से की जा रही है। खिलाड़ियों की प्रतिभाएं दम न तोडें, इसका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।



**रेजीडेंसी एकेडमी होगी कारगर सिद्ध :** खेल विभाग के अधिकारियों का दावा है कि वालीबाल रेसीडेंसी एकेडमी शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों सहित शहरी क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलेगा और देश को भी राष्ट्रीय व राज्य स्तर के खिलाड़ी मिल सकेंगे।

**एकेडमी में होगी मैस की सुविधा :** योजना के मुताबिक रेजीडेंसी एकेडमी में खिलाड़ियों को मैस की सुविधा मिल सकेगी। यहां खिलाड़ियों को पौष्टिक आहार दिया जाएगा। हर रोज चार सौ रुपये तक की डाइट की सुविधा दी जाएगी। जिससे खिलाड़ियों को शारीरिक कमजोरी न हो और खिलाड़ी उर्जावान बनकर अपना अभ्यास निरंतर करते रहें। वॉलीबॉल के कोच की स्पेशल सुविधा भी दी जाएगी।

**खिलाड़ियों में खुशी का माहौल:** जिले में रेसिडेंसी एकेडमी के आने से वॉलीबॉल के खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों का कहना है कि अब उन्हें अच्छी सुविधा मिल सकेगी तो वो अपनी प्रतिभा को निखार पाएंगे। अभी तक उन्हें न तो कोई कोच की सुविधा मिल रही थी और न ही अन्य सुविधाएं उनके पास थीं। खिलाडी एकेडमी में दाखिला लेकर अपने खेल में निपुण बन सकेंगे। कुछ खिलाड़ी ऐसे भी होते हैं, जिनमें प्रतिभा बहुत जादा होती है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में उसकी प्रतिभा दम तोड़ देती है।

> **पलवल** जिले को वालीबाल की रेजीडेंसी एकेडमी मिलेगी है। इसमें 25 खिलाड़ियों का दाखिला हो सकता है। सभी खिलाड़ियों को मैस की सुविधा मिलेगी और हर रोज चार सौ रुपये की डाइट भी दी जाएगी। एकेडमी में 15 से 23 वर्ष तक के बच्चों का दाखिला हो सकेगा। अगले माह से जिले में रेजीडेंसी एकेडमी को शुरू कर दिया जाएगा।
>
> **-धुरेंद्र सिंह, जिला खेल अधिकारी**

# युद्धिष्ठिर की उपस्थिति में झूमी फिजा

### मुख्यातिथि ने ई-व्हीकल बनाने वाले विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद





**धर्मराज** युद्धिष्ठिर की उपस्थिति में हरियाणवी संगीत की सुरीली धुनों और पंजाबी की धमक पर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की फिजा झूम उठी। कहीं सितारों की लश्क तो कहीं संस्कृति की झलक... मौका था विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सांस्कृतिक समारोह नेपुन्य का। इस समारोह में विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। हरियाणा के प्रसिद्ध कलाकार हरविंद्र राणा के गीतों पर विद्यार्थी नाचते हुए मस्ती से सराबोर नजर आए।

मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे पंडित लख्मीचंद यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट के कुलपति धर्मराज युद्धिष्ठिर गजेंद्र चौहान ने समारोह का आगाज किया। जबकि हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश अग्रवाल और ईस्ट वेस्ट ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अरविंद कौल विशिष्ट के रूप में मौजूद रहे। विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने उनका यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। मुख्यातिथि गजेंद्र चौहान ने इस दौरान श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए ई व्हीकल की ड्राइव लेकर उसका उद्घाटन किया। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश अग्रवाल ने अपनी यूनिवर्सिटी के लिए भी एक ई व्हीकल बनाने के लिए कहा। अरविंद कौल ने नवाचार के लिए विद्यार्थियों को 50 हजार रुपए ईनाम की घोषणा की। गजेंद्र चौहान ने इस मौके पर महाभारत के लोकप्रिय डायलॉग सुनाकर न केवल खूब तालियां बटोरी, बल्कि विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय नवाचार के क्षेत्र में देश में उत्तम कार्य कर रहा है। युवा पीढ़ी का भविष्य बनाने में इस विश्वविद्यालय की प्रमुख भूमिका होगी। उन्होंने ई व्हीकल बनाने वाले विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई और इनको भविष्य के लिए बधाई दी। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय देश में उत्कृष्ट संस्थान के रूप में स्थापित हो रहा है। इस विश्वविद्यालय को नवाचार के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित कर रहे हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि विद्यार्थियों के प्रस्तुतिकरण की शैली और वक्तृत्व कला को विकसित करने के लिए विशेष फोकस होगा। विश्वविद्यालय ने गुणवत्ता को विकसित करने के लिए चार प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्त किए हैं। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। हरियाणा कला परिषद के निदेशक संजय भसीन ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ संस्कृति में नए आयाम जोड़े जाएंगे। लोक कलाओं के प्रोत्साहन को लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्प हैं। उनके विजन पर कला परिषद काम कर रही है। हरियाणा के कलाकारों को बढ़ावा दिया जा रहा है। एसोसिएट डीन डॉ. सविता शर्मा और सांस्कृतिक संयोजक डॉ. प्रीति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस मौके पर सेल्फी विद डॉटर अभियान के संचालक सुनील जागलान, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. आरएस राठौड़, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. ज्योति राणा, प्रो. सुरेश कुमार, प्रो. निर्मल सिंह, प्रो. आशीष श्रीवास्तव और प्रो. रणजीत सिंह भी उपस्थित थे।

# पलवल में पहली पत्नी छोड़ दूसरी से शादी रचाने का आरोप

### पीड़िता के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**शादीशुदा** होते हुए पहली पत्नी को धोखा देकर दूसरी महिला से शादी करने का मामला सामने आया है। आरोपी अपने मालिक और मालकिन के साथ मिलकर पहली पत्नी पर तलाक लेने का दबाव डाल रहा है। जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति, पति के मालिक और मालकिन के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी उदयभान के अनुसार इसलामाबाद पलवल निवासी रूबी ने शिकायत दी है। इसमें उसने बताया कि 2017 में जिला अलवर राजस्थान के माजरी गुज्जर गांव निवासी मंगल सिंह के साथ उसकी कोर्ट मैरिज हुई थी।

शादी के दो साल बाद 2019 में उसने एक बेटे को जन्म दिया, लेकिन बेटे के जन्म के बाद से पति का व्यवहार बदल गया। वह इधर-उधर जाने लगा और उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करने लगा। रूबी के अनुसार, साल 2021 से पति बहकाता आ रहा है कि मुझे आने का समय नहीं मिलता है, काम ज्यादा है। उसने जब कहा कि उसे भी साथ रख लो तो पति ने साफ इंकार कर दिया। पिछले चार महीने से पति ने उसे घर का खर्च देने से भी मना कर दिया है। वह पति के मालिक रामनिवास यादव के पास गई तो राम निवास यादव की पत्नी मिली, जिसने उससे कहा कि वह अपने पति से तलाक ले ले। उसने ऐसा करने की वजह पूछी।

रूबी के अनुसार, मालिक की पत्नी ने बताया कि तेरे पति ने दूसरी रख ली है। अब उसे तेरी और तेरे बच्चे की कोई जरूरत नहीं है। यहां से चली जा नहीं तो वह तुझे जान से मार देंगे, हमारी ऊपर तक पहुंच है, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। तू चाहे कोर्ट जा, मंत्री के पास जा या पुलिस के पास, वह सभी को खरीद लेगी और कुछ नहीं होगा। यह सब सुनकर वह घबरा गई और उसने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की अपील की। रूबी ने बताया कि उसने 29 नवंबर 2022 को पुलिस को शिकायत दी थी, लेकिन उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब कैंप थाना पुलिस ने शिकायत पर पति मंगल सिंह, मालिक रामनिवास यादव व मालिक की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्रवाल कॉलेज में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन



**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के पुस्तकालय विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से पुस्तकालयों का सतत विकास विषय पर तीन-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। संगोष्ठी को राजा राममोहन राय लाइब्रेरी फाउंडेशन कोलकता और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित व अनुमोदित किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम से कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार रहे। बीज वक्ता प्रोफेसर केपी सिंह पुस्तकालय विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, व निदेशक गांधी भवन नई दिल्ली से रहे। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर एमपी सिंह बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ से रहे। प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर केपी सिंह, पुस्तकालय विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने की। आमंत्रित वार्ता डॉ. मयंक त्रिवेदी, पुस्तकालय अध्यक्ष, महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय, बडोदरा, गुजरात ने की। तकनीकी सत्र दो की अध्यक्षता डॉ. मयंक त्रिवेदी, पुस्तकालय अध्यक्ष, महाराजा सयाजी राव विश्वविद्यालय, बड़ोदरा, गुजरात ने की। संगोष्ठी को सफल बनाने में संगोष्ठी संयोजक डॉ. रामचंद्र, सह-संयोजिका डॉ. गीता गुप्ता, आयोजन सचिव डॉ. सारिका कंजालिया, आयोजन सह सचिव डॉ. सचिन गर्ग, विभिन्न सत्र संचालक, डॉ. केएल कौशिक, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ.नरेश कामरा, डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. रेखा सैन, मिस्टर सुभाष, डॉ. जगबीर, डॉ. विनीत, मिस्टर लवकेश इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

### जीवन ज्योति स्कूल के अध्यापकों व छात्रों ने कराया जलपान



**पलवल।** जीवन ज्योति ग्लोबल स्कूल पलवल में गंगा दशहरा के उपलक्षय में पानी की छबील लगाई गई। जिसमें स्कूल के डायरेक्टर बलजीत गहलौत ने अध्यापकों के साथ मिलकर सभी आने जाने वालों को मीठा जलपान कराया। इसमें स्कूल के छात्रों ने भी भाग लिया। सभी छात्रों को जलपान कराया गया। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या रचना तेवतिया ने भी आने जाने वालों को जलपान कराया। बलजीत गहलौत ने बताया कि गंगा दशहरा का हमारी संस्कृति में बहुत महत्व है। गर्मी के मौसम में आने वाले इस पर्व पर सभी को जलपान कराना चाहिए और हमें अपने आसपास पशु पक्षियों के लिए पानी के बर्तन भरकर रखने चाहिएं। उन्होंने बताया कि पानी पिलाना हमारी संस्कृति की परंपरा मानी जाती है। जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रबंध निदेशक एडवोकेट वीरेंद्र गहलौत व चेयरमैन बीरपाल गहलौत ने सभी को गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### गंगा दशहरा पर छबील लगाकर बांटा मीठा शरबत




**फरीदाबाद।** गंगा दशहरा पर मंगलवार को मानव सेवा समिति ने अपने सेक्टर-10 स्थित कार्यालय मानव भवन पर छबील लगाकर आमजनों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया। सुबह नौ बजे शुरू हुआ यह पुण्य कार्य दोपहर तीन बजे तक जारी रहा। विशेष बात यह रही कि डिस्पोजल प्लास्टिक ग्लास की जगह ठोस प्लास्टिक गिलास में पानी पिलाया गया। इस कार्य में मुख्य प्रबंधक संजीव शर्मा, प्रबंध समिति के सदस्य राज राठी, सीमा मंगला, कमला वर्मा, सरिता गुप्ता, परमेश्वरी, रमा सरना शालू शर्मा, नीतू मंगल, दिनेश शर्मा, गोविंद वर्मा, विनय गुप्ता, बांके लाल, मंतिका, अंतिका ने पूर्ण सहयोग किया। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, महासचिव सुरेंद्र जग्गा ने कहा है कि बुधवार निर्जला एकादशी को भी मानव भवन पर छबील लगाई जाएगी। इस मौके पर अरुण बजाज, प्रेम पसरीजा, डॉ. बनवारी लाल गुप्ता, पीडी गर्ग, एसएस बागला, विनोद बंसल मौजूद रहे।

# केसीएम ओम इंटरनेशनल स्कूल में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

पायनियर समाचार समाचार। पलवल

**केसीएम** ओम इंटरनेशनल स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के लिए यह एक यादगार पल होता है।

यह प्रार्थना सभा कक्षा तीसरी से आठवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। कक्षा तीसरी-ए में योजित ने प्रथम स्थान, वंशिका व विराट ने द्वितीय तथा आदित्य ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरी-बी में काव्यांशी ने प्रथम स्थान, मायरा ने द्वितीय स्थान व लविश ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी-अ में भाविका ने प्रथम स्थान, शोर्य ने द्वितीय स्थान व अवनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी-ब में आयुष रावत ने प्रथम स्थान, श्री ने द्वितीय स्थान व यश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं अ में आशी ने प्रथम स्थान, सेजल ने द्वितीय स्थान व



प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अव्वल बच्चे।

मनोज्ञया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवीं-ब में शौर्य ने प्रथम स्थान, लक्ष्य ने द्वितीय स्थान और तनीशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी -अ में ज्ञाना ने प्रथम स्थान, मंजिली ने द्वितीय स्थान और चित्रा, मनस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठी-ब में प्रेरणा ने प्रथम स्थान, सुक्षिता ने द्वितीय स्थान और दक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सातवीं-अ की निवेदिता ने प्रथम स्थान, आराध्या ने द्वितीय स्थान और अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा आठवीं-अ की परिधि ने प्रथम स्थान, गीत ने द्वितीय स्थान व शगुन और लक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नम्रता कुंडू ने सभी छात्र व छात्राओं को मेहनत व लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# ई-चालान में फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा, मुकदमा दर्ज

### ठगों के कंप्यूटर की जांच में मिले स्कैन दस्तावेज

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पुलिस** द्वारा काटे गए ई-चालान की जुर्माना राशि को कम कराने के नाम पर फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ हुआ है। जनवरी में पुलिस ने जिन दो युवकों को साइबर ठगी केस में गिरफ्तार कर जेल भेजा था, अब उन्हीं के कंप्यूटर लैपटॉप की जांच में नए फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है।

ये कंप्यूटर पर फर्जी तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन और आरसी की स्कैन कॉपी बनाकर ई-चालान के जुर्माने की राशि को कम करवाने का काम करते थे। साथ ही पुलिस इस मामले में चालान शाखा में कार्यरत पुलिस कर्मियों की संलिप्तता की जांच की जा रही है।

साइबर क्राइम थाना एसएचओ इंस्पेक्टर जसबीर सिंह ने कैंप थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 20 जनवरी को हरबिंद्र और सुरेश कुमार के साथ करीब 35 हजार रुपए की साइबर ठगी हुई थी। यह ठगी धनी ऐप के माध्यम की गई थी। पुलिस ने 28 जनवरी को सल्लागढ़ निवासी अरुण कुमार और कैलाश नगर निवासी अमित को गिरफ्तार किया था। इनकी निशानदेही पर चार मोबाइल फोन, एक टैब और कंप्यूटर बरामद किया गया।

रिमांड के दौरान अमित से एक कंप्यूटर बरामद हुआ। कंप्यूटर की जांच में इससे ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण, इंश्योरेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन की स्कैन कॉपियां मिलीं, जिन्हें कंप्यूटर द्वारा ऐडिट किया गया था। इस दस्तावेजों को चालान शाखा में भेजा गया था।

एक हवलदार व होम गार्ड के वॉट्सऐप नंबर पर भेजा गया था। आरोपी अमित ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे वाहन के स्कैन दस्तावेजों को चालान शाखा में भेजकर पुलिस द्वारा काटे गए ई-चालान की राशि को कम करवाकर चालान निपटवाते थे।

# जांच में सामने आया सरपंच का फर्जीवाड़ा

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम की जांच के बाद सरपंच का फर्जीवाड़ा सामने आया है। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता फरीदाबाद की टीम द्वारा मादलपुर- कुरेशीपुर गांव की संयुक्त पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच खलील के दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र के संदिग्ध होने की आशंका पर जब जांच की गई तो ज्ञात हुआ कि नामांकन के समय जमा करवाया गया वर्ष 2011 का हरियाणा राज्य ओपन बोर्ड ऑफ स्कूलिंग का प्रमाण पत्र फर्जी है। इस बारे में धौज थाने में मुकदमा नंबर 155 दर्ज करवाया गया है, जिसकी आगामी जांच स्थानीय पुलिस द्वारा की जाएगी।

# खादर के सुल्तानपुर में अवैध माइनिंग पर लगाई जाए पूर्ण रोक

### नाके लगाकर की जाए पुलिस तैनात, अवैध खनन करने वालों पर की जाए कड़ी कार्रवाई

### डीसी नेहा सिंह ने जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**डीसी** नेहा सिंह ने कहा कि जिला में अवैध खनन का कार्य किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खनन करने वाले लोगों के खिलाफ एफआइआर और वाहनों को सीज करने की दिशा में अधिकारी कार्रवाई करें। नेहा सिंह मंगलवार को



अधिकारियों को निर्देश देते हुए डीसी नेहा सिंह।

जिला सचिवालय के सभागार में खनन की जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए खनन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थी।

इस मौके पर डीसी ने मई माह के दौरान अवैध खनन की घटनाओं पर कार्रवाई करने, अवैध खनन की जांच के लिए निगरानी दल के आपसी समन्वय तथा अवैध खनन से संबंधित संवेदनशील गांवों के संबंध में प्राथमिकी की कार्रवाई पर चर्चा और वन विभाग की ओर से अवैध खनन के पीएलपीए रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की।

उन्होंने जिला खनन अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि वे पुलिस और आरटीए के अधिकारियों के साथ टीम बनाकर खादर के गांव सुल्तानपुर में तुरंत विजिट करें और वहां नाके लगाकर पुलिस तैनात कर अवैध खनन को रोकने की दिशा में एक्शन लें। डीसी ने कहा कि यह टीम अवैध खनन को रोकने की दिशा में किए गए कार्यों की फोटो, वीडियो, संपूर्ण रिकॉर्ड सहित प्रस्तुत करें। प्रत्येक माह खनन से संबंधित टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने खनन अधिकारी को अवैध खनन करने वाले लोगों के खिलाफ की गई एफआईआर का ब्यौरा भी प्रस्तुत करने के कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा आरटीए विभाग द्वारा अवैध खनन करने वाले वाहनों के लाइसेंस रद्द करने के उपरांत उसका डाटा भी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

डीसी ने दो माह में नियमित तौर पर कार्रवाई न करने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि खनन विभाग के अधिकारी पुलिस के साथ सुल्तानपुर गांव में जाकर अवैध खनन के खिलाफ एक्शन लें। जिला खनन अधिकारी कमलेश ने डीसी को अवगत करवाया कि जिला के प्रोन एरिया में खनन विभाग ने गत दो माह के दौरान अवैध खनन करने वाले नौ वाहनों को सीज किया गया है।

इस मौके पर जिला उपवन संरक्षक दीपक प्रभाकर पाटिल, डीएसपी शाकिर हुसैन, जिला खनन अधिकारी कमलेश, आरटीए विभाग से मिथलेश सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# आपसी झगड़े में युवकों को पीटकर घायल किया

**फरीदाबाद।** सेक्टर-3 में आपसी झगड़े को लेकर कुछ युवकों में मारपीट हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को बीयर की बोतल और डंडों से बुरी तरह घायल कर दिया। जिसमें एक अतुल नाम के युवक को भी गंभीर चोट लगी। जिसके बाद दोनों को सेक्टर-8 गोयल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया।

घायलों ने बताया कुछ दिन पहले किसी बात को लेकर किसी युवक के साथ तू तू मैं मैं हो गई थी। उसी बात की रंजिश निकालते हुए देर रात को 7-8 लोग गाड़ी में आए और पहले झगड़ा किया फिर डंडे और चाकू से हमला कर सिर पर बीयर की बोतल मारकर घायल कर दिया। घायल अवस्था में ही दोनों युवक पुलिस थाने शिकायत के लिए पहुंचे, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल करवाया गया है।

**HERERA/PKL/FBD/148/2018 Dt.14.07.2022**

AMOLIK ||Sankalp||

Applications are invited from general public for booking of Residential Apartments in the Affordable Housing Project proposed to be developed as per the terms and conditions of the policy prescribed by Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no. PF-148/2018 dated 14.07.2022, amended upto date (details available at the Department website, i.e. tcpharyana.gov.in).

1. **PROJECT DETAILS :**
   Project Approvals / Colonizer/Developer: M/s. Amolik Sankalp
   LIC No./ Year: 21 of 2019 dated 14.02.2019. Building Plan Approved on 13.04.2022, Memo No. ZP 1343/AD(NK)2022/10069
2. **LOCATION :** Sector 85, Village Kheri Kalan Faridabad
3. **PROVISIONS : Project Area: 5.43125 Acres**, comprising of a **Total 796 No. of Flats** out of which 5% flats are reserved for management quota and balance 95% flats are available for sale to the General Public
   **Common Facilities :** One **Community 2000 sq. ft. & One Anganwadi-Cum-Creche** 2000 sq.ft.(Approx)
4. **APARTMENTS DETAILS (Offer for Public) :**
   (I) Category Type - 3 : 13 No. of Apartments of 545.84 sq ft. (Approx) carpet area and balcony (ICS) with an aggregated are of 158.42 sqft (Approx) with a two wheeler parking
   **Payments Terms**
   (I) With application : Booking amount+ie. 5% of cost of flat
   (II) On Allotment : Additional 20% of cost flat
   (III) Balance 75% amount of the apartment cost will be recover after 3 month.
   **ELIGIBILITY** (i)The applicant should not be debarred from entering legally binding contract under any prevailing law. (ii)Any person can apply but person which includes his/her spouse or his/her dependent children, who do not own any Flat/Plot in any HUDA developed colony/sector or any licensed colony in any of the Urban Areas in the State of Haryana, UT of Chandigarh and NCT Delhi shall be given first preference in allotment of Flat (iii)An applicant can make only one application. The successful applicant under this policy shall not be eligible for allotment of any other flat under this policy, in any other colony. In case, he/she is successful in more than one colony, he/she will have choice of retain only one flat.
   **Allotment Criteria :** (i)The allotment of flats shall be done through draw of lots in the presence of committee consisting of Deputy Commissioner or his representative (at least of the Cadre of Haryana Civil Services), Senior Town Planner, (circle office), DTP of the concerned district and the representative of coloniser concerned. (ii)After fixation of the date of draw of lots, an advertisement shall be issued by the Developer, informing the applicants about the details regarding date/time and venue of the draw of lots in the same newspapers in which the original advertisement was issued. (iii)For detailed criteria and time frame to be adopted for scrutiny and allotment, the applicants may also refer to the details in the Affordable Housing Policy, 2013 notified vide No. PF27/48921 dated 19.08.2013, amended upto date (available at the Department website i.e. tcpharyana.gov.in)
5. **BROAD SPECIFICATIONS OF THE FLAT : Flooring -** Living/Dining :Vitrified Tiles/IPS, Bedroom : Vitrified Tiles/IPS, Balcony : Ceramic Tiles/Class II, Toilets : Ceramic Tiles/IPS, Kitchen : Vitrified Tiles/ IPS, **Wall Finish -** Living/Dining : Colour wash /Dry distemper/ Oil Bound distemper (OBD), Bedroom : Colour wash/Dry distemper/ Oil Bound distemper (OBD), Toilets : Colour wash /Dry distemper/ Oil Bound distemper (OBD), External : Colour wash /Dry distemper/ Oil Bound distemper (OBD) **Kitchen -** Platform : Marble stone/Granite, Wall Finish : Tiles upto 2 Feet from the Counter, Others : Stainless Steel Sink (Singe Bowl) **Doors & Windows -** Door/Window Outer : MS Z-Section/Fiber/uPVC/ Powder Coated Aluminum, Door Frame : M.S./ Fiber Door Frames, Doors : Moulded Skin Doors / Fiber Door/Flush Doors with enamel paint **Toilets -** Walls : Ceramic Tiles Standard Fittings, CP Fittings : Standard Fittings, Chinaware : Standard Fittings **Electrical -** Fittings : ISI Marked Wires, Switches and MCBS, **Miscellaneous -** Earthquake Resistant Structure
6. **APPLICATIONS TIMELINES**
   (I) Application form will be filled online by registering on the website https://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home starting from 31.05.2023
   (ii) Last Date of submission of the Application : 20.06.2023

**AMOLIK SANKALP : Regd Office : 14/3, Second Floor, Mathura Road, Faridabad.**
**Ph: 9205310018 | Website : www.amolik.com**

# खांडसा रोड पर जाम, बड़ा बाजार में पार्किंग समस्या का निकाला जाए समाधान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने गुरुग्राम के दो स्थानों खांडसा रोड व बड़ा बाजार की यातायात संबंधी समस्याओं को लेकर डीसीपी यातायात से मुलाकात की। उन्होंने दोनों जगहों की समस्याओं को लिखित व मौखिक रूप से बताकर इनके निराकरण का अनुरोध किया।

नवीन गोयल ने डीसीपी यातायात के समक्ष कहा कि गुरुग्राम के खांडसा रोड पर प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। यहां मंडी होने के चलते और अधिक परेशानी होती है। खांडसा रोड पर चार मुख्य एसडी स्कूल, राजनगर चौक, एचडीएफसी चौक व नगर चौक आते हैं। जहां से सबसे अधिक जाम लगता है।

इस मार्ग से सबसे ज्यादा स्कूल बस की आवाजाही होती है। इन स्थानों से जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने को यहां पर यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। इस अवसर पर उनके साथ होलसेल व्यापार मंडल के महासचिव विजय गर्ग, अजय




खांडसा मंडी व बड़ा बाजार में यातायात समस्या व पार्किंग को लेकर पत्र सौंपते नवीन गोयल।

अग्रवाल, अजय गोयल हरे रामा हरे कृष्णा, नरेश गोयल नेता, रोहित राघव, महेश सारवान, नानक चंद, यशपाल वासन, सुरेंद्र वासन, मनोज गोयल, दीपक सिंहल, अनिल गोयल, इंद्र कुमार हंस नंबरदार, बलराज हंस, गुलशन वासन, अंकित अग्रवाल, राहुल मक्कड़, अशोक कालड़ा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

**बड़ा बाजार क्षेत्र में वाहनों के लिए हो पार्किंग की व्यवस्था :** नवीन गोयल ने शहर के सबसे पुराने बड़ा बाजार क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े वाहनों को पुलिस की क्रेन से उठा लेने के मामले में भी डीसीपी यातायात को पत्र सौंपा। नवीन गोयल ने कहा है कि गुरुग्राम का सबसे पुराना बड़ा बाजार है, जहां पर सबसे अधिक व्यापारी हैं। यहां पर खरीदारी करने के लिए लोग अपनी गाड़ी या बाइक से आते हैं। यहां पर पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग सड़क किनारे अपने वाहनों को खड़ा करने के लिए विवश हैं। इन वाहनों को यातायात पुलिस द्वारा कुछ ही देर में क्रेन से उठा लिया जाता है। जब खरीदार वाहन छुड़ाने जाता है तो उसे जुर्माना देना पड़ता है। डीसीपी यातायात से नवीन गोयल ने कहा कि बाजार की सड़क पर या तो पार्किंग निषेध के बोर्ड लगाए जाएं। पार्किंग के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराया जाए या फिर यातायात पुलिस कर्मियों के द्वारा वाहनों को उठाए जाने से कुछ राहत प्रदान की जाए।

# बीएंडआर विभाग ने नप को दिया जोर का झटका धीरे



सोहना का बालूदा सड़क सौंदर्यीकरण मार्ग में शामिल।

एन रोहिल्ला। सोहना

नगर परिषद को बीएंडआर विभाग ने जोर का झटका धीरे से मारा। नगर परिषद द्वारा शहर के बालूदा, दमदमा व जखोपुर मार्ग का सौंदर्यीकरण कराने के लिए मांगी गई एनओसी को देने से मना कर दिया। बीएंडआर विभाग ने परिषद को सौंदर्यीकरण कराने के लिए राशि जमा कराने तथा विभाग स्वयं सौंदर्यीकरण कराने की बात कही है।

> नगर परिषद को विभाग ने एनओसी दी है। लेकिन सौंदर्यीकरण का कार्य स्वयं उनका विभाग कराएगा। इसके लिए, नगर परिषद अपना नक्शा व खर्च होने वाली राशि बीएंडआर विभाग को जमा करानी होगी।
> ( अजीत सिंह-एसडीओ बीएंडआर विभाग )

नगर परिषद ने शहर के अंदर और शहर से बाहर जाने वाले मार्गों का सौंदर्यीकरण कराने की योजना बनाई है। जिसमें शहर से बाहर जाने वाले दमदमा मार्ग, बालूदा मार्ग और जखोपुर मार्ग भी शामिल है। ये सभी मार्ग बीएंडआर विभाग के अधीन है। जिसके लिए नगर परिषद ने बीएंडआर विभाग को पत्र लिखते हुए एनओसी मांगी थी। लेकिन उक्त एनओसी देने से बीएंडआर विभाग ने साफ मना कर दिया है। बीएंडआर विभाग के मना करने से शहर की सड़कों का सौंदर्यीकरण कराने की नगर परिषद के अरमानों पर पानी फेर दिया है।

**कौन-कौन से मार्गों का होना है सौंदर्यीकरण :** नगर परिषद ने करीब 4 माह पहले शहर को सुन्दर बनाने के उद्देश्य से करीब 8 ऐसे मार्गों को चिन्हित किया था। जिन पर वाहन 24 घंटा गुजरते हैं। इन 8 मार्ग से ही सबसे ज्यादा बाहरी नागरिकों का आना व जाना रहता है। जिसमें अंबेडकर बाइपास चौक से लेकर अग्रसैन मार्ग, अग्रसैन मार्ग से पुराना लेबर चौक, शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से होता हुआ चुंगी नंबर एक तक जाने वाला मार्ग। देवीलाल मार्ग से लेकर शिव कुंड होता हुआ शहीद भगत सिंह तक आने वाला मार्ग, दमदमा मार्ग, पलवल मार्ग, बालूदा मार्ग, जखोपुर मार्ग, नूंह व तावडू जाने वाला मार्ग शामिल है। पलवल जाने वाले मार्ग पलवल बीएंडआर विभाग के अधीन आता है। जिससे एनओसी लेना बाकी थी।

**6 से 8 करोड़ की योजना पर लगा प्रश्नचिन्ह :** बीएंडआर विभाग द्वारा नगर परिषद को कार्य कराने का अनापत्ति प्रमाण पत्र न देने से 6 से 8 करोड़ रुपये के विकास कार्य की योजना पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। नगर परिषद एक मार्ग के सौंदर्यीकरण पर दो से तीन करोड़ रुपये खर्च कराने की योजना तैयार कर ली थी।

# महिला से एक करोड़ 80 लाख रुपए ठगने वाले दो नाइजीरियन गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर दोस्ती करके दिया था ठगी को अंजाम

## भारत में रहकर महिलाओं को गिफ्ट भेजने के नाम पर ठगी करते हैं नाइजीरियन नागरिक

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

जो सोशल मीडिया अपनी बात, अपने विचारों को रखने का माध्यम बना था, आज वह ठगी का माध्यम भी बन गया है। इसी सोशल मीडिया के माध्यम से नाइजीरियाई नागरिकों के झांसे में आकर स्थानीय महिलाएं लगातार ठगी का शिकार हो रही हैं। पुलिस लगातार ऐसे लोगों को गिरफ्तार भी कर रही है। पुलिस ने दो नाइजीरियन नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने दिसंबर 2022 में एक महिला से 1,80,00000 (एक करोड़ 80 लाख रुपए) ठगे थे।

पीड़ित महिला की ओर से दर्ज कराए गए ठगी के मामले में सहायक पुलिस आयुक्त साइबर अपराध गुरुग्राम विपिन अहलावत की देखरेख में इस मामले की जांच शुरू की। इस ठगी को अंजाम देने में शामिल 2 नाइजीरियन आरोपियों को दिल्ली के निहाल विहार फेस-2 से गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान ईबुका फिलेक्सी व चुकवाका ईवरे के रूप में हुई। आरोपियों से पूछताछ में पता चला



पुलिस की गिरफ्त में महिलाओं से ठगी के आरोपी।

कि वे महिलाओं से सोशल मीडिया पर बातचीत करके उनको विश्वास में लेकर पार्सल या गिफ्ट भेजने के नाम पर उनसे ठगी करते हैं। कस्टम अधिकारी बनकर या कोरियर के नाम पर उनसे नगदी बैंक खाते में जमा करवाते थे।

### दिल्ली व जींद में भी एक आरोपी पर धोखाधड़ी का केस है दर्ज

एसीपी अपराध शाखा-1 वरुण दहिया के मुताबिक जांच के दौरान पुलिस टीम को यह भी पता चला कि आरोपी चुकवाका ईवरे पर जींद में धोखाधड़ी का व थाना तिलक नगर दिल्ली में विदेशी अधिनियम के केस दर्ज हैं। आरोपियों के कब्जा से 6 चेक बुक, 16 पासबुक, 25 एटीएम कार्ड, 7 सिम कार्ड, 1 लैपटॉप, 1 स्कूटी, 7 मोबाइल फोन व नगदी बरामद की गई है। आरोपियों से ठगी के और भी मामलों में पूछताछ की जा रही है।

### आरोपी ने खुद को बताया था ब्रिटिश एयरवेज में पायलट

ठगी की शिकार हुई एक महिला ने पुलिस थाना साइबर अपराध मानेसर में दिसंबर 2022 में शिकायत देकर कहा था कि सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम के माध्यम से वह एक व्यक्ति के संपर्क में आई। उस व्यक्ति ने अपना परिचय ब्रिटिश एयरवेज में पायलट के रूप में दिया। एक दिन उस व्यक्ति ने कहा कि उसने उसके लिए दुबई से आईफोन, ज्वेलरी तथा नगदी गिफ्ट भेजा हैं। महिला ने बताया कि 6 दिसंबर 2022 को उसके पास एक अन्य व्यक्ति का फोन आया, जिसने अपने आपको कस्टम अधिकारी बताया। वह बोला कि उसके नाम से पार्सल आया हुआ है। जिसे लेने के लिए उन्हें 35000 रुपये टैक्स देना होगा। उसके कहने अनुसार महिला ने रुपए ट्रांसफर करा दिए। इसके बाद पेनल्टी और चार्ज के नाम पर 2.95 लाख रुपये और ट्रांसफर करवा लिए। यूनाइटेड नेशन एंटी टेररिस्ट से क्लीयरेंस के नाम पर महिला से लिए रुपए वापस करने के नाम पर कुल धोखाधड़ी से 1,80,00000 (एक करोड़ 80 लाख रुपए) ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस को छह महीने में इस वारदात को सुलझाने में कामयाबी मिली है।

# एकाग्रता बढ़ाने में सहायक है कैरम खेल: बोधराज सीकरी



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

तीन दिन से चल रही हरियाणा राज्य कैरम प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। यह प्रतियोगिता हरियाणा कैरम संघ द्वारा गुरुग्राम जिला कैरम संघ के साथ मिलकर आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 14 जिलों के लगभग 250 प्रतिभागियों ने 10 विभिन्न वर्गों में भाग लिया और अपने कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

सोहना के उप-प्रभागीय मजिस्ट्रेट प्रदीप सिंह समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे। हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व जिला कैरम संघ गुरुग्राम के अध्यक्ष बोधराज सीकरी विशिष्ट अतिथि रहे। हरियाणा कैरम संघ के अध्यक्ष एवं भारत सरकार में कृषि विभाग में संयुक्त सचिव पंकज यादव ने समारोह की अध्यक्षता की। बोध राज सीकरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस खेल में आयु का कोई बंधन नहीं है। यह एकाग्रता बढ़ाता है। क्रिकेट, शूटिंग और तीरंदाजी के बड़े खिलाड़ी अपनी एकाग्रता बढ़ाने के लिए कैरम खेलते हैं। कैरम विद्यार्थियों को उनकी शिक्षा व परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने में मदद करता है। इस खेल को युवा वर्ग पेशेवर खेल के रूप में अपना सकता है। इस खेल से खिलाड़ियों को भारत सरकार व सरकारी उपक्रमों में नौकरियां मिल रही हैं तथा बड़े-बड़े कैश अवार्ड भी मिल रहे हैं प्रदीप सिंह आईएएस ने जीवन में खेलों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि कैरम के खेल से हम रणनीति व योजना बनाने के कला सीख सकते हैं। कैरम के खिलाड़ी कई वर्षों से विश्व विजयी हैं और भारत का नाम रोशन कर रहे हैं।

# माहेश्वरी समाज ने मनायी दो दिवसीय महेश नवमी



माहेश्वरी समाज की ओर से महेश नवमी में शामिल अतिथि व समाज के लोग।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

## दूसरे दिन 51 जोड़ों के द्वारा शिव महा रुद्राभिषेक किया

महेश नवमी के उपलक्ष में माहेश्वरी युवा संगठन गुरुग्राम द्वारा खेल एवं शिव महारुद्राभिषेक का दो दिवसीय आयोजन किया गया। खेल महोत्सव में कैरम, शतरंज, बैडमिंटन और टेबल टेनिस हुए।

कैरम में शरद माहेश्वरी, शतरंज में सुमंत माहेश्वरी, बैडमिंटन में प्रशांत माहेश्वरी एवं टेबल टेनिस में निकुंज माहेश्वरी विजेता रहे। दूसरे दिन 51 जोड़ों के द्वारा शिव महा रुद्राभिषेक किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवीन गोयल रहे। उन्होंने जीवन में खेल को महत्वपूर्ण बताया। खेल परिसर में पधारे सभी लोगों से खेल को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की बात कही। उन्होंने भगवान महेश के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस कार्यक्रम में मनोज बिहानी, महेश जखेतिया, शरद माहेश्वरी, सुनील लड्ढा, पवन करनानी, महेंद्र बिहानी, मनीष मोहता, पवन मोहता, दिनेश बाहेती, संजय सारदा, महेश करवा, विजय बिहानी, आशीष मोहता, उर्मिला बिहानी, मंजू बिरला, सुरभि बिहानी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्कूलों में 1700 विद्यार्थियों को मिलेगा प्राथमिक चिकित्सा व होम नर्सिंग का प्रशिक्षण

## स्टेट ट्रेनिंग ऑफिसर ने गुरुग्राम बैठक में दी यह जानकारी

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

स्टेट ट्रेनिंग ऑफिसर संजीव धीमान द्वारा जिला शाखा गुरुग्राम में सेंट जॉन एंबुलेंस इंडिया के अंतर्गत दिए जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण एवं होम नर्सिंग प्रशिक्षण के कार्यों की समीक्षा की। यह बैठक जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिला प्रशिक्षण अधिकारी इशांक कौशिक द्वारा जिले में दी जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण एवं होम नर्सिंग प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई।

बैठक में उपस्थित प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के प्रवक्ताओं को स्टेट ट्रेनिंग ऑफिसर द्वारा प्रशिक्षण के बारे में पूर्ण जानकारी दी। साथ ही जिले में अधिक से अधिक प्रशिक्षण देने के बारे में कहा। संजीव धीमान ने निर्देश दिए कि सभी लेक्चरर का एक रोस्टर बने। उसी के अनुसार प्रशिक्षण दें। सभी को पहचान पत्र, टॉपी, जैकेट दी जाए। जिला के 17 स्कूलों में फर्स्ट एड व होम नर्सिंग का प्रशिक्षण दिया जाए। प्रत्येक स्कूल में 100 बच्चों को



गुरुग्राम में प्राथमिक चिकित्सा व होम नर्सिंग को लेकर बैठक में मौजूद अधिकारी।

प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसी के साथ 45 सरकारी स्कूलों में तीन घंटे की फर्स्ट के प्रति जागरुक किया जाएगा, जिसमें बच्चे, स्टाफ, प्रिंसिपल की भागीदारी रहेगी। सभी लेक्चरर की मासिक बैठक हो। एक जुलाई से नौ सितंबर को फर्स्ट एड इन डिजिटल वर्ल्ड नाम से मनाया जाएगा। इसमें कम से कम 100 लोगों को ट्रेनिंग दी जाएगी। कार्यालय में लेक्चरर का रूप भी बनाया जाए। स्टेट लेवल का रिफ्रेश कोर्स व ब्रिगेड कैंप लगाने के लिए उन्होंने एनआर मंगलम यूनिवर्सिटी का दौरा किया। संजीव धीमान द्वारा पूर्व में दिए गए प्रशिक्षण कार्य की सराहना करते हुए आगामी प्रशिक्षण की गतिविधियों के बारे में प्रवक्ताओं को दिशा निर्देश जारी किए गए। जिला प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कार्यों प्रशिक्षण कार्यों को भली-भांति प्रकार से चलाने वाले आश्वासन दिया।

# सीमापार व्यापार बढ़ाने के लिए 73 प्रतिशत भारतीय विक्रेताओं की नजर अमेरिका और यूके पर: पेयोनीयर एवं सैलरऐप रिपोर्ट 2022

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विश्व में छोटे और मध्यम व्यवसायों को पैसों का लेन-देन करने, व्यापार करने और ग्लोबल वृद्धि करने में समर्थ बनाने वाली फाईनेंशल टेक्नॉलॉजी कंपनी, पेयोनीयर ने सैलरऐप के साथ साझेदारी में 'एमेज़ॉन सैलर रिपोर्ट 2022' का अनावरण किया है। साल 2022 विश्व में ई-कॉमर्स को अपनाने के मामले में बेहतरीन रहा, इस अवधि में काफी उतार चढ़ाव हुए। ऑनलाईन विक्रेताओं की प्रतिरोधक क्षमता ने उनकी सफलता में बड़ा योगदान दिया, वो आर्थिक मंदी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों को पार करने में समर्थ बने। यह रिपोर्ट 2022 में ई-कॉमर्स का एक विस्तृत अवलोकन प्रदान करती है, जिसमें ऑनलाईन बिक्री, खरीददारों की भावनाओं, विक्रेता की वृद्धि और लोकप्रिय श्रेणियों को शामिल किया गया है।

ईकॉमर्स सेक्टर डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रहा है, जिसे सीमापार की एसएमबी से बल मिल रहा है। ये एसएमबी परिवर्तन को बहुत ही फुर्ती से अपना रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ग्लोबल बाजारों में लगभग 63 प्रतिशत छोटे और मध्यम व्यवसाय (एसएमबी) मौजूद हैं, जो कुल रिटेल बिक्री में लगभग 60 प्रतिशत का योगदान देते हैं। इसके अलावा 86 प्रतिशत विक्रेताओं ने कोविड शुरू होने के बाद अपनी आय में वृद्धि दर्ज की, जिससे विपत्ति के समय इस उद्योग की रेज़िलियंस और एडेप्टेबिलिटी प्रदर्शितहोती हैं। इसके अलावा भारतीय सीमापार व्यवसाय नए क्षेत्र तलाश रहा है, 73 प्रतिशत व्यवसाय अमेरिका और यूके में वृद्धि के अवसर तलाश रहे हैं। इस रिपोर्ट में फैलते ईकॉमर्स उद्योग के बारे में गहन जानकारी और रोचक बातें दी गई हैं।

**इसके मुख्य परिणाम निम्नलिखित हैं:** (1) खरीद की उच्च आवृत्ति - 58 प्रतिशत ऑनलाईन खरीददार कुछ हफ्तों में कम से कम एक बार ऑनलाईन खरीद करते हैं। 65 प्रतिशत ऑनलाईन शॉपर ईकॉमर्स प्लेटफॉर्म का उपयोग अपने कंप्यूटर या लैपटॉप द्वारा करना पसंद करते हैं। हालाँकि एक तिहाई ग्राहकों ने मोबाईल शॉपिंग शुरू कर दी है, जिससे प्रोडक्ट के पेजेस को मोबाईल डिवाईस के लिए ऑप्टिमाईज़ करने की जरूरत प्रदर्शित होती है। (2) ईकॉमर्स पर बिज़नेस तीव्र वृद्धि और लाभ अर्जित कर रहे हैं - 63 प्रतिशत ईकॉमर्स विक्रेताओं ने अपने काम के पहले वर्ष में लाभ अर्जित किया। अमेरिका में थर्ड पार्टी विक्रेता ग्लोबल बाजारों में प्रति मिनट लगभग 7000 उत्पाद बेचते हैं, जिनमें से आधे से ज्यादा वालमार्ट और शॉपिफाई पर भी बिक्री करते हैं। 76 प्रतिशत ईकॉमर्स विक्रेता लाभ अर्जित करते हैं, जबकि 63 प्रतिशत ने ईकॉमर्स विक्रेता बनने के पहले साल में ही लाभ अर्जित कर लिया। (3) दुनिया में ऑनलाईन रिटेल के लिए उत्पाद की लोकप्रिय श्रेणियाँ - इलेक्ट्रॉनिक्स, क्लोदिंग, फुटवियर, ज्वेलरी, और ब्यूटी एवं पर्सनल केयर उत्पाद हैं। होम एवं किचन की श्रेणि 2022 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाला ईकॉमर्स श्रेणी हैं।

# नगर परिषद का बरसाती व गंदे नालों की सफाई पर ध्यान नहीं

## ग्रामीण क्षेत्र में बने गंदे व बरसाती नालों की सफाई तो दूर मरम्मत तक नहीं हुई

## नालों में जमा पानी जमा होने से मक्खी-मच्छरों का बढ़ता जा रहा आतंक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

सोहना। नगर परिषद शहरी क्षेत्र के बरसाती व गंदे पानी के नालों की सफाई कराने तक ही सिमटकर रह गई है। जबकि ग्रामीण क्षेत्र में बने गंदे व बरसाती नालों की सफाई तो दूर मरम्मत तक नहीं हुई। नाले कूड़े कचरे से भरे पड़े हैं। गंदा व बरसाती पानी आम रास्ता व सड़कों पर खड़ा हो रहा है।

बरसात का मौसम जल्द ही आने वाला है। नगर परिषद सीमा क्षेत्र में बने बरसाती व गंदे पानी के नाले कूड़े-कचरे से भरा होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र में सूखे पड़े हैं तो शहरी क्षेत्र में पानी से लबालब भरे हुए हैं।



कूड़े-कचरे से लबालब सोहना नागरिक अस्पताल के साथ बना बरसाती नाला।

परिषद के गांवों में बने नाले जगह-जगह से टूटे जाने से ग्रामीण नालों में अपने घरों का कूड़ा कचरा डाल रहे हैं। जिसके चलते नालों में जमा पानी एक ही स्थान पर जमा होने से मक्खी-मच्छरों का आतंक बढ़ता जा रहा है।

**फिर भरेगा दुकानों में पानी :** नगर परिषद के शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक पर बनी बरसाती पुलिया समाधान न होने के कारण बरसात के दिनों में यहां होने वाले भारी जलभराव से दुकानदारों को हर वर्ष लाखों रुपये का नुकसान होता है। इस बार भी बरसाती पुलिया का नगर परिषद प्रशासन द्वारा स्थाई समाधान नहीं किया गया। दुकानदारों को फिर से जलभराव के संकट का सामना करना पड़ेगा। हर वर्ष बरसात के मौसम में शहर के पुरानी सब्जी मंडी मार्ग से लेकर फव्वारा चौक से नागरिक अस्पताल मार्ग, देवी माता मंदिर मार्ग, बस स्टैंड मार्ग, अग्रसैन चौक, जखोपुर मार्ग आदि मार्ग पर बनी दुकानों में जलभराव होने से भारी आर्थिक नुकसान होता है।

**परिषद प्रशासन पर लापरवाही का आरोप :** बरसात के मौसम में शहर के अंदर व ग्रामीण क्षेत्र में होने वाले जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान न करने से गुस्साए नागरिक परिषद प्रशासन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं। बालूदा निवासी महेश का कहना है कि नालों की साल में एक या दो बार ही सफाई होती है। यहां के नालों में जमा पानी की निकासी न होने से बरसात के मौसम में आम रास्तों में पानी जमा हो जाता है।

सांप की नंगली निवासी देवीसिंह का कहना है कि बरसाती नाला कई स्थानों पर टूटा हुआ है, लेकिन परिषद प्रशासनिक अधिकारी यहां देखरेख के लिए आते ही नहीं।

### कहां-कहां बने हैं नाले

नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में शहीद भगतसिंह फव्वारा चौक से लेकर मंगलनगर, नागरिक अस्पताल के पीछे वाला रास्ता, बालूदा मार्ग, दमदमा मार्ग, पलवल मार्ग, बालूदा, सांप की नंगली, जखोपुर, रायपुर, दुर्गा कॉलोनी, वार्ड-14 समेत अन्य वार्डों में बने नाले कूड़े-कचरे से भरे हुए हैं।

> गंदे व बरसाती नालों की सफाई बरसात से पहले कराने के लिए टेंडर छोड़ा जा चुका है। इस टेंडर को मंजूरी के लिए डीएमसी के पास भेजा गया है। डीएमसी की मंजूरी मिलने पर ही नालों की सफाई व मरम्मत के कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।
> ओमप्रकाश
> ( जेई नप सोहना )

# लक्ष्मण विहार फेज-2 में अधिक क्षमता वाला ट्रांसफर लगाने की मांग

गुरुग्राम। भाजपा नेता व पूर्व पार्षद मंगतराम बागड़ी ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के न्यू कालोनी में उपमंडल अधिकारी न्यू कॉलोनी से मुलाकात की। उन्होंने लक्ष्मण विहार फेस-2 की गली नंबर 7 में अधिक क्षमता वाले ट्रांसफार्मर इंस्टॉल करवाने की मांग की।

मंगतराम बागड़ी ने बिजली आपूर्ति लगातार बाधित होने से लोगों को होने वाली परेशानी से अवगत कराया। लोगों के मांग पत्र को सौंपते हुए इस पर त्वरित समाधान की मांग की। पूर्व पार्षद ने एसडीओ को दिए पत्र के साथ वार्ड नंबर 10 प्रस्तावित नया वार्ड नंबर 14 की प्रमुख आवासीय कॉलोनी लक्ष्मी विहार फेस-2 की गली नंबर 7 के निवासियों की ओर से उन्हें सौंपे गए मांग पत्र का हवाला दिया। उनसे आग्रह किया कि जनहित में आवश्यक कदम उठाएं। गली के निवासियों का कहना है कि बिजली की मांग अधिक है, जबकि वहां लगाए गए ट्रांसफार्मर कम क्षमता वाले हैं।

# दो लाख RuPay क्रेडिट कार्ड को UPI से जोड़ने वाला पहला पेमेंट ऐप बना फोनपे

## देश में 1.2 करोड़ मर्चेंट आउटलेट में RuPay कार्ड को इस्तेमाल करने की सुविधा उपलब्ध कराई है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फोनपे ने दो बड़ी उपलब्धियां हासिल किए जाने का एलान किया है। फोनपे, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस से दो लाख RuPay क्रेडिट कार्ड को कामयाबी के साथ लिंक करने वाला पहला डिजिटल पेमेंट ऐप बन गया है। इसके अलावा, फोनपे ने UPI पर RuPay क्रेडिट के ज़रिए, 150 करोड़ रुपये की टोटल पेमेंट वैल्यू (TPV) को भी प्रक्रिया की है।

फोनपे का मकसद, UPI पर RuPay क्रेडिट के लिए बड़े पैमाने पर सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि ग्राहक और व्यापारी, दोनों ज़्यादा से ज़्यादा इसका इस्तेमाल कर सकें। फोनपे पहले से ही देश में 1.2 करोड़ मर्चेंट आउटलेट्स पर UPI पर RuPay क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल की सुविधा मुहैया करा रहा है। इसकी वजह से क्रेडिट कार्ड इकोसिस्टम में, व्यापारियों के बीच फोनपे की गहरी पैठ बन गई है। UPI के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की वजह से, यह पक्का हो गया है कि ग्राहकों के पास लेन-देन के लिए, अपने RuPay क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कहीं भी और कभी भी करने की सुविधा है। फोनपे, फोनपे ऐप पर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है, ताकि ग्राहक लेन-देन के लिए इसे आसानी से इस्तेमाल कर सकें।

फोनपे उपभोक्ताओं को ऐसी सूचनाएं भी लगातार भेजता है जिससे सुविधाओं की जानकारी आसानी से समझ में आ जाए। इससे, फोनपे के इस्तेमाल को बढ़ावा मिल रहा है और ग्राहक, UPI की मदद से RuPay क्रेडिट कार्ड का ज़्यादा से ज़्यादा इस्तेमाल कर पा रहे हैं। वे इसे अपने पसंदीदा पेमेंट के विकल्प के तौर पर भी इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके अलावा, फोनपे इससे जुड़ी अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगा, ताकि देश में RuPay क्रेडिट की पैठ को बढ़ाया जा सकेगा। फोनपे इस मकसद के लिए, NPCI के साथ मिलकर काम करता रहेगा।

फोनपे की वाइस प्रेज़िडेंट (कंज़्यूमर प्लैटफ़ॉर्म एंड पेमेंट्स) सोनिका चंद्रा ने इस मौके पर कहा, "हमें खुशी है कि फोनपे ने नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के साथ साझेदारी की है। इसके साथ ही, फोनपे दो लाख RuPay क्रेडिट कार्ड को UPI से जोड़ने वाला पहला पेमेंट ऐप बन गया है। हमारा मानना है कि UPI पर RuPay कार्ड ईकोसिस्टम की पहुंच और इसके इस्तेमाल में बड़े पैमाने पर बदलाव आएगा।

हम इस बात के लिए भी प्रतिबद्ध हैं कि अपने ग्राहकों और व्यापारियों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएंगे। साथ ही, उन्होंने कहा कि किसी भी अन्य क्रेडिट इंस्ट्रूमेंट पर, UPI पर RuPay के लिए MDR लागू है और हमारे मर्चेंट पार्टनर इसे उत्साह के साथ अपना रहे हैं और ग्राहकों के बीच RuPay के इस्तेमाल को बढ़ावा भी दे रहे हैं।

# फिरोजपुर झिरका शहर की इमरती देश भर में मशहूर

रिजवान कासिम। मेवात

**इमरती** मिठाई का नाम जबान पर आते ही मुंह में पानी आ जाता है। रस से भरपूर इमरती वैसे तो सभी जगह बनाई जाती है, लेकिन हरियाणा के नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका शहर के लाल कुआं चौक पर बनने वाली इमरती की खुशबू व जायका एक अलग ही पहचान रखता है। एक बार जिसने इस लालकुआं चौक पर पैर रखा वह यहां बनने वाली इमरती सहित अन्य देसी घी की मिठाइयों का मुरीद हो गया।

देश ही नहीं विदेश तक भी फिरोजपुर झिरका शहर में बनने वाली इमरती की डिमांड है। वैसे तो फिरोजपुर झिरका में तकरीबन आधा दर्जन से अधिक मिठाई की दुकान लाल कुआं चौक पर हैं, लेकिन सबसे पुरानी गोयल स्वीट्स को तकरीबन 100 साल हो चुके हैं। होली के अवसर पर 100 साल होने पर गोयल स्वीट्स ने ग्राहकों को स्पेशल ऑफर तक दिया था। तकरीबन 100 साल पहले इस मिठाई की शुरुआत भीकन लाल व खुशाली राम दोनों भाइयों ने शुरू की थी। इसके बाद ननवाराम ने मिठाई की दुकान चलाई। ननवाराम के बाद उनके पुत्र श्री कृष्ण चंद ने मिठाई का काम संभाला। मौजूदा दौर में सुरेश चंद गोयल एवं राजेश गोयल दोनों भाई गोयल स्वीट्स की दुकान को चलाते हैं। गोयल परिवार की चार पीढ़ियां मिठाइयां बेचने का काम करते हैं। फिरोजपुर झिरका शहर की मिठाई शुद्धता, स्वच्छता के साथ - साथ अच्छी क्वालिटी के देसी घी, अच्छे कार्यक्रम मैदा व उड़द की दाल के द्वारा बनाई जाती है। फिरोजपुर झिरका शहर के पानी की वजह से भी इसका स्वाद दुनिया भर में अलग है। देसी घी की खुशबू फिरोजपुर झिरका के लालकुआं चौक पर चारों तरफ इंसान का मन मोह लेती है। आधा दर्जन से अधिक दुकानों पर जब सुबह - सुबह देसी घी की इमरती व अन्य मिठाईयां बनती है तो चारों तरफ हवा में देसी घी की खुशबू आती है। सबसे खास बात यह है कि दोपहर 2 बजे के बाद शायद ही किसी दुकान पर इमरती मिठाई खरीदारों को मिल जाए। भारी डिमांड के चलते दोपहर 2 बजे तक 400 रुपए प्रति



किलो के हिसाब से सारी मिठाई बिक जाती है। अन्य मिठाइयां तो 24 घंटे में से अधिकतर समय कभी भी खरीदी जा सकती है, लेकिन इमरती कुछ घंटे के लिए ही दुकानों पर सजी हुई दिखाई देती है। गर्मागर्म व कड़क इमरती को खाने वाले शौकीनों की भी कमी नहीं है। नेताओं से लेकर अधिकारियों तक यह इमरती पसंद की जाती है। बहुत से आईएएस अधिकारी ऐसे हैं, जिन्होंने बतौर एसडीएम सबसे पहले फिरोजपुर झिरका में कार्यभार संभाला था। उनमें से अधिकतर चीफ सेक्रेटरी पद तक पहुंचे हैं। फिरोजपुर झिरका इलाके के लोग उन अधिकारियों से मिलने जाते हैं तो फिरोजपुर झिरका की इमरती मिठाई सौगात में ले जाना नहीं भूलते। होली - दीपावली पर भी आईएएस व आईपीएस अधिकारी इसी इलाके की मिठाई खाना पसंद करते हैं, क्योंकि मिलावटी मिठाई से यहां की इमरती कोसों दूर है। छोटे साइज के साथ - साथ स्वच्छता के लिए भी एक अलग ही मुकाम रखती है। जैन स्वीट्स, रुचिका स्वीट्स, राजू मिष्ठान भंडार, चावला मिष्ठान भंडार भी प्रसिद्ध इमरती बनाते हैं, लेकिन गोयल स्वीट्स सबसे पुरानी दुकान है।

**जिन्न भी खाते हैं देसी घी की मिठाई :** गोयल स्वीट्स के मालिक राजेश गोयल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उनके परदादा खुशाली राम ने करीब 100 साल पहले देसी घी के लड्डू तथा इमरती इत्यादि मिठाई बनाई थी, वह बताते थे कि फिरोजपुर झिरका शहर के साथ अरावली पर्वत लगता है। जिसमें पांडवों ने भी वनवास के दौरान कुछ समय बिताया था। अरावली पर्वत में एक गुफा है, जिसमें जिन्न की बस्ती इंसानों की बस्ती की तरह बसी हुई बताई जाती है। रात्रि के समय जब लोग गहरी नींद में सो जाते थे तो जिन्न मिठाई की दुकानों में सारी मिठाइयों को ले जाते थे और उसकी एवज में उतने ही रुपए वहां रख जाते थे। दुकानदार सुबह जब आकर दुकान खोलते थे तो पूरी मिठाई साफ मिलती थी। उसकी सबसे बड़ी वजह यही है कि शुद्धता, स्वच्छता, गुणवत्ता में इस मिठाई का कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन पिछले कुछ सालों से ऐसा देखने व सुनने को नहीं मिलता है। समय बदला तो पुराना रिवाज भी बदल गया।

जिन्न तो दूर अब इंसान ही दोपहर तक सारी इमरती की मिठाई खरीद कर खा जाते हैं। दुकानदार का कहना है कि हो सकता है जिन्न इंसान के भेष में आकर मिठाई खरीदकर ले जाते हों, कुल मिलाकर फिरोजपुर झिरका की इमरती एक बार जिसने खा ली वह कभी भी इसका जायका नहीं भूलता। हरियाणा राज्य में शायद ही कोई ऐसा मुख्यमंत्री रहा होगा, जिसने फिरोजपुर झिरका की इस मिठाई का जायका नहीं चखा होगा। लोग तो यहां तक कहते हैं कि देश के प्रधानमंत्री तक ने इस मिठाई का स्वाद चखा है।

# शिक्षा विभाग ने दो बीईओ और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को किया सस्पेंड

### तीन अधिकारियों के सस्पेंशन से विभाग में मचा हड़कंप

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**सेकेंड्री** एजुकेशन हरियाणा ने लापरवाही बरतने के चलते जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी एवम प्रिंसिपल डाइट नगीना की प्रिंसिपल सरोज दहिया, अब्दुल मजीद खंड शिक्षा अधिकारी नूंह एवम प्रिंसिपल जेबीटी सेंटर फिरोजपुर नमक और फिरोजपुर झिरका के खंड शिक्षा अधिकारी एवम प्रिंसिपल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका के इंदरजीत सिंह मजोका को सेकेंड्री एजुकेशन हरियाणा ने रूल 5 के तहत सस्पेंड कर दिया है। सस्पेंशन के दौरान तीनो अधिकारियों को जिला मुख्यालय तैनात करने के भी आदेश दिए है। वही तीनो शिक्षा अधिकारियों के सस्पेशन की जिला शिक्षा अधिकारी परम जीत सिंह चहल ने पुष्टि करते हुए बताया की मौलिक मुख्याध्यापक और टीजीटी अध्यापकों की सीनियरटी को लेकर हाईकोर्ट में मामला चल रहा था। जिसकी जांच को लेकर शिक्षा विभाग के एसीएस ने तीनो अधिकारियों को जांच में शामिल होने को लेकर बुलाया था। तीनो अधिकारियों के न पहुंचने पर एसीएस ने रूल 5 के तहत सस्पेंड कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मेवात कैडर की टीजीटी/मौलिक मुख्याध्यापक की वरिष्ठता सूची जो कि 14//09/2021 में तैयार की गयी थी और जिसमे दिनांक 01/06/2022 के आधार पर कुछ अन्य कर्मचारियों को शामिल कर फाइनल कर दिया गया था। जिससे मेवात कैडर के टीजीटी/मौलिक मुख्याध्यापक की वरिष्ठता में गड़बड़ होने को लेकर एक मौलिक मुख्याध्यापक ने वरिष्ठता सूची के खिलाफ हाइकोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसको लेकर हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग से 31 मई तक जवाब तलब किया था। वही हाइकोर्ट ने एसीएस शिक्षा विभाग से यह भी पूछा था कि गलत सूची तैयार करने वाले अधिकारियों के खिलाफ किया कार्रवाई की गई है।

हाइकोर्ट में जवाब दाखिल करने के मामले के लिए एसीएस ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज दहिया, नूंह खंड शिक्षा अधिकारी अब्दुल मजीद और फिरोजपुर झिरका के खंड शिक्षा अधिकारी इंदरजीत सिंह मजोका को तलब किया था। लेकिन एसीएस के आदेश के बाद भी कोई अधिकारी के जांच में पहुंचे पर तीनो अधिकारियों को रूल 5 के तहत सस्पेंड किया गया है।

## जिला में डी प्लान के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों की हुई समीक्षा



**गुरुग्राम।** मंगलवार को यहां लघु सचिवालय स्थित सभागार में डी-प्लान के तहत वर्ष 2022-23 में करवाए गए कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला योजना अधिकारी से विस्तृत प्रगति रिपोर्ट लेने उपरान्त डीसी निशांत कुमार यादव ने विकास कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिला में डी-प्लान के तहत करवाए जाने वाले विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

डीसी ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों से कहा कि वे मौजूदा वित्त वर्ष में जिला में डी प्लान के तहत होने वाले विकास कार्यों की शुरुआत से पूर्व उसकी ग्राउंड रिपोर्ट तैयार कर यह सुनिश्चित करें कि एक बार विकास कार्य शुरू होने पर उसमें किसी प्रकार की अड़चन नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि एक बार विकास कार्य शुरू होने के उपरांत यदि उसमे कोई बाधा आती है तो इससे जिला की परफॉर्मेंस प्रभावित होती है। जिसके लिए उस क्षेत्र के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अथवा नगर पालिका सचिव इसके जिम्मेदार होंगे।

**11 करोड़ 94 लाख 75 हजार रुपए की राशि हुई स्वीकृत:** बैठक में जिला योजना अधिकारी ने बताया कि सरकार से जिला गुरुग्राम को जिला योजना वर्ष 2023-24 के लिए कुल 11 करोड़ 94 लाख 75 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई है।

## हिंदी पत्रकारिता समाज के उत्थान का सशक्त मंच : जाकिर हुसैन

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**हिंदी** पत्रकारिता दिवस के अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरियाणा व वक्फ बोर्ड के प्रशासक चौधरी जाकिर हुसैन पूर्व विधायक ने देश व प्रदेश के सभी मीडिया कर्मियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता समाज के उत्थान का सशक्त मंच है। समाज को जागरूक और सशक्त बनाने में पत्रकारिता का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। निष्पक्ष पत्रकारिता हमारे लोकतंत्र की आवश्यकता है, जितनी मजबूत पत्रकारिता होगी, उतना ही प्रजातंत्र भी सुदृढ़ होगा।

अपने संदेश में चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका में हिंदी पत्रकारिता ने अपने सामाजिक सरोकारों की पूर्ति और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के विराट पटल पर हिंदी पत्रकारिता का अपना इतिहास रहा है। देश की आजादी से लेकर एक लंबा युग इस बात का गवाह कि हिंदी पत्रकारिता ने नए आयाम को छूआ है। उन्होंने कहा कि वे कामना करते है कि भविष्य में भी हिंदी पत्रकारिता और इस क्षेत्र से जुड़े पत्रकार साथी समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण में अपना अपेक्षित सहयोग देते रहेंगे। चौधरी जाकिर हुसैन ने कहा कि सभी मीडिया कर्मियों को सकारात्मक सोच के साथ अपनी लेखनी का समाज और देशहित में प्रयोग करना चाहिए। मीडिया के क्षेत्र में निरंतर नई-नई तकनीकियों का विकास हो रहा है, हमारा दृढ़ संकल्प व दृढ़ निश्चय हमें हमारे लक्ष्य तक पहुंचाता है।

## निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर लगाई जाएगी मीठे पानी की छबील, किया जाएगा बाबा श्याम का ताली कीर्तन

**फिरोजपुर झिरका।** श्री श्याम सखा मंडल के तत्वाधान में निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर शीतल जल से निर्मित चीनी एवं रूह अफजा से युक्त पानी की छबील मंगलवार सुबह 10.30 बजे लाल कुआं चौक पर लगाई जाएगी, जिसमें शहर के सभी लोगों एवं राहगीरों को बुलाकर शुद्ध पानी से निर्मित शरबत पिलाया जाएगा। उक्त सभी जानकारी श्री श्याम सखा मंडल के प्रधान दीपक गोयल उर्फ मोनू ने दी। उन्होंने बताया कि निर्जला एकादशी का संबंध भगवान श्री हरि विष्णु से है।



इस दिन भगवान विष्णु की आराधना की जाती है। आर्थिक रूप से समर्थवान लोग प्राकृतिक वस्तुओं के साथ, धन, द्रव्य आदि का भी दान कर समाज को आत्मबल प्रदान करते हैं। लोग ग्रीष्म ऋतु में पैदा होने वाले फल, सब्जियां, पानी की सुराही, हाथ का पंखा आदि का दान करते हैं। इस दिन मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों की प्यास बुझाने की परंपरा बरसों से चली आ रही है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य पर प्राचीन गढ़ अंदर सीताराम मंदिर के प्रांगण में बाबा खाटू श्याम का संकीर्तन शाम 7.00 बजे से लेकर मध्य रात्रि 12.00 बजे तक बड़े धूमधाम के साथ किया जाएगा, जिसमें बाबा श्याम की अलौकिक छवि का रंग-बिरंगे पुष्प एवं इत्र से बाबा श्रृंगार किया जाएगा। इसके अलावा बाबा श्याम को रिझाने के लिए 56 प्रकार के भोग भी लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी धर्म प्रेमी ज्यादा से ज्यादा संख्या में गढ़ अंदर सीतारम मंदिर के प्रांगण में पहुंचकर बाबा श्याम के संकीर्तन का धर्म लाभ उठाएं और इस धार्मिक कार्यक्रम का हिस्सा बने।

## राजस्थान पुलिस की चार्जशीट के बाद हरियाणा पुलिस हुई एक्टिव, एडिशनल एसपी कर रही जांच : वरुण सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**राजस्थान** के भरतपुर जिले के घाटमीका गांव के नासिर व जुनैद हत्याकांड में राजस्थान पुलिस द्वारा कोर्ट में चार्ज शीट दाखिल करने के बाद हरियाणा पुलिस भी एक्टिव मोड में नजर आ रही है। राजस्थान पुलिस की चार्जशीट के बाद एडिशनल एसपी नूंह उषा कुंडू की अगुवाई में चल रही जांच भी अब जल्द पूरी हो सकती है। पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि हाल ही में राजस्थान पुलिस ने नासिर - जुनेद प्रकरण में चार्जशीट दाखिल की है।

उसकी आधिकारिक तौर पर कॉपी हरियाणा पुलिस को नहीं मिली है, लेकिन पहले ही इस मामले की जांच एडिशनल एसपी उषा कुंडू नूंह को सौंपी हुई है। एसपी नूंह ने बताया कि चार्जशीट की कॉपी प्राप्त कर उसका गहनता से अवलोकन किया जाएगा, साथ ही जो तीन आरोपी अब तक हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए हैं। उनकी स्टेटमेंट का भी अवलोकन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब तो नूंह पुलिस भी जल्दी ही अपनी जांच पूरी करेगी। उन्हें राजस्थान पुलिस के चार्जशीट दाखिल करने का इंतजार था। आपको बता दें कि गत फरवरी माह में राजस्थान के घाटमीका गांव के नासिर व जुनैद का अपहरण कर उनके साथ मारपीट की गई थी और उन्हें नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका के पुलिस स्टेशन ले जाया गया था, लेकिन पुलिस ने उन्हें लेने से इंकार कर दिया था। चार्जशीट में यह बात भी सामने आई है और गिरफ्त में आए आरोपियों ने इस बात को कबूल किया है कि पुलिस ने जब जुनैद (35) वर्ष तथा नासिर (25) वर्ष को लेने से इंकार कर दिया तो आरोपियों ने उन्हें भिवानी जिले के एक जंगल में ले जाकर बोलेरो गाड़ी में आग के हवाले कर दिया। गत 16 फरवरी को नर कंकाल मिलने के बाद उसकी जांच हुई जिसके बाद यह खुलासा हुआ कि नर कंकाल घाटमीका गांव के जुनैद - नासिर के हैं। नासिर व जुनैद का अपहरण कर इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम देने में बजरंग दल के लोगों के नाम सामने आए। इस मामले में राजस्थान पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। मुकदमा दर्ज करने के बाद जब पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने आई तो मरोड़ा गांव के आरोपी श्रीकांत के परिजनों ने भी राजस्थान पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज करा दिया। इस मामले को लेकर खूब बवाल हुआ।

आखिरकार राजस्थान पुलिस ने गत 17 फरवरी को सबसे पहले रिंकू सैनी नाम के हत्यारोपी को गिरफ्तार किया। उसके बाद गोगी व मोनू राणा की गिरफ्तारी गत 13 अप्रैल को की गई। पुलिस ने इस मामले में कुल 9 आरोपियों के नाम शुरुआत में उजागर किए, लेकिन चार्जशीट में अब बजरंग दल से जुड़े काफी लोगों के नाम सामने आए हैं। जिनमें बजरंग दल हरियाणा के अध्यक्ष आचार्य आजाद व हथियारों के साथ सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरने वाले मोनू मानेसर का नाम भी सामने आया है। कुल मिलाकर आरोपियों ने अपनी स्टेटमेंट में चार्जशीट के मुताबिक यह कबूला है की बजरंग दल के लोग जुनैद तथा नासिर को फिरोजपुर झिरका के पुलिस स्टेशन लेकर गए थे। लेकिन उन्होंने कहा था कि मामला हरियाणा पुलिस के अधिकार क्षेत्र में नहीं है और गाय तस्करी के सबूत भी कम हैं। जिसके चलते उन्होंने नासिर - जुनैद को लेने स इंकार कर दिया।

कुल मिलाकर राजस्थान पुलिस की चार्जशीट से यह साफ हो गया है की हरियाणा पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है। अब हरियाणा पुलिस की जांच पूरी होने का इंतजार है। उसके बाद देखना यही होगा की हरियाणा पुलिस के जिन अधिकारियों - कर्मचारियों ने जुनैद - नासिर को ऐसी हालत में लेने से इनकार करने के साथ - साथ बजरंग दल से जुड़े लोगों को जाने दिया। साथ ही घायलों को अपहरण करने वालों के चंगुल से छुड़ाकर अस्पताल क्यों नहीं पहुंचाया। इन सवालों का जवाब जांच पूरी होने के बाद ही मिल पाएगा, लेकिन राजस्थान पुलिस की चार्जशीट ने हरियाणा पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा दिया है।

## तालाब के सौंदर्यीकरण में लगने वाली राशि में भ्रष्ट्राचार का आरोप सीएम को भेजी शिकायत

ललित गर्ग। पुन्हाना

**गांव** सिंगार स्थित श्री राधा-कृष्ण मन्दिर के तालाब सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृति हुई लगभग एक करोड़ रूपये राशि की जांच की मांग को लेकर विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष धर्मवीर सैनी ने सीएम विन्डो के माध्यम से शिकायत मुख्यमंत्री हरियाणा को भेजी है। आरोप है कि तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्य में नाम मात्र की खुदाई करके मिट्टी को अवैध रूप से बेचा जा रहा है। इतना समय बीत जाने के बाद भी तालाब के सौंदर्यीकरण का कोई कार्य नहीं किया गया। जानबूझकर ठेकेदार संबंधित विभाग से सांठ-गांठ करके विकास की राशि को पलीता लगाने की फिराक में है, जिसकी उच्च स्तर पर जांच कराई जाए।

विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष धर्मवीर सैनी ने बताया कि गांव सिंगार में प्राचीन श्री राधा कृष्ण मन्दिर है, ग्रामीणों की मांग को देखते हुए तत्कालीन उपायुक्त नूहं व पुलिस कप्तान नूहं के प्रयासों से गांव के तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए लगभग एक करोड़ रूपये की राशि मंजूर की गई थी। एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी इस तालाब के सौंदर्यीकरण में खानापूर्ति के लिए खुदाई की गई, जिसकी अब मिट्टी बेचने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नाम लिखित शिकायत में बताया कि विकास राशि के लिए आई राशि से तालाब के चारों ओंर सडक़, घाट, पार्क, फुटपाथ , पेड़-पौधे, लाईट, टयूबवेल इत्यादि लगाया जाना था, लेकिन अभी तक कोई कार्य नहीं किया गया है। जबकि इस बाबत कई बार संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों द्वारा शिकायत की जा चुकी है, सभी शिकायतों को रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाता है।

विहिप नेता धर्मवीर सैनी ने बताया कि तालाब के सौंदर्यीकरण का कार्य करने वाले ठेकेदार की मंशा ठीक नहीं है, जो इस कार्य में लगने वाली राशि को खुर्द-बुर्द करने की फिराक में है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस कार्य की जांच की मांग की है ताकि तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए स्वीकृत लगभग एक करोड़ की राशि सहीं रूप से प्रयोग हो जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा दशहरे पर लगाई पानी की छबीले व किए भण्डारे



**पुन्हाना।** गंगा दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में पुन्हाना शहर में जगह-जगह मीठे पानी छबीले व भण्डारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मन्दिरों को भी पूरा साज-सज्जा के साथ सजाया गया और विशेष पूजा अर्चना की गई। पूरे दिन लोगों में गंगा दशहरा पर्व का उत्साह रहा। इस दौरान लोगों ने भण्डारे और मीठे पानी की छबीले का प्रसाद ग्रहण कर पूरा आनंद लिया। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाए जाने वाले गंगा दशहरा पर्व बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दिन गंगा नदी में या किसी भी पवित्र कुण्ड में स्नान व श्रृदापूर्वक दान किया जाता है। शहर के सर्राफा बाजार, पंजाबी कॉलोनी, सब्जी मण्डी, बीसरू मोड़, हाई स्कूल मार्ग, दशहरा मैदान सहित अनेको स्थानों पर लोगों ने मीठे शर्बत ठण्डे पानी की प्याऊ लगाकर राह चलते लोगों को जल का वितरण किया तथा सब्जी पूरी के भण्डारे का आयोजन किया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कैलाश सोनी, मोनू, कोकी, विक्की, राजू, विकास इत्यादि युवाओं ने एकत्रित होकर लोगों को जलपान व भण्डारे का प्रसाद वितरण किया। युवाओं का कहना है कि गंगा दशहरा पर्व पर लोगों की सेवा करने से पुण्य का फल मिलता है। गंगा दशहरा का हमारें जीवन में विशेष महत्व है।

### पुलिस ने पांच गोवंश को कराया मुक्त

**तावडू।** उपमंडल के गांव रानियांकि पुलिस ने एक तस्कर से पांच गोवंश को मुक्त कराया है,जबकि तस्कर फरार होने में कामयाब रहा। जिसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सूचना मिली की रानियांकी निवासी जाहिद गोतस्करी में संलिप्त है,जो पांच गोवंश को एक साथ बांधकर रानियांकी के जंगल से स्कूल के रास्ते से होते हुए कारेंडी राजस्थान को लेकर जा रहा है। सूचना के मुताबिक पुलिस ने रानियांकी स्कूल के रास्ते पर पहुंची ,जहां एक व्यक्ति पांच गोवंश को एक साथ बांधकर लाते दिखाई दिया जो सामने पुलिस को देख गोवंश को मौके पर ही छोड़ फरार हो गया। पुलिस का दावा है कि फरार व्यक्ति गो तस्कर जाहिद निवासी रानियांकी था। बरामद गोवंश को गोशाला भेज उपरोक्त आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### स्वागत समारोह आयोजित किया गया



**मेवात।** जिला बार एसोसिएशन नूंह की तरफ से बार के प्रधान कमालुद्दीन की अध्यक्षता में बार रूम ज्यूडिशियल केम्पस नूह में स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसमें ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश सेशन सुशील कुमार गर्ग और उनके साथ चार नए ज्यूडिशियल ऑफिसर्स अंजली जैन, जोगिंदर सिंह, कविता यादव का खैरमकदम किया गया। इस मौके पर बार के प्रधान कमालुद्दीन ने सभी जज साहेबान का इस्तकबाल किया और कहा कि जिला नूह के ज्यूडिशियल केम्पस में बार और बेंच के रिश्ते काफी स्वस्थ और मजबूत रहे हैं, इसलिए बार की परंपरा रही है कि हम अपने कैम्पस में नए आने वाले अफसरान का वेलकम करते हैं और जाने पर अफसरान का विदाई समारोह करते है, उसी कड़ी में ये प्रोग्राम आयोजित किया गया है। इस तरह के आयोजन से बेंच और बार को एक दूसरे को समझने और नजदीकी से जानने का मौका मिलता है और बार अपनी कुछ समस्याएं भी ऑफिसियल के सामने सामूहिक तौर पर रख पाने में सक्षम हो जाती है, जिनका निवारण होना अनिवार्य होता है कुछ वरिष्ठ साथियों ने कुछ समस्याओं का जिक्र किया, उनमें दुर्घटना के मुआवजे को लेकर हो रही परेशानी सरेफेहरिस्त शामिल रही। उन्होंने बताया ये पिछड़ा जिला जरूर है लेकिन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक तोर पर बहुत समृद्ध क्षेत्र है जो अपनी सांझा संस्कृति और भाईचारे के लिए जाना जाता है। क्षेत्र में अनपढ़ता है। इसलिए सत्ता और प्रशासन से शोषण व नाइंसाफी की ज्यादा गुंजाइश रहती है और जनता उस नाइंसाफी के चलते अदालत से बहुत उम्मीद करती है और बीते दिनों ये रोल हमारे सभी ज्यूडिशियल ऑफिसर्स ने बखूबी निभाया है उम्मीद है आप और हम इन्ही परम्पमराओ को निभाते हुए एक मजबूत रिश्ता कायम करेंगे। ज्यूडिशियल ऑफिसर्स ने बेहतर तरीके से काम करने का भरोसा दिलाया है।

### हिंदी पत्रकारिता समाज के उत्थान का सशक्त मंच



**मेवात।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर उपायुक्त प्रशांत पंवार ने जिला के सभी मीडिया कर्मियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता समाज के उत्थान का सशक्त मंच है। समाज को जागरूक और सशक्त बनाने में पत्रकारिता का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। निष्पक्ष पत्रकारिता हमारे लोकतंत्र की आवश्यकता है, जितनी मजबूत पत्रकारिता होगी, उतना ही प्रजातंत्र भी सुदृढ़ होगा। अपने संदेश में उपायुक्त प्रशांत पंवार ने कहा है कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका में हिंदी पत्रकारिता ने अपने सामाजिक सरोकारों की पूर्ति और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के विराट पटल पर हिंदी पत्रकारिता का अपना इतिहास रहा है। देश की आजादी से लेकर एक लंबा युग इस बात का गवाह कि हिंदी पत्रकारिता ने नए आयाम को छूआ है।

### पुनहाना में सुनवाई नहीं हुई तो नूंह पहुंचे नपा पुनहाना सफाई कर्मी जमकर किया प्रदर्शन

**मेवात।** नगर पालिका पुनहाना के समस्त पैरोल पर लगाए गए सफाई कर्मचारी इन दिनों बेहद परेशान हैं। अपनी मांगों को लेकर पिछले 6 दिन से पुनहाना में सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। मंगलवार को सफाई कर्मचारी लघु सचिवालय नूंह में उपायुक्त प्रशांत पंवार से मिलने पहुंचे, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार नूंह को ज्ञापन सौंपा। सफाई कर्मचारियों ने सरकार व प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुनहाना के 38 सफाई कर्मचारियों को नगर परिषद नूंह के सफाई कर्मचारियों का सहयोग भी मिला। उन्होंने भी अपने साथियों के सुर में सुर मिलाते हुए शासन और प्रशासन के खिलाफ जमकर नाराजगी जाहिर की।

पायनियर क्लासीफाइड

NAME CHANGE

I, Vijay Sadwal S/o Sh. Khacheru Ram Sadwal R/o H.No. 750, Sector-9, Faridabad-121006, declare that Vijay Kumar Sadwal and Vijay Sadwal are the name of same and one person.

बेदखली सूचना

मैं, राजबीर पुत्र बलदेव एवं कमला पत्नी राजबीर निवासी गांव जाहरी जिला सोनीपत ब्यान करता हूँ, कि हमारा बडा पुत्र कृष्ण जो विवाहित है, कृष्ण व उसकी धर्मपत्नी रेखा हमारे कहने सुनने से बाहर है व हमारे साथ झगडा करता रहते है, और अपनी मर्जी से जहाँ चाहे वही रहते है, कृष्ण व उसकी धर्मपत्नी रेखा के साथ पैसो का लेन-देन व कोई सिविल या क्रिमिनल केस होता है, तो वह उसका स्वंय जिम्मेवार होगें, हमारा व हमारे परिवार व हमारे किसी भी रिश्तेदार का किसी प्रकार का कोई तालुक वास्ता नही होगा, कृष्ण व उसकी धर्मपत्नी रेखा को अपनी चल-अचल सम्पति से उसके गलत व्यवहार व हमारे कहे से बाहर चलने के कारण बेदखल करते है, और हमारी जायदाद आदि से हमारे पुत्र कृष्ण व उसकी धर्मपत्नी रेखा का भविष्य में कोई हक व वास्ता नही होगा।

पट्टा पट्टा पट्टा

ग्राम पंचायत आकेड़ा

गांव आकेड़ा के तालाबों के पट्टों की बोली

06.06.2023 को सुबह 11.00 बजे

[illegible]

जोहड़ की बोली 08 वर्ष के लिए होगी

9813976833 9813423454 9813130353

बाकी सारी शर्तें मौके पर सुना दी जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : विजय प्रकाश सिंह, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## नया संसद भवन

### शानदार उद्घाटन

**नए** संसद भवन का भव्य उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। रविवार को हुए समारोह में ऐतिहासिक 'सेंगोल' को लगाने के साथ अनेक अन्य गतिविधियां भी हुईं। सेंगोल चोल साम्राज्य में सत्ता हस्तांतरण का प्रतीक रहा है। सी. राजगोपालाचारी की सलाह पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने इसे स्वतंत्रता प्राप्ति के समय धारण किया था, पर बाद में इसे संग्रहालय भेज दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सेंगोल' की प्राचीन गरिमा बहाल कर इसे लोकसभा अध्यक्ष के आसन के निकट स्थापित किया है। सरकार और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों ने आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करने वाले बयान दिए हैं। उन्होंने नई संसद बनाने के विचार का पहले से ही समर्थन किया है। नई संसद में शानदार वास्तु संरचना के साथ अनेक प्रतीकों व विश्वस्तरीय फर्निशिंग को शामिल किया गया है। दूसरी ओर विपक्ष ने पिछले कुछ दिनों में पूरे आयोजन पर तीखी टिप्पणियां की हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पहले ही संविधान के अनुच्छेद 60 व 111 का संदर्भ देते हुए दावा किया था कि संसद प्रमुख के रूप में राष्ट्रपति को इमारत का उद्घाटन करना चाहिए था। टीएमसी की प्रतिक्रिया में भी निन्दा और व्यंग्य शामिल था। पार्टी सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने रविवार को कहा कि नई संसद का प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन यह कहने के समान है कि 'मैं केवल अपने आप से प्यार करता हूं।' लेकिन इस बात में कोई संदेह नहीं कि देश को नए संसद भवन की आवश्यकता थी। इस



आवश्यकता का अनुभव न केवल इस सरकार में, बल्कि इसके पहले भी किया गया था। 2012 में लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने एक उच्चाधिकार समिति का गठन पुराने संसद भवन के स्थान पर एक वैकल्पिक परिसर का सुझाव देने के लिए किया था। हालांकि, आवश्यकता का यह अनुभव कामकाज के दृष्टिकोण से था जिसके वैकल्पिक इमारत में विस्तार की उम्मीद थी। पुराना ढांचा एक शताब्दी पहले बना था और समय बदलने के साथ वह बदलती आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं कर सकता था। प्रधानमंत्री ने ठीक ही कहा है कि नया संसद भवन केवल एक इमारत न होकर 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाओं व सपनों की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा, 'यह हमारे लोकतंत्र का मंदिर है जो दुनिया को भारत की प्रतिबद्धता का संदेश देता है। यह नया संसद भवन योजना को यथार्थ से, नीति को क्रियान्वयन से, इच्छाशक्ति को कार्य से तथा संकल्प को सिद्धि से जोड़ता है।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, 'भारत न केवल लोकतांत्रिक देश, बल्कि लोकतंत्र की जननी है।' उन्होंने जोर दिया कि लोकतंत्र भारत में व्यवहार की जाने वाली केवल एक व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह एक संस्कृति, विचार एवं परंपरा है। उनका यह कहना सही है कि हमारे देश में लोकतंत्र की जड़ें वेदों तथा आधुनिक बिहार के वैशाली तक जाती हैं। सरकार और विपक्ष के अनेक लोगों ने संसद को 'लोकतंत्र का मंदिर' कहा है। इसलिए सभी राजनीतिक पार्टियों तथा नेताओं की जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि इस मंदिर की पवित्रता हर परिस्थिति में और हर समय बनी रहे। किसी को भी इस मंदिर को अपवित्र नहीं करना चाहिए। इसका अर्थ है कि दोनों सदनों में कामकाज लोकतंत्र की सर्वोत्तम परंपराओं के अनुरूप होना चाहिए। वरिष्ठ नेताओं को सुनिश्चित करना चाहिए कि जब कोई विपक्षी बोल रहा हो तो उसे अपनी इच्छानुसार अपनी बात कहने का अवसर मिलना चाहिए तथा किसी को इस पर शोर-शराबा नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही सभी सांसदों को निर्धारित समयसीमा में बोलने के लिए अध्यक्ष के निर्देशों का सम्मान करना चाहिए। इससे भारत का लोकतंत्र और मजबूत होगा।

# आतंकवाद का बढ़ता खतरा

### आतंकवाद का उद्देश्य लक्षित समूहों में अत्यधिक भय पैदा करना है ताकि वे अपने व्यवहार में परिवर्तन करें जिससे चरमपंथी परिवर्तन का रास्ता साफ हो।

**डा. सुधीर हिंदवान**
(लेखक, एक रणनीति विशेषज्ञ हैं।)





राजौरी में हालिया आंतकी हमले में 4 सैनिक शहीद हुए। इसके कुछ दिनों पहले जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक सैनिक वाहन को निशाना बनाया गया था, जिसमें पांच सैनिक शहीद हुए। यह हमला जी 20 बैठक के ठीक पहले हुआ जिससे स्पष्ट था कि अभी आतंकवादियों का पूरी तरह सफाया नहीं हुआ है। इन हमलों का उद्देश्य सुरक्षा में अस्थिरता पैदा कर क्षेत्र में जोखिम भरा माहौल बनाना था। यह कोई अलग-थलग घटना न होकर क्षेत्र में अतीत में आतंकी हिंसा का नया अध्याय है। पहले सोपोर, बड़गांव, छदूरा, नूरबाग व डोरू शाहाबाद में हुए आतंकी हमलों ने सुरक्षा एजेंसियों को चिन्ता में डाल दिया था। हालांकि, केन्द्र व राज्य सरकारों ने उन मुद्दों का समाधान कर शानदार काम किया है जिनका बहाना बना कर आतंकी जानबूझ कर समस्यायें पैदा करते थे तथा बाहरी लोगों पर निशाना लगाते थे। इसके अलावा, एक सीमा तक आतंकवाद से जुड़ना आतंकियों की आजीविका का मामला भी था क्योंकि उनके पास थोड़े पैसे के लिए अपना जीवन दांव पर लगाने तथा अपने मालिकों में 'झूठी लोकप्रियता' पैदा कर कुछ अतिरिक्त लाभ प्राप्त करना था। चाहे अजमल कसाब का मामला हो या कुछ अन्य का, उनको भ्रमित कर मुंबई में सर्वाधिक जघन्य अपराध के लिए प्रेरित किया गया था। हालांकि, केन्द्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ वार्ताओं तथा अलगाववादियों से संवाद की शुरुआत कर क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान का प्रयास किया था, पर इसके बावजूद आतंकियों व सेना के बीच टकराव जारी रहे।

इस क्षेत्र की भौगोलिक संरचना विद्रोहियों को छापामार गतिविधियों का अवसर प्रदान करती है। अनेक वर्षों में कई सुरक्षा अधिकारी आतंकी हमले रोकने के प्रयासों में शहीद हुए हैं। दुनिया भर में आतंकियों की नई फसल ने अपने भीतर एक प्रकार का विश्वास पैदा किया है। उनकी रणनीतियां ज्यादा संवेदनशील हुई हैं और वे सीमापार से ज्यादा घातक अधिकार प्राप्त करने में सफल हुए हैं। अंतरराट्रीय आवागमन में तेजी से वृद्धि तथा अजाल्ट राइफल व प्लास्टिक विस्फोटक-आरडीएक्स जैसे संवेदनशील हथियारों का प्रयोग ने दुनिया भर में आतंकी संजालों का विस्तार किया है। इसके अलावा आतंकियों के 'आत्मघाती' दस्तों ने प्रभावित राज्यों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को आश्चर्यचकित किया है। ऐसे में यूरोप, एशिया व अफ्रीका में हालिया घटनाओं की समुचित समझदारी की जरूरत है। इतिहास में अनेक त्रासद आतंकी घटनायें दर्ज हो चुकी हैं।

संगठित अपराध तथा राजनीतिक हिंसा के ब्रिटिश विश्लेषक एलीसन जैमीसन ने आतंकवाद व संगठित अपराध के बीच अंतर किया है जो हाल में बहुत धुंधला हो गया है। इटली में संगठित अपराध के विशेषज्ञ प्रोफेसर अर्नेस्टो का कहना है कि इनके 'लक्ष्य अलग-अलग हैं। जहां आतंकी का लक्ष्य वैचारिक होता है, वहीं संगठित अपराध का लक्ष्य वित्तीय है, लेकिन उनके उपकरण समान हैं। दोनों को पैसे और हथियारों की आवश्यकता होती है।' श्रीलंका में तमिल टाइगर्स अपने संघर्ष के वित्त-पोषण के लिए नशे के व्यापार में शामिल होते हैं तथा पूर्वोत्तर भारत में छापामार चाय बागान मालिकों का अपहरण कर उनसे प्राप्त धनराशि का प्रयोग अपने स्वतंत्रता संघर्ष के लिए करते हैं। चेचेन्या में अलगाववादी नशे के वितरण में गहरे लिप्त हैं। इन दिनों आतंकवादियों में पहले से अधिक विश्वास है क्योंकि संकटग्रस्त स्थानों तक उनकी पहुंच बढ़ी है। हमले करने के पहले वे अक्सर योजना बनाते हैं तथा नायक की तरह अपने कार्य का औचित्य बताते हैं। वे ऐसे उद्देश्य की पूर्ति करना चाहते हैं जो उनकी नजर में सही है। इस प्रकार अपने कृत्यों के माध्यम से वे अनेक प्रकार से भय पैदा करना चाहते हैं ताकि उनके लक्ष्य प्राप्त हो सकें। विलियन हेनरी ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की समस्या की व्याख्या करते हुए कहा था, 'राजनीति से प्रेरित कुछ कृत्यों की जड़ें इतनी गहरी होती हैं कि कोई भी प्रतिबंध उनको अपने लक्ष्यों से विरत नहीं कर पाता है। आतंकवाद के अन्य कृत्य वैध तरीकों से निराशा के कारण पैदा होते हैं। इससे सरकारी दमन और उसकी प्रतिक्रिया में आतंकवाद पैदा होता है।' यह एक स्व-निर्मित दृष्टिकोण है जिसके चलते अपने गलत कामों को वैचारिक जामा पहनाया जाता है।

आमतौर से आतंकी समूह इतने छोटे और कमजोर होते हैं कि वे सरकारों के खिलाफ सफल कार्रवाई नहीं कर सकते हैं। इसलिए हिंसा आतंकियों का तात्कालिक लक्ष्य नहीं होता है और वे व्यावहारिक परिणामों के बजाया मनोवैज्ञानिक प्रभावों पर जोर देते हैं। इस प्रकार आतंकियों का उद्देश्य विशिष्ट समूहों में अत्यधिक भय पैदा करना होता है ताकि अंतत: वे अपने व्यवहार में परिवर्तन कर समाज और सरकार की संरचना में सामान्य या खास परिवर्तन ला सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाले रणनीति विशेषज्ञों को भी अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की समस्या की बदलती प्रकृति तथा उसके कारणों का गहन परीक्षण व विश्लेषण की जरूरत है। यह सच है कि वर्तमान समय में प्रत्यावर्तन संधियों जैसे आतंकवाद-विरोधी कानून समस्या से निपटने के लिए काफी नहीं हैं। इसके साथ ही खुफिया जानकारी जुटाने, हस्तक्षेप करने व गहन निगरानी रखने के तरीके आधुनिक आतंकवाद से मुकाबले में सर्वाधिक प्रभावी तरीके हैं। इस संबंध में कुछ तरीकों पर विचार किया जाना उचित होगा।

हमें महत्वपूर्ण घटनाओं का सावधानी से परीक्षण कर विस्तृत कारगर रिपोर्टें तैयार करनी चाहिए। ऐसी रिपोर्टें तैयार करने से आतंकवाद-प्रभावित क्षेत्रों में की जाने वाली कार्यवाहियों व कार्रवाइयों को नए आयाम मिलेंगे। आतंकी गिरोहों से निपटने के लिए संवेदनशील नेटवर्क बनाने की आवश्यकता है। इनको व्यापक आधुनिकीकरण प्रयासों का अंग बनाया जाना चाहिए जिनमें नवीनतम तकनीकों का प्रयोग किया गया हो। आतंकी घटनाओं को समय रहते रोकने के लिए जहां सुरक्षा एवं प्रशासनिक एजेंसियों को अपने स्थानीय संपर्कों को मजबूत कर सहायता के स्त्रोतों का भी समय रहते पता लगाना चाहिए। इसी प्रकार आतंकियों के स्थानीय संपर्कों व सहायता स्त्रोतों का पता भी लगाया जाना चाहिए।

सुरक्षा एजेंसियों के लिए आतंकी नेटवर्कों से मुकाबला करने के लिए नई तकनीकों के विकास के साथ ही अपने संचार साधनों की सटीकता तथा कार्ययोजनाओं के बारे में गोपनीयता बनाए रखने के प्रयास करने चाहिए। सुरक्षा आवश्यकताओं की क्षमता का विकास करने तथा सुरक्षा आवश्यकताओं का पहले से अनुमान लगाना भी जरूरी है। इसके लिए सुरक्षा स्थितियों का पूर्वानुमान लगाने के विशेष पाठ्यक्रम तैयार करने के साथ ही सुरक्षा एजेंसियों व प्रशासनिक एजेंसियों को इनसे जोड़ने की आवश्यकता है। हालांकि, निकट अतीत में व्यक्तिगत आतंकियों के खिलाफ जवाबी-उपायों को मजबूत तथा संवेदनशील बनाया गया है। लेकिन इसके बावजूद दुनिया अभी मानवजाति के लिए पैदा हुई इस भयानकतम विभीषिका का सामना करने की स्थिति में नहीं आ पाई है। सारी दुनिया की सुरक्षा एजेंसियों व विभिन्न देशों को वर्तमान समय में आतंकवाद उभरने के नए कारणों का गंभीर विश्लेषण करने के साथ आतंकी संगठनों, व्यक्तिगत आतंकियों व उनके समर्थकों का मनोविज्ञान समझने की भी आवश्यकता है।

राज्यों द्वारा आतंकी हमलों और खतरों के खिलाफ सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही ऐसी नई अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाने के भी प्रयास करने होंगे जिसमें समन्वय व खुफिया सूचनाओं का साझा करने के लिए बहुआयामी व बहुस्तरीय व्यवस्था महत्वपूर्ण होगी। आज दुनिया के पास जी 20 व क्वाड जैसे अनेक शानदार मंच व असाधारण संभावनायें हैं जिनके माध्यम से आतंकवादी खतरों के बारे में खुफिया सूचनाओं का साझा करने, आतंकी वित्तीय स्त्रोतों पर लगाम लगाने तथा आतंकियों के खिलाफ ठोस जवाबी कार्रवाई की सटीक व्यवस्था बनाई जा सकती है।

# अमेरिका में मध्यावधि आर्थिक सुधार

**केए बद्रीनाथ**
(लेखक, एक थिंक टैंक के निदेशक हैं।)



संयुक्त राज्य अमेरिका में गहराता कर्ज संकट गंभीर हो गया है। इससे प्रतिनिधि सभा पर नियंत्रण रखने वाले रिपब्लिकनों व डेमोक्रेटों के नियंत्रण वाले व्हाइट हाउस के बीच टकराव और बढ़ सकता है। यह स्थिति विश्व अर्थव्यवस्था तथा भारत जैसे विकासशील देशों के लिए शुभ संकेत नहीं है। पिछले कुछ दशकों से जारी बेलगाम आर्थिक नीतियों तथा संसाधनों के गैर-जिम्मेदारी से उपयोग के कारण विश्व अर्थव्यवस्था का 'शक्ति केन्द्र' समझे जाने वाले इस देश में गंभीर संकट पैदा हुआ है जिसका जिम्मेदार वह स्वयं है। यदि राष्ट्रपति जो बाइडेन आखिरकार रिपब्लिकनों के साथ कोई समझौता करने में सफल होते हैं तो इससे कर्ज की सीमा 31.4 ट्रिलियन डालर से और आगे बढ़ा दी जाएगी। लेकिन इसके कारण पैदा होने वाले अनेक प्रभाव अमेरिकनों को परेशान कर रहे हैं। अमेरिकी बांडों या कर्ज पत्रों के माध्यम से कर्ज प्रबंधन से भले ही कोई तात्कालिक चिन्ता न पैदा हो, लेकिन 1 जून के बाद संभावित कर्ज अदायगी में विफलता न केवल अमेरिकनों, बल्कि सारी दुनिया के विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। अमेरिकनों के लिए इसका अर्थ यह होगा कि डेमोक्रेट चिकित्सा व स्वास्थ्य बीमा, पेंशन या सामाजिक विकास परियोजनाओं की अपनी महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए पैसा जुटाने की स्थिति में नहीं होंगे। ऐसी स्थिति में राष्ट्रपति जो बाइडेन तथा डेमोक्रेटिक प्रशासन को अपनी सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को छोड़ना होगा। इनमें छात्रों के कर्ज या फीस माफ करना तथा नौजवानों को व्यक्तिगत करों में रियायतें देना आदि शामिल हैं।

उनके लिए युवा डेमोक्रेट करदाताओं को यह समझाने में कठिनाई हो सकती है कि पहले ही बहुत उच्च स्तर पर कर्ज की 31.4 ट्रिलियन डालर सीमा को और बढ़ाने के क्या नतीजे निकल सकते हैं। वास्तव में समस्या की गंभीरता का अंदाज इस बात से भी मिलता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने आस्ट्रेलिया की क्वाड बैठक में शामिल होने के लिए अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द करनी पड़ी तथा वे हिरोशिमा में जी-7 नेताओं की बैठक के बाद देश वापस आ गए। आखिरकार क्वाड शिखर बैठक रद्द करनी पड़ी तथा अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान व भारत के नेताओं ने हिरोशिमा में ही जी-7 के अवसर पर संक्षिप्त क्वाड बैठक कर ली। लेकिन अमेरिका तथा बाकी दुनिया के सामने उपस्थित मुद्दा थोड़ा अलग और जटिल है।

अमेरिका के आर्थिक मंदी में फंसने की सारी संभावनायें मौजूद हैं जिसके कारण विश्व स्तर पर वस्तुओं व सेवाओं की मांग में कमी आएगी। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक प्रगति की भावना को धक्का लगेगा, जबकि यह बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। दूसरा, संभावित आर्थिक संकट में बैंकों के पास एक मध्यावधि समय में बड़ी संख्या में निरर्थक हो चुके डालर-प्रभुत्व वाले बांडों या कर्ज पत्रों का अंबार लग जाएगा। इससे बचने के लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व व राजनेताओं को मध्यावधि में आर्थिक रास्ता सुधारने के प्रयास करने होंगे। इसमें खर्च पर भारी मात्रा में कटौती करना तथा देश के राजस्व में बढ़ोत्तरी करना शामिल है। लेकिन विडंबना है कि अमेरिका में 2024 में राष्ट्रपति चुनाव होंगे और ऐसी नीतियां डेमोक्रेटिक मतदाताओं को नाराज कर सकती हैं। तीसरा, अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर संकट को दूसरी अर्थव्यवस्थाओं तक फैलने से रोकना बहुत कठिन होगा। 2007-08 में रियल इस्टेट बंधक संकट के कारण पैदा वैश्विक आर्थिक संकट आसानी से भुलाया नहीं जा सकता है। यह 'हाउसिंग बबल' भारत जैसे बड़े विकासशील देशों तथा कम विकसित देशों के लिए समान रूप से तूफान की तरह सामने आया था। बैंकों द्वारा अत्यधिक जोखिम उठाने के कारण संकट सर्वाधिक गंभीर हुआ था। इसके कारण पैदा आर्थिक संकट सारी दुनिया के लिए 1929 की महामंदी के बाद सबसे बड़ा था। चौथा, यदि अंतत: अमेरिका अपने कर्जों का भुगतान करने में अक्षम रहता है तो अमेरिकन अर्थव्यवस्था पर बड़े पैमाने पर निर्भर भारत जैसे देशों को भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भारी निर्भरता जैसे तत्वों से बचने के लिए भारत को व्यापक पैमाने पर विविधीकरण करना होगा।

भारत को सचेतन रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था के 'वि-डालरीकरण' की दिशा में आगे बढ़ना होगा तथा इसे राज्य नीति का अंग बनाना होगा। पांचवां, जहां अमेरिका को निर्यात आकर्षक हो जाएंगे तथा आयात खर्च में कमी आएगी, वहीं वैश्विक स्तर पर मांग में भारी कमी के कारण व्यापार समझौतों से प्राप्त लाभ निरर्थक हो सकते हैं। ऐसे में कोई कारण नहीं है कि भारत को और ज्यादा स्वतंत्र व्यापार व मुद्रा नीति अपनानी चाहिए ताकि वह फेडरल रिजर्व से सुरक्षित दूरी बनाए रखते हुए वाशिंगटन-डीसी से अपने जुड़ावों को पुन: परिभाषित कर सके। छठा, डेमोक्रेटों व रिपब्लिकनों को आर्थिक व विकास मोर्चों पर मध्यावधि सुधारों के मामले में परस्पर सहमति बनानी होगी तथा उनको बेलगाम कर्ज लेने की नीति से बचने की भी जरूरत होगी जिसमें कर्ज भुगतान के लिए कर्ज लेने की नीति भी शामिल है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है कि 31 मार्च, 2024 तक नए कर्ज लेने की सीमा 1.5 ट्रिलियन डालर तक सीमित की जाए तथा इसके साथ ही खर्च में 1.47 डालर की कटौती की जाए। इस दृष्टिकोण से भारतीय अर्थव्यवस्था पर संभावित खतरा कम होगा। सातवां, एक आसन्न संकट को अनदेखा करना किसी के हित में नहीं होगा और न ऐसा संकट और बढ़ाने का प्रयास किया जाना चाहिए। इसलिए खर्चों को निर्धारित सीमा के एक प्रतिशत से अधिक जाने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। इस दृष्टिकोण से 2023 में अपनाई नीति समझदारी भरी है जिसमें कर्ज सीमित करना, बचत बढ़ाना तथा प्रगति करना शामिल है। इसके साथ ही नए कर्जों पर रोक लगानी होगी तथा धीरे-धीरे वर्तमान कर्जों का बोझ घटाना उचित होगा।

यह बात अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी रहेगी जो अपनी स्थिति को पुन: निर्धारित करने के साथ ही अपने व्यापार व निवेश साझीदारों में विश्वास का भाव पैदा करना चाहती है।

वित्त वर्ष 2022 के अंत में कर्ज-जीडीपी अनुपात लगभग 97 प्रतिशत था वर्तमान नीति तथा रिपोर्ट के अनुमानों के अनुसार यह 2097 में बढ़ कर 566 प्रतिशत हो सकता है। इस स्थिति की विभीषिका को किसी प्रकार अनदेखा नहीं किया जा सकता है। ऐसे में संशोधित आर्थिक नीति तैयार करने के साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को यह नहीं भूलना चाहिए कि 2011 के आर्थिक संकट को पैदा करने के पीछे अमेरिकी कांग्रेस के फैसले बड़े स्तर तक जिम्मेदार थे। इसके कारण केवल एक साल में सरकारी खजाने पर कर्ज लेने में असाधारण रूप से 1.3 बिलियन डालर की वृद्धि हुई थी। इसके साथ ही अमेरिका को ध्यान देना होगा कि चीन को इस संकट का लाभ उठाने का कोई अवसर न मिले।

चीन अमेरिका का सबसे बड़ा कर्जदाता है। उसके पास मौजूद अमेरिकी कर्ज पत्र, नोट्स व दीर्घकालीन बांडों का मूल्य 859.4 बिलियन डालर से लेकर एक ट्रिलियन डालर तक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने इन बदलती स्थितियों से महत्वपूर्ण सबक सीखे भी हैं और वह अधिक कर्ज लेने के खिलाफ स्पष्ट रूप से कट्टरवादी नीति अपना रही है।

## आप की बात

### पूर्वाग्रही विपक्ष

**नए संसद** उद्घाटन मे विपक्ष व अन्य दलों ने विरोध जताकर या बहिष्कार कर देश की संसद का तो अपमान किया ही है साथ ही संसद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाई है। विपक्ष व अन्य दलों का यह ड्रामा तो ऐतिहासिक दिन के बाद भी हो जाता। आखिर देश दुनिया को मतभेद जताकर क्या हासिल हो गया? संसद भवन कोई साधारण भवन नहीं, देश के इतिहास का अंग व करोड़ों देशवासियों की आस्था का भवन है। विपक्ष की पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता से यह साबित होता है कि वे देश की संसद की गरिमा को कुठाराघात पहुंचा सकते हैं तो जनता जनार्दन की समस्या को कितना समझेंगे। जनता जनार्दन को चुनावी दौर मे ऐसे राजनीतिक दलों को अस्वीकार करना चाहिए जो देश के इतिहास मे सकारात्मक रवैया नहीं अपना सकते हैं। ऐसे विपक्ष व अन्य दलों के राजनेताओं से क्या उम्मीद करें कि वे देश को नई दिशा दे सकते हैं? ऐसे दयनीय मानसिकता वाले राजनेताओं को राजनीति करने का कोई हक नहीं जो नई संसद के उदघाटन में अनर्गल बयानबाजी करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिकार्ड समय में नई संसद का निर्माण कर देश दुनिया को अपनी प्रतिभा व कार्यक्षमता दिखा दी है। वे साधुवाद के पात्र हैं।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह

### शानदार समारोह

**नई संसद** का उद्घाटन समारोह बहुत ही भावपूर्ण भव्य व बेमिसाल था। इसके वीडियो और तस्वीरें देखने से लगता है कि यह आधुनिकतम सुविधाओं से परिपूर्ण आगामी 50 वर्षों तक उपयोग में लाया जा सकने योग्य भवन बनाया गया है। इसे हमारी पूरा पुरातन संस्कृति से जोड़कर एक विशिष्टता प्रदान की गई है। इसमें आजादी के प्रतीक चिन्ह के रूप में नेहरू जी को दिया गया सिंगोल भी स्थापित किया गया है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नेहरू को ये उपहार में दिया गया था। भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी ने इसे ब्रिटिश हुकूमत की ओर से भारत को सत्ता सौंपे जाने को दर्शाने वाला एक प्रतीक कहा था। इस गौरवशाली भेंट को यदि धर्म के प्रतीक स्वरूप संसद में स्थापित करने के बाद संसद की शान में चार चांद लग गए हैं। इस अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना की गई। विडंबना है कि नई संसद के उद्घाटन के ऐसे ऐतिहासिक क्षण को भी विपक्षियों ने महत्व नहीं दिया। उनका संकुचित मोदी-विरोध हावी हो गया। एक नेता ने नई संसद को ताबूत की संज्ञा देकर अपना मानसिक दिवालियापन प्रकट किया है।

– **किशोरीलाल शर्मा,** ग्वालियर

### प्लास्टिक प्रदूषण

**राष्ट्रध्यक्षों**, पर्यावरण मंत्रियों और संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के अन्य प्रतिनिधियों ने फरवरी 2022 में नैरोबी में पहली सभा में प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने और 2024 तक एक अंतरराष्ट्रीय कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौते के ऐतिहासिक प्रस्ताव का समर्थन किया था। पेरिस में इसका दूसरा आयोजन दो जून तक है।

इसमें यह तय किया जाना है कि 2024 के अंत तक प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का एक वैश्विक नीति पर हस्ताक्षर हो जांए। 28 मई को पेरिस में ही इसी विषय पर क्षेत्रीय परामर्श प्रारम्भ किया गया। इसमें फ्रांस ने अपने उस फैसले को दोहराया जिसमें कहा गया है कि 2024 के पेरिस ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक आयोजन के दौरान फ्रांस प्लास्टिक का कोई इस्तेमाल नहीं करेगा तथा एक बार के लिए इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह से समाप्त कर दिया जायेगा।

प्लास्टिक प्रदूषण के कारण पर्यावरण के साथ-साथ समुद्र भी प्रदूषित हो रहा है। अब देखना ये है कि जलवायु परिवर्तन के तरह कहीं प्लास्टिक पर प्रतिबंध वाला राष्ट्रसंघ का प्रयास भी केवल नारा बन कर न रह जाए। इसमें सारी जनता का योगदान चाहिए।

– **चिश्ती मोहम्मद,** फिरोजपुर

### नीति आयोग का विरोध

**राज्यों** के विकास की जिम्मेदारी उनकी खुद की तो रहती ही है किन्तु केंद्र के सहयोग से विकास की गति को और अधिक गति मिलती है। इसके लिए केंद्र में नीति आयोग समय-समय पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्री या उनके प्रतिनिधियों की बैठक बुलाता है जिसमें राज्यों के समग्र विकास के लिए विचार-विमर्श कर नीतियों का निर्धारण होता है। केंद्र और राज्य में भले ही सरकारें अलग-अलग राजनीतिक दलों की हो सकती है किन्तु नीति आयोग की दृष्टि में सभी राज्यों के विकास को दृष्टिगत रखा जाता है। इसलिए सभी राज्यों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित भी किया जाता है। ऐसे में कुछ गैर-भाजपा शासित राज्यों का नीति आयोग की बैठक में भाग न लेना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे उनके राज्यों के विकास की गति रुकेगी। प्रत्येक राज्य को नीति आयोग की बैठक में अपने-अपने राज्यों के विकास के लिए भाग लेना चाहिए। विकास की नीति पर अनैतिक दलगत राजनीति को बढ़ावा देना देश-प्रदेश की जनता के हित में नहीं है। नीति आयोग का विरोध किसी प्रकार उचित नहीं कहा जा सकता है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# आज किसानों के आगे प्रशासन नहीं प्रशासन के आगे झुके किसान

## सूरजमुखी की खरीद शुरू न होने से नाराज किसानों ने किया था थाने का घेराव

### एक जून से सरकारी खरीद शुरू न होने पर दो जून को नेशनल हाईवे होगा जाम

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद



थाना परिसर में किसानों को सम्बोधित करते किसान नेता।

**भारतीय** किसान यूनियन के 29 मई के अल्टीमेटम के बाद भी सूरजमुखी की सरकारी खरीद शुरू नहीं हो पाई, जिससे रुष्ट किसानों ने मंगलवार को शाहाबाद थाने का घेराव किया। चेतावनी दी कि सरकारी खरीद शुरू न होने तक थाने में धरना जारी रहेगा।

मगर देर शाम तक जब यह मांग पूरी नहीं हुई, तो किसान एक जून की खरीददारी के आश्वासन पर ही संतुष्ट हो गए और अपने घरो को लौट गए। हालांकि किसानों के बीच पहुंचे भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने चेतावनी भरे स्वर में यह कहा कि अगर एक जून से भी सरकारी खरीद शुरू न हुई तो दो जून को नेशनल हाईवे जाम किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 22 मई को किसानों ने नई अनाज मंडी में शेड के नीचे बैठक करके सरकार को 25 मई तक सूरजमुखी की खरीद शुरू करने का अल्टीमेटम दिया था। उसके बाद फिर 26 मई को किसानों ने पंचायत की, जिसमें एसडीएम कपिल शर्मा ने 29 मई तक सरकारी खरीद शुरू करवाने का आश्वासन दिया था, जिस पर किसान सहमत हो गए और उन्होंने 29 मई तक का अल्टीमेटम सरकार को दे दिया। मगर जब 29 मई को भी खरीद शुरू नहीं हुई, तो 30 मई को किसानों की महापंचायत अनाज मंडी शाहाबाद में हुई। जब दोपहर एक बजे तक एसडीएम कपिल शर्मा किसानों के बीच नहीं पहुंचे, तो गुस्साए किसान जलूस की शक्ल में लाडवा रोड से जीटी रोड की ओर चल पड़े। लेकिन सड़क जाम करने के अंदेशे को लेकर डीएसपी रणधीर सिंह ने पुलिस बल के साथ किसानों को रोकने का प्रयास किया और उसके बाद बीच रास्ते में एसडीएम कपिल शर्मा किसानों के बीच पहुंचे। एसडीएम ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान नहीं माने। इसके बाद भाकियू के प्रवक्ता राकेश बैंस व ब्लॉक कार्यकारिणी सदस्य जसबीर सिंह मामूमाजरा ने थाने का घेराव करने का फैसला लिया और सैकड़ों की संख्या में किसान शाहाबाद थाना परिसर के अंदर धरने पर बैठ गए।

शाम को किसानों के बीच थाने में पहुचे गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने चेतावनी दी कि जब तक खरीद शुरू नहीं होती, तब तक किसान थाना नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि अगर आज सायं छह बजे तक सरकारी खरीद का कोई नोटीफिकेशन जारी न हुआ, तो किसान आगामी कार्रवाई के लिए तैयार हैं। मगर शाम 6:15 बजे गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने किसानो को बताया कि उपायुक्त कुरुक्षेत्र और प्रशासनिक अधिकारियो ने उनकी बाकी सभी मांगे मान ली है और खरीद भी 1 जून से शुरू हो जाएगी, जिसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान हरकेश खानपुर जाट्टान, जसबीर सिंह मामूमाजरा, पवन बैंस, अर्शपाल चढ़ूनी, पंकज हबाना, सुखचैन पाडलू, जयपाल चढ़ूनी आदि थे।

## जल के बिना भविष्य की कल्पना ही नहीं की जा सकती: बीके रीना

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीज और भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के सयुंक्त तत्वावधान में चलाये जा रहे जल जन अभियान के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर मॉडल स्कूल में ब्रह्माकुमारीज द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीके रीना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप बच्चें ही देश और समाज का भविष्य हो इसलिए ही ये अभियान लेकर हम आपके पास पहुंचे हैं। क्योंकि बच्चें कोई भी बात बहुत जल्दी सीखतें हैं।

यदि आप सब जल संरक्षण सीख जाएंगे तो बड़ों के लिये स्वयं ही प्रेरणा बन जाएंगे और आने वाली पीढ़ियों को भी जागरूक कर सकेंगे। जल के बिना किसी भविष्य और प्रगति की कल्पना ही नही की जा सकती। बीके रीना ने बताया कि वह स्वयं इस विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा रह चुकी हैं, इसलिये आज अपने ही विद्या के मंदिर में विशेष अभियान के तहत पहुंचने पर अधिक खुशी हो रही है। बीके सोनम ने सभी को जल संरक्षण की प्रतिज्ञा करवाई और कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखविंदर सिंह ने ब्रह्माकुमारी बहनों का विद्यालय में पहुंचकर विद्यार्थियों को जल बचाने के प्रति जागरूक करने के लिये धन्यवाद किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षक और बीके अशोक सैनी भी मौजूद रहे।

# यमुना पर हजारों श्रद्धालुओं को जल प्रदूषण के प्रति किया जागरूक

## मां यमुना सेवा समिति ने सूर्योदय के समय यमुना तट पर की महाआरती

### पूरा दिन चलाया भजन-कीर्तन व भंडारा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



यमुना के कुंडा घाट पर सूर्योदय के समय महाआरती करते श्रद्धालु।

**यमुना** दशहरे पर मां यमुना सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को दूसरे दिन भी सूर्योदय के समय कुंजपुरा खंड से लगते यमुना मैया के कुंडा घाट पर महाआरती की गई। मंगलवार को दिन भर में इस घाट पर हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तरप्रदेश व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से आए करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाई और मां यमुना की आराधना की।

पूरा दिन यमुना तट पर उत्साह के साथ भजन-कीर्तन किया गया। समिति के संरक्षक संत स्वरूप प्रेमपाल सागर ने सभी अनुयायियों को यमुना को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने का प्रण दिलाया। समिति के सेवादारों ने श्रद्धालुओं को दिन भर अटूट भंडारा चलाकर प्रसाद वितरित किया और प्यासों को पानी पिलाया। समिति की ओर से जरूरतमंदों को वस्त्र वितरित किए गए। आयोजन स्थल पर व्यवस्थाएं बनाए रखी। यमुना घाट पर ऐसा पहली बार हुआ कि स्नान करने वाले महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टेंट तक की व्यवस्था की गई। इस मौके पर रजनीश सुभरी, परविंद्र भाटिया, चंद्रप्रकाश वर्मा, विजय कांबोज, अंशुल राणा, रविंद्र कुमार, अनीता, पंडित हेतराम, सेजल गहलोत, पंकज गहलोत, पारस, पारूल, तरूण, सानवी, अविश, मयंक, सोनाली, लविश आदि मौजूद रहे।

### यमुनाजी की कथा श्रवण करने को उमड़े श्रद्धालु

**करनाल।** यमुना दशहरा के अवसर पर यमुनाजी के कुंडा घाट पर हरियाणा राज्य में प्रथम बार हुई यमुना मैया की महाआरती के दौरान संत स्वरूप स्वामी प्रेमपाल सागर ने श्रद्धालुओं को यमुनाजी की कथा सुनाई। उन्होंने कहा गर्ग संहिता में वर्णन है भगवान श्रीहरि की आज्ञा से गौलोक (ब्रह्मण्ड का ऊपरी शिखर) से मां यमुना की यात्रा शुरू होती है। शास्त्रानुसार माना जाता है कि यमुना विभिन्न लोकों से होती हुई विराज और द्रव्य ब्रह्म से मां गंगा भी साथ होती है और मां यमुना में समाहित होकर धारा के रूप में समस्त देव लोकों को स्पर्श करती हुई भारतवर्ष में धराधाम पर सर्वप्रथम समेरू पर्वत से टकराती हैं। फिर मेरू पर्वत से और वहीं से मां गंगा का रास्ता अलग हो जाता है और गंगा हिमालय पर्वत के हिमवान शैलखंड पर स्थापित हो जाती हैं और विराज नदी साथ बनी रहती हैं। गंगा को भगवान शिव ने अपने शीश पर लिया और फिर गंगोत्री धाम से आगे की यात्रा प्रारंभ करती हैं। गंगा सागर में समाहित होती हैं।

# मांगों को लेकर हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने किया प्रदर्शन



सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते शिक्षक।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भगवान** परशुराम कॉलेज में हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन द्वारा धरना का आयोजन किया गया। इस धरना प्रदर्शन का आह्वान एचसीटीए और एचफुक्टो द्वारा किया गया। एचसीटीए और हरियाणा फैडरेशन आफ यूनिवर्सिटी एण्ड कॉलेज टीचर्स आर्गेनाइजेशनज की मुख्य मांगें पुरानी पैंशन स्कीम लागू करो।

एडिड कॉलेजों की सैलरी रेगुलर की जाए। यूजीसी रैगुलेशनज की विसंगतियों को दूर करो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सभी से चर्चा के बाद ही लागू किया जाए और इसमें पब्लिक फंडिड (सरकारी) संस्थाओं के अधिकार व हित सुरक्षित करो। एडिड कॉलेजों में एनपीएस-युक्त शिक्षकों के लिए रिटायरमेंट कम डैथ ग्रैच्युटी का लाभ दो। एडिड कॉलेज स्टाफ को संशोधित मकान किराया भत्ता तुरंत प्रदान करो। एच-फुक्टो से शिक्षा अधिकारी रेगुलर मीटिंग करें। सैल्फ फाईनेंस शिक्षकों को बजटेड में कंटवर्ट करो। कॉलेजों में रिक्त पदों को तुरन्त भरा जाए।

यूनिवर्सटी में सीनियर प्रोफेसर बिना इंटरव्यू तुरन्त बनाओ। कॉलेज शिक्षकों को अकादमिक लीव और फंड प्रदान करो। ऑनलाईन पारदर्शी ट्रांसफर पॉलिसी लागू करो। शिक्षकों को गैर-शिक्षण कार्यों से मुक्त करो। ग्रामीण-सेवा की शर्त को पदोन्नति से अलग करो। पदोन्नति के सभी केस तुरन्त स्वीकार करो। चायल्ड केयर लीव सबको सरल प्रक्रिया द्वारा प्रदान करो। एडिड कॉलेजों में समेकित मैडिकल स्कीम लागू करो।

## स्कूल स्तर पर अपनी प्रतिभा निखारते रहना जरूरी: सतीश आर्य

**भिवानी।** देश के प्रतिष्ठित संस्थान साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित 25वें अवॉर्ड समारोह में भिवानी के प्रसिद्ध शिक्षाविद् व साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के सलाहकार डाक्टर सतीश आर्य ने कहा कि स्कूल लेवल पर बच्चों को अपनी स्किल्स व एफीसिएंशी को इंप्रूव करते रहना चाहिए। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के पूर्व डीन डाक्टर सतीश आर्य ने कहा कि अगर आप ऐसा करते है तो आप इतने कैपेबल होंगे कि पूरी दुनिया से कंपीट कर पाएंगे। साईंस ओलंपियाड फाऊंडेशन का आयोजन एसओएफ के सीईओ महाबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें देश भर से चुने हुए 700 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया दीपक मिश्रा थे। कार्यक्रम में उच्च न्यायालय दिल्ली की न्यायाधीश रेखा पिल्लई, कंपनी सेक्रेटरी संस्थान के अध्यक्ष मनीष गुप्ता विशिष्ट अतिथियों के तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर देश भर से चुने गए 700 बच्चों को विशिष्ट अतिथि डाक्टर सतीश आर्य, पूर्व चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया दीपक मिश्रा ने सम्मानित किया।

### किसी भी रूप में न होने दें अवैध माईनिंग

# स्कूल की छुट्टी के समय खनन के वाहनों पर लगे प्रतिबंध : राहुल हुड्डा

### दो महीनों में करीब 33 करोड़ रुपये का हुआ राजस्व प्राप्त

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



**उपायुक्त** राहुल हुड्डा ने कहा कि जिले में किसी भी रूप मे अवैध माईनिंग नहीं होने दी जाएगी। अवैध माईनिंग करने वाले के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए सम्बंधित अधिकारियों की कमेटी बनाई जाए और वह कमेटी समय-समय पर फिल्ड में जाकर निरीक्षण करें।

उपायुक्त मंगलवार को जिला सचिवालय में स्थित कांफ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने खनन अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जहां भी अवैध माईनिंग हो रही है उस पर निगरानी रखे। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग पर भी विशेष ध्यान रखा जाए। माईनिंग क्षेत्र में जो नाके लगाए गए है उन पर पुलिस व अन्य सम्बंधित अधिकारी वाहनों की जांच करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जो भी जुर्माना क्रैशर के मालिक पर बकाया है, उसे तुरंत जमा करवाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खनन के वाहनों को स्कूल की छुट्टी के समय गांवों के रास्ते से जाने से प्रतिबंध लगाए ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सकें और जिन गांवों से खनन के वाहन गुजरते है वहां पर पानी का छिड़काव करवाए।

इस बैठक में सहायक खनन अभियंता राजेश सांगवान ने बताया कि जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए है। सरकार का राजस्व भी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि दो महीने में 33 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले दो महीनों में अवैध खनन के चार मामले दर्ज किए गए है व 48 वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई है।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मोहित हाण्डा, एसडीएम जगाधरी अमित गुलिया, एसडीएम रादौर अमित कुमार, एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, जिला न्यायवादी धर्मचंद, डीईटीसी (सैल) अशोक पांचाल, आरओ प्रदूषण बोर्ड नितिन मेहता, संजीव कश्यप, डीएसपी राजेश कुमार आदि थे।

# दिग्विजय को उम्मीद जेजेपी अगले चुनाव में 55 सीट जीतेगी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर जजपा ने तैयारी शुरू कर दी। पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। दिग्विजय ने कार्यकर्ता मीटिंग में कहा कि हम भी महसूस करते हैं कि इस सरकार में वो ठाठ नहीं है जो चौधरी देवीलाल की सरकार में हुआ करते थे। या फिर हमारी पिछली 5 साल की सरकार में थे। वो ठाठ चाहिए तो अपने को 46 सीट चाहिए।

दिग्विजय ने कहा कि 2024के विधानसभा चुनाव में जेजेपी 50से 55सीट जीतेगी। दिग्विजय ने सीएम का नाम लिए बिना उनके भाजपा की सरकार कहने वाले बयान पर कहा कि मुख्यमंत्री सही कहते हैं, यह सरकार भाजपा की है, जेजेपी की नहीं है। मात्र 10 सीट से सरकार नहीं बनती। कांग्रेस के साथ सरकार बनाने का प्रयास करते तो 31 के साथ 10 जोड़ने पर भी सरकार नहीं बनती। निर्दलीय कांग्रेस के साथ नहीं आते। हुड्डा आज के दिन कुछ भी कहें, मैने आपको इनकी सारी बात बता दी। दिग्विजय ने कहा कि सरकार एक ही तरीके से बनती थी। हमने चाहे भाजपा के खिलाफ वोट मांगे हो, परंतु मुद्दा था कि दुष्यंत जीतने के बाद अपने वायदे पूरे कैसे करें। मैं नाम नहीं लूंगा कि एक आदमी ने कहा कि यह भाजपा की सरकार है, जजपा की नहीं, वह तो सहयोगी है। उसकी बात सही है।

दिग्विजय ने कहा कि हमारी उम्मीद दुष्यंत से 100 प्रतिशत की है और हमारे पास सीट 10 है। दीपेंद्र हुड्डा और भूपेंद्र हुड्डा एक ही बात कहते हैं कि 5100 रुपये पेंशन नहीं कर पाया। मैं पिता-पुत्र से पूछना चाहता हूं कि हमारे नौजवान जब रोहतक जाया करता था तो ऐसे लगता था कि विदेश में आ गए। हमारे इलाकों का हाल अलग था और रोहतक का हाल अलग था। आज दुष्यंत के खिलाफ दुष्प्रचार करते हैं। दुष्यंत के पास जितनी कलम की ताकत थी उसने प्रयोग किया। अगर आप चाहते हो कि वो राज आ जाए। इसके लिए 46 सीट चाहिए। आप दुष्यंत को आजमा रहे हो, परंतु उसके पास ताकत 10 प्रतिशत है। इसलिए गुजारिश करता हूं कि नाराज तो अपनों से हुआ करें।

# हरियाणा के नांगल चौधरी में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब का कार्य तेजी से चल रहा

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर और कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) की शीर्ष मॉनिटरिंग अथॉरिटी की दूसरी बैठक की अध्यक्षता की। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया।

बैठक में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उद्योग मंत्रियों ने वीडियो कार्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जेपी दलाल भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मनोहर लाल ने राज्य की दो बड़ी परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट साझा करते हुए कहा कि नांगल चौधरी में 886 एकड़ भूमि पर इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स हब बनाया जाना है। इस परियोजना से संबंधित सड़क, पानी और बिजली से संबंधित कार्य शुरू हो गया है और जून माह तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके अलावा, इंटर्नल रेल यार्ड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जल्द ही ईपीसी टेंडर जारी कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर (एकेआईसी) के साथ-साथ एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) परियोजना के तहत हिसार में 1605 एकड़ भूमि पर आईएमसी विकसित किया जाना है। इसके लिए सीएलयू के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति दी जा चुकी है।

# नशे के व्यापार पर रोक के लिए भारत विकास परिषद ने डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



डीएसपी को ज्ञापन सौंपते भाविप के पदाधिकारी।

**भारत** विकास परिषद की कुरुक्षेत्र जिला इकाई द्वारा मंगलवार को डीएसपी प्रदीप कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कुरुक्षेत्र शहर और ग्रामीण इलाकों में तेजी से बढ़ रहे नशे के व्यापार पर रोक लगाने की मांग की गई। अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि भारत विकास परिषद की कार्यकारिणी द्वारा तमाखू निषेध दिवस पर नागरिकों को नशे के प्रति जागरूक करने व नशा मुक्त रहने का संदेश देने के लिए शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कैंप लगाया जाएगा। इस अवसर पर परिषद के सचिव अतुल गोयल, कोषाध्यक्ष जयप्रकाश पवार, मीडिया प्रभारी संजय शर्मा आदि थे।

# एक जगह मरीजों को मुफ्त में मिलेगा हर बीमारी का इलाज

### आख, दांत स्वास्थ्य का इलाज व रक्तदान शिविर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**शहर** की अग्रणी समाज सेवी संस्था, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला इकाई सोनीपत व श्रीश्याम बालाजी सेवा मंडल के सयुंक्त प्रयास से रविवार को शम्भूदयाल स्कूल में सुबह 10 बजे से शाम दो बजे तक मुफ्त मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा। सेफ के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि सिग्नस जेके हिन्दू अस्पताल के प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा आंखों की जांच की जाएगी मरीजों को मुफ्त दवाई दी जाएगी तथा मोतियाबिंद के मरीजों का मुफ्त मे ऑपरेशन संस्था द्वारा किया जायेगा। सम्मेलन के प्रधान अनिल गुप्ता व महासचिव अरविन्द मित्तल ने बताया कि स्वास्थ्य की जांच सिग्नस जेके हिन्दू हस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की जाएगी।



# मोबिल ने ऋतिक रोशन को बनाया नया ब्रांड एंबेसडर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**मोबिल** जो ल्यूब्रीकेशन टेक्नोलॉजी इनोवेशन के क्षेत्र में ग्लोबल लीडर है, एक्सॉन मोबिल ने बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया। अपने आत्मविश्वास और बेजोड़ ऊर्जा के साथ मशहूर एक्टर, ऋतिक रोशन मोबिल को मानव प्रगति को बढ़ावा देने, विश्वास निर्माण एवं ग्राहकों को उनकी वास्तविक क्षमता को पहचानने में ब्रांड की बेमिसाल पसंद के रूप में उभरे हैं।

एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा, भारत में ऋतिक रोशन को अपने मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स के साथ पार्टनर बनाए जाने को लेकर बहुत अधिक उत्साहित हैं। हमें भरोसा है कि उनका व्यक्तित्व ट्रेड पार्टनरों से प्रतिध्वनित होगा एवं उपभोक्ताओं में जबरदस्त भरोसा कायम होगा, जिससे उन्हें भारत में ल्यूब्रीकेशन की जरूरतों को पूरा करने की मोबिल की क्षमता में विश्वास पैदा होगा।

ब्रांड एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए, अभिनेता ऋतिक रोशन ने कहा, मैं मोबिल और इसके भरोसेमंद ब्रांड के साथ पार्टनरशिप करने के लिए बड़ा उत्सुक हूं, जिसे न केवल भारत में अपितु दुनिया भर में पहचाना जाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि लोगों के जीवन और समुदाय को बेहतर बनाने में के चैंपियंस के प्रयासों के पीछे आत्मविश्वास ही सच्ची प्रेरक शक्ति है, और वह यही मोबिल ब्रांड है।

इससे पहले एक्सॉन मोबिल ने ऋतिक रोशन की एक्शन थ्रिलर विक्रम वेधा में पार्टनरशिप की थी, जिसमें यह संदेश दिया गया कि सही विकल्प का चयन करके स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।

मोबिल, एक सदी से भी अधिक समय से, टेक्नोलॉजी लीडर और भरोसेमंद पार्टनर के रूप में दुनिया की ल्यूब्रीकेशन जरूरतों को पूरा कर रहा है। इन मोबिल उत्पादों को उपभोक्ताओं की उनकी कारों, ट्रकों एवं मोटरसाइकिलों के इंजन के शानदार प्रदर्शन एवं सुरक्षा प्रदान करने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। मोबिल ने दुनिया भर के हर उद्योग में लागत कम करने, उत्पादकता बढ़ाने एवं उपकरणों की कार्य क्षमता में सुधार करके ग्राहकों की सहायता की है।



# आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट 14 जून तक निःशुल्क करवा सकते हैं

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**अतिरिक्त** उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मंगलवार को शहर के विकास सदन में आधार परियोजना की समीक्षा करते हुए इस कार्य में लगे ऑप्रेटर्स और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेशन के कार्य को मिशन मोड में करें, ताकि करनाल प्रदेश में शीर्ष पर आए। उन्होंने कहा कि 14 जून तक आधार दस्तावेज को ऑनलाईन अपलोड करना निःशुल्क है। दूसरी ओर आधार केन्द्र पर 50 रुपये शुल्क के साथ आधार को अपडेट करवाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि 10 साल पहले बने आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपडेट कराने में तेजी लाकर करनाल को प्रदेश में पहले नम्बर पर लेकर आएं। जिला के कम्प्यूटर ऑपरेटरों को इस कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया है। समीक्षा मीटिंग में उन्होंने कहा कि आधार अपडेशन के कार्य में जो फॉपरेटर ठीक से काम नहीं कर रहा, उसे हटाकर दूसरे ऑपरेटर को लगाया जाए। जो लोकेशन पर नहीं बैठता, उसकी मशीन बंद कर दें।

इसकी निगरानी के लिए उन्होंने कॉमन सर्विस सेंटर, स्पेशल पर्पज व्हीकल के जिला प्रबंधक विनोद शर्मा को निर्देश दिए और कहा कि निरीक्षण की रोजाना रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट कराना जरूरी है। इसके लिए यूनिक आईडेंटिफिकेशन अथोरिटी ऑफ इंडिया ने विशेष रूप से 10 साल से पहले जारी किए गए आधार के लिए पी.ओ.आई. व पी.ओ.ए. दस्तावेजो को अपलोड करने के लिए एक अभियान शुरू किया है।



# सेंसिंग सक्षम डीप ब्रेन स्टिमुलेशन: पार्किंसंस रोग के प्रबंधन में एक गेम-चेंजर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**डीप** ब्रेन स्टिमुलेशन सर्जरी (डीबीएस), जिसे ब्रेन-पेसमेकर सर्जरी के रूप में भी जाना जाता है, एक अच्छी तरह से स्थापित चिकित्सीय विकल्प है, जिसने पार्किंसंस रोग, आवश्यक कंपकंपी, डायस्टोनिया और इंट्रेक्टेबल वयस्क मिर्गी जैसे उन्नत अक्षम रोगों से पीड़ति रोगियों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। एक सरल नवाचार, सेंसिंग इनेबल्ड डायरेक्शनल डीबीएस, इस क्षेत्र में गेम-चेंजर के रूप में उभरा है।

पार्किंसंस रोग तंत्रिका तंत्र का एक प्रगतिशील विकार है जो शारीरिक गतिविधि को प्रभावित करता है। इसके लक्षणों में कंपकंपी, जकड़न, और समन्वय और संतुलन में कठिनाई शामिल हैं। यह रोग मस्तिष्क में डोपामाइन-उत्पादक कोशिकाओं के नुकसान के कारण होता है, जिससे डोपामाइन की कमी हो जाती है, एक रसायन जो आंदोलन को नियंत्रित करने में मदद करता है। जबकि दवाएं लक्षणों को प्रबंधित करने में मदद कर सकती हैं, वे समय के साथ कम प्रभावी हो सकती हैं और दुष्प्रभाव पैदा कर सकती हैं। डीबीएस पार्किंसंस रोग के रोगियों के लिए एक अच्छी तरह से स्थापित उपचार विकल्प है जो इष्टतम चिकित्सा उपचार के बावजूद मोटर जटिलताओं का सामना कर रहे हैं। डॉ. अनिर्बान दीप बनर्जी, न्यूरोसर्जरी के एसोसिएट डायरेक्टर और मेदांता इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेस, गुरुग्राम, दिल्ली एनसीआर में डीप ब्रेन स्टिमुलेशन सर्जरी के विशेषज्ञ ने कहा, इस सर्जरी की आत्मा इसकी सटीकता में बसती है, और इस संबंध में, डीबीएस सिस्टम सेंसिंग सक्षम है। गेम-चेंजर के रूप में उभरा। यह प्रणाली मस्तिष्क के वांछित क्षेत्रों में उत्तेजना को लक्षित करने के लिए सटीकता बढ़ाने के लिए दिशात्मकता और मस्तिष्क संवेदन सहक्रियाओं के लाभ प्रदान करती है।

सेंसिंग इनेबल्ड डायरेक्शनल डीबीएस सिस्टम हमें मस्तिष्क के विशिष्ट क्षेत्रों को अधिक सटीक रूप से लक्षित करने की अनुमति देता है, जो विशेष रूप से पार्किंसंस रोग के उपचार में महत्वपूर्ण है। यह क्रांतिकारी तकनीक रोगी के जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार कर सकती है।

# 34 लाख रुपये से बनी सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का किया लोकार्पण : कंवरपाल

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



**हरियाणा** सरकार में स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने बताया कि अपने जगाधरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में वह करोड़ों रुपये की लागत से हर गांव में विकास कार्य करवा रहे हैं, आज इसी कड़ी के अंतर्गत उन्होंने गांव भूड़कलां जाने वाली मुख्य सड़क से गांव भूड़कलां तक सड़क का सुदृढ़ीकरण के कार्य का जोकि लगभग 34 लाख आठ हजार रुपये की लागत से बना है उसका लोकार्पण किया।

उन्होंने बताया कि यह सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के सौजन्य से बनाई गई है, ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को बनाने में हरियाणा सरकार मजबूती से कार्य कर रही है, सड़कें हमारे विकास कार्यों की धूरी होती है, हरियाणा सरकार का पूरा ध्यान ग्रामीण सड़कों के साथ-साथ नैशनल हाइवे को बनाने पर है, आज हमारे क्षेत्र में कैल बाईपास से नया चाहड़ो, पंजेटो, बलाचौर, शेरपुर, चुहड़पूर ऊर्जनी होते हुए नैशनल हाइवे बाईपास गांव ताजेवाला तक बनाया जा रहा है, मेन नेशनल हाइवे पहले से ही जगाधरी-प्रतापनगर-पौंटासाहिब मार्ग पर है, क्षेत्र में दो नैशनल हाइवे होने से विकास व रोजगार के क्षेत्र में वृद्धि होगी, छछरौली क्षेत्र में सब डिविजन मंजूर हो गया है, गांव जैधर के सरकारी विद्यालय को पीएम श्री स्कूल का दर्जा प्रदान किया गया है। जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड़ रुपये की ग्रांट से सड़कों पर कार्य चल रहा है जिनमें से कुछ सड़कों का कार्य पूरा हो गया है व कुछ सड़कों का कार्य जल्द ही शुरू करवा दिया जाएगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रतापनगर में नया सरकारी कॉलेज, नई सरकारी आईटीआई, नया बस स्टैंड, फोरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, नया तहसील भवन, नया सरकारी अस्पताल, नया बिजली बोर्ड कार्यालय, बीडीओ कार्यालय यें सभी कार्य उन्होंने भाजपा राज में करवाए हैं इससे पहले की विपक्षी सरकारों व विपक्षी विधायकों ने पूरा क्षेत्र में कहीं कोई सुविधा नहीं शुरू करवाई। इस दौरान भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष निश्चल चौधरी, गांव भूडकलां सरपंच श्रीमती बालेश देवी, भाजपा नेता अमित चौधरी, प्रीतम सिंह, सोनू गुर्जर मांडेवाला, जेई मुनीष गर्ग, ब्लाक समिति सदस्य सुभाष बल्लेवाला, कर्म सिंह, ईशम सिंह, नाथी राम, शताब सिंह, रामकरण धीमान, बलबीर सिंह, सुभाष फौजी, कंवरसिंह देवधर, अमित सिंह, शक्ति केन्द्र प्रमुख सचिन पोसवाल, भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सारंग रोड अंडरब्रिज के नीचे गंदे पानी से मिले लोगों को राहत

**सोनीपत।** शंभुदयाल डिस्पोजल को जाने वाली सीवर लाईन का कनेक्शन ककरोई रोड़ पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की लाईन में जल्द से जल्द किया जाये, ताकि शंभुदयाल डिस्पोजल से ओवरफ्लो होकर सारंग रोड़ अण्डरब्रिज तथा गीता भवन पुल के नीचे बहने वाले गंदे पानी से नागरिकों को राहत मिल सके। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने नगर निगम के कार्यकारी अभियंता पंकज सैनी, अतिरिक्त अभियंता सुरेश लोहान, कनिश्ठ अभियंता सचिन तथा ठेकेदार राजीव गोयल के साथ जिस स्थान से कनेक्शन किया जाना है, जोकि ककरोई रोड़ पर स्थित है जाकर मौका देखा। राजीव जैन ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है इसलिए कनेक्शन का काम तुरंत शुरू किया जाए। मौके पर यह तय किया गया कि मंडी की तरफ से शंभुदयाल डिस्पोजल पर जाने वाली पानी की लाईन को एक बार पलग कर दिया जाये, जिससे यह पता लग जायेगा कि पानी ककरोई रोड़ पर स्थित लाइन में जाता है या नहीं और यह भी पता लग जायेगा कि डिस्पोजल में और कोई लाईन से पानी तो नहीं आ रहा। यदि सीवर का पानी ककरोई रोड़ पर नहीं जाता तो नई लाईन डालकर कनेक्शन किया जाएगा।

# हरियाणा की पहचान तीर्थों की धरती के रूप में है : मदन मोहन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा गंगा दशहरे पर हवन यज्ञ में पूजा करते हुए।

**कुरुक्षेत्र** विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा गंगा दशहरे पर कहा कि हरियाणा की एग्रीकचर से पहचान थी, फिर चर्चा खिलाड़ियों और वीरों के रुप में हुई। लेकिन जब से केंद्र में और हरियाणा में भाजपा की सरकार आई है, तब से हरियाणा को तीर्थो की धरती कहा जाने लगा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को एक और नई पहचान गीता की धरती के रूप में। कुरुक्षेत्र में लड़ाई तो हुई, लेकिन उस लड़ाई से हमें जो अनमोल रतन प्राप्त हुए उसके नाम से कुरुक्षेत्र की पहचान हो ऐसा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने पूज्य संतों के साथ मिलकर बनाया।

गीता के जो पहले दो शब्द हैं, धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र किस धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र में धर्म की विजय होनी चाहिए। यह पहला काम था जो भगवान श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र के इस पावन धरा को चुना। मदन मोहन छाबड़ा ने कहा कि हम हरियाणा के उन तीर्थों का चयन कर रहे हैं। जिनका उल्लेख ग्रंथों में है या उनका कहीं भी उल्लेख है। उनकी सूची हम सिद्धपीठ सतकुंभा तीर्थ का विकास करवाने के लिए हरियाणा सरकार से आग्रह करेंगे।

यह प्रार्थना में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और महामहिम राज्यपाल के समक्ष रखूंगा। सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरूप महाराज ने कहा कि सर्व सिद्धि सतकुम्भा सतकुंभा तीर्थ पौराणिक अलौकिक और दिव्य है। गंगा दशहरे कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सचिव मदन मोहन छाबड़ा का सभी की ओर से स्वागत करते हैं। भारत के 68 तीर्थ में शामिल सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम पर पौराणिक है, इस इसका उल्लेख ग्रंथों में मिलता है। खेड़ी गुज्जर में सिद्धपीठ तीर्थ सतकुंभा धाम चार दिशाओं का संगम है। हर वर्ग का व्यक्ति रविवार को सतकुंभा धाम पर स्नान करने आता है। पूर्णमासी को स्नान के लिए सतकुंभा धाम पर स्नान का खास महत्व है। डॉ. हरजीत, मनिंद्र सन्नी, जगबीर छौक्कर, मोनू यादव, महिपाल गौतम, सेठपाल छौक्कर, प्रबंध सूरज शास्त्री, ब्रह्मपाल छौक्कर ने झंडे जल की झबील की सेवा, जबकि सिद्धपीठ सतकुंभा धाम परिवार की ओर से हजारों श्रद्धालुओं के लिए अनंत भंडारा लगाया।यज्ञ में पवन शास्त्री, अनिल, आचार्य अमन शर्मा, सत्यवान महाराज, सोमबीर शास्त्री ने हवन में सेवा की। बजरंग दल खेड़ी गुज्जर के सदस्य, मास्टर कृष्ण चंद शर्मा ने व्यवस्था में सेवा की।

## शहर भर के गोवंश को सत्तू पिलाने का चलाया अभियान



पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**हिंदू** धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है तथा गोवंश की सेवा करना भगवान की सेवा के बराबर माना जाता है। इसी सोच के साथ निर्जला एकादशी की पूर्व संध्या पर आज मंगलवार को गोवंश की सेवा का गोसेवकों ने गौरक्षा दल के प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में अभियान चलाया, जिसके तहत शहर भर के बेसहारा गोवंश को आयुर्वेदिक सत्तू पिलाया गया। अभियान की सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम के पीठाधीश्वर अंतर्राष्ट्रीय श्रीमहंत डॉ. अशोक गिरी महाराज ने हरी झंडी दिखाकर की, जिसके बाद गोरक्षकों ने शहर भर में घूमकर बेसहारा गोवंश को सत्तू पिलाया तथा हालुवास गेट स्थित नगर परिषद की नंदीशाला में अभियान का समापन किया। इस अभियान के तहत शहर भर के सैंकड़ों बेसहारा गोवंश को सत्तू पिलाया गया। गौरक्षकों के अभियान को हरी झंडी दिखाते हुए डाक्टर अशोक गिरी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म में निर्जला एकादशी के दिन पानी पिलाने को सबसे बड़ा पुण्य का कार्य माना जाता है तथा यह पुण्य उस समय ओर अधिक बढ़ जाता है, जब सेवा गौवंश की हो। श्रीमहंत ने कहा कि गौ सेवा करना मानव का सच्चा व पहला धर्म है।

# आकर्षक ढंग से सजाई दस्तार चेहरे की खूबसूरती बढ़ाती है : अजराना

### छह दिवसीय दस्तार व दुमाला प्रशिक्षण केंप का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**हरियाणा** सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि दस्तार सिख की शान व पहचान है। यदि इसे आकर्षक ढंग से सजाया जाए, तो यह चेहरे की खूबसूरती को भी चार चांद लगा देती है। वे आज यहां ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही छठी कुरुक्षेत्र में दस्तार सजाओ प्रशिक्षण केंप- 2023 के शुभारंभ पर विचार व्यक्त कर रहे थे। अजराना ने बताया कि मीरी पीरी के दाते साहिब श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी महाराज के प्रकाश उत्सव के उपलक्ष में दस्तार व दुमाला प्रशिक्षण केंप आज से 4 जून तक लगाया जा रहा है। इसमें रोजाना सुबह 9 बजे से 12 बजे तक और शाम चार बजे से 7 बजे तक प्रसिद्ध कोच सिमरदीप सिंह के अलावा हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़ व दिल्ली के अनुभवी कोचों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। अजराना ने बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान महंत कर्मजीत सिंह सेवापंथी की प्रेरणा से दस्तार सजाओ मुकाबला- 2023 के तहत एक से तीन जून तक रोजाना शाम सात से आठ बजे दस्तार सजाओ मुकाबले होंगे। इन मुकाबलों के विजेताओं को रोजाना आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी सेवक जत्था कुरुक्षेत्र द्वारा भी विशेष योगदान दिया जा रहा है।

## सीबीएलयू के एमसीएस विभाग में मनाया गया हिंदी पत्रकारिता दिवस

**भिवानी।** चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के एमसीएस विभाग में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सोनू मदान के संयोजन में हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया गया। मीडिया एंड कम्युनिकेशन स्टडीज विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सोनू मदान ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपने जनसंचार एवं मीडिया विषय को चुना है यह बहुत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। आप सभी कड़ी मेहनत कर अपना शत प्रतिशत अध्ययन को दें। उन्होंने विद्यार्थियों को विभाग में समय के साथ हर संभव सुविधाएं उपलब्ध करवाने की बात कही। बतौर विषय वक्ता विश्वविद्यालय के पीआरओ प्रभारी ऋषि शर्मा ने कहा कि पत्रकारिता का क्षेत्र अति महत्वपूर्ण है। आज के एमसीएस के विद्यार्थी कल के होने वाले पत्रकार हैं। मीडिया के सिद्धांतों को जाने और एक निर्भीक, निष्पक्ष, मर्यादित एवं ईमानदार पत्रकार के रूप में अपना परिचय प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में आपकी कार्य कुशलता, भाषा पर पकड़, शब्दावली एवं लेखनी का बेहतर होना अनिवार्य है।

# बाल श्रमिकों का पुनर्वास करवाना है जरूरी: सीजेएम गुनीत अरोड़ा

### बाल श्रमिक पाए जाने के मामले में होगी कानूनी कार्यवाही

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बाल श्रम को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला में कहीं भी बाल मजदूरी करवाए जाने का मामला पाया गया तो दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सीजेएम गुनीत अरोड़ा ने आज एडीआर सेंटर के सभागार में बाल मजदूरी रोकने के लिए आयोजित की गई बैठक में उन्होंने कहा कि बच्चों के बचाव, पुर्नवास और जागरूकता के उद्देश्य के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को एक प्रस्ताव दिया है। जिसमें कहा गया है कि एक से तीस जून तक बाल मजदूरी में फंसे हुए बच्चों को उनके माता-पिता से मिलवाने और घर भिजवाने का कार्य किया जाएगा। जिसमें पुलिस विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला बाल संरक्षण अधिकारी व चाइल्ड हेल्प लाइन की टीम मिलकर काम करेगी।

सीजेएम गुनीत अरोड़ा ने बताया कि बाल मजदूरी एक अभिशाप है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास रुक जाता है। बाल मजदूरी एक कानूनी अपराध है। बाल मजदूरी करवाने वालों को दो साल की सजा व पचास हजार तक जुर्माना हो सकता है। उन्होंने बताया कि बाल मजदूरी को रोकने के लिए सभी अधिकारियों को एक साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

बाल मजदूरी करने वाले बच्चों के परिजनों की काउंसलिंग करवाई जाएगी। जिससे वे अपने बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए उनका स्कूल में नाम लिखवा सके। कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। बाल मजदूरी के खिलाफ लोगों को जागरुक करना और जो लोग कानून का उल्लंघन करते हैं, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही करवाना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य है।

## डब्ल्यूआरआई इंडिया ने की सैक्टर-2 में टेक्टिकल यूर्बनिज्म की शुरुआत

पायनियर समाचार सेवा । रोहतक




**जिला** प्रशासन, रोहतक पुलिस एवं हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सहयोग से डब्ल्यूआरआई इंडिया द्वारा बोटनार सेफर मोबिलिटी फॉर यूथ प्रोजेक्ट के तहत शहरी स्थानों को लोगों के लिए सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर-2 की मार्केट में टैक्टिकल यूर्बनिज्म की पहल की गई है। इस परीक्षण का मुख्य उद्देश्य वाहनों की बजाय लोगों के लिए पर्याप्त जगह बनाना था। इसलिए मार्केट से पार्किंग और वाहनों को हटाया गया है और यह जगह पैदल यात्रियों के लिए उपलब्ध करवाई गई है।

यह पहल शहर की नगरीय संरचना में उच्चतम स्थानिकी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए की गई है। यह ट्रायल मार्केट में पैदल यात्रियों के लिए निर्धारित क्षेत्रों, साइकिल, यातायात लेनों व अन्य संबंधित तत्वों को सम्मिलित करके एक जीवंत और स्वच्छ नगरीय पर्यावरण बनाने का प्रयास किया गया है। इसके फलस्वरूप लोग अब पैदल यात्रा करने, दुकानों का आनंद लेने और मनोहारी वातावरण में वक्त बिताने का आनंद ले रहे हैं। इससे न केवल पैदल यात्रियों के लिए सुविधा होगी, बल्कि भ्रमणकारियों और व्यापारियों को भी लाभ पहुंचेगा। सेक्टर 2 की मार्केट के परिवर्तित होने के बारे में स्थानीय निवासियों से एक सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है। वे इस पहल की सराहना करते हैं और इसे अनुकरणीय मानते हैं।

# दोस्ती का जश्न मनाती है सचिन की पक्की वाली यारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




**तैयार** हो जाइए दोस्ती का जश्न मनाने वाली और दिल को छू लेने वाली एक शॉर्ट फिल्म के लिए। लेखक-निर्देशक सचिन गुप्ता लेकर आ रहे हैं पक्की वाली यारी। सचिन इस शॉर्ट फिल्म को हिमांशु गोयल, अभिषेक चह्वाण और उरी फिल्म में काम कर चुकी रीवा अरोड़ा के साथ बना रहे हैं। इसमें इन तीनों की गहरी दोस्ती नजर आएगी। पक्की वाली यारी में तीनों कलाकारों की दोस्ती दर्शकों को संबंधों के महत्व का एहसास कराएगी। जून के पहले हफ्ते में इसे अमेजन मिनी पर रिलीज किया जाएगा।

हाल ही में बॉलीवुड लेजेंड धर्मेंद्र और प्रतिभाशाली श्वेता तिवारी के साथ दो लोकप्रिय शॉर्ट फिल्में निर्देशित कर चुके सचिन गुप्ता ने कहा, दोस्ती एक ऐसी थीम है, जो फिल्मों में कई पीढ़ियों से दर्शकों को लुभा रही है। यही मेरी नई शॉर्ट फिल्म पक्की वाली यारी की थीम है। यह एक साफ-सुथरी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के रिश्ते का जश्न मनाती है। सचिन परांठे वाली गली और बच्चों की तस्करी पर केंद्रित पाखी फीचर फिल्म भी बना चुके हैं। पक्की वाली यारी का निर्माण चिलसाग पिक्चर्स के बैनर तले किया गया है। इसमें काम कर रहे तीनों कलाकार पहले भी अपनी प्रतिभा दिखा चुके हैं। इससे पहले इन तीनों ने शॉर्ट फिल्म सुंदरवन की सुंदरी में साथ काम किया था। नाट्य भूषण से सम्मानित सचिन गुप्ता ने ऑफ ब्रॉडवे थिएटर के प्रोडक्शन में सेलिब्रेशन ऑफ लाइफ और हैंडीकैप्ड सिटी का निर्देशन भी किया है, जिन्हें न्यूयॉर्क और टोरंटो में प्रदर्शित किया गया था।

## सरकार अखबारों के विज्ञापनों की नीति पर पुन: विचार करे: धामु

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**हिंदी** पत्रकारिता दिवस पर हमें गरिमापूर्ण व जिम्मेदारीपूर्ण पत्रकारिता का संकृप लेना चाहिए। हमको आज के दिन प्रकाशित हुए उदंत मार्तंड के मालिक जुगल किशोर शुक्ल के संघर्ष से बहुत कुछ सिखना चाहिए, जिन्होने विपरित परिस्थितियों में भी अखबार प्रकाशित किया। अंग्रेज शासकों ने उनको डाकखाने से मिलने वाली रियायत तक नहीं लेने दी, जो अखबार पोस्ट करने के लिए मिल जाती थी।

बाद में तो अखबार को सैंसर किया जाने लगा। ऐसे हालातों में जुगल किशोर शुक्ल ने बड़ी हिम्मत तथा निर्भीकता से अखबार निकाला। धामु ने कहा कि आज भी अखबार अपना प्रसार बचाने के लिए पाठकों को प्रलोभन दे रहे हैं। उन्होने सरकार से मांग की है कि सरकार विज्ञापन नीति पर दोबारा से विचार करें ताकि मंझले अखबारों को थोड़ी मदद मिल सके। उन्होंने सरकार से सरकार से फर्जी मान्यताओं को रद्द करने की एक बार फिर से मांग की। साथ ही उन्होने दोहराया कि युट्यूब चैनलों के लिए भी सरकार पॉलिसी बनाए। क्योकि आज के समय में इन चैनलों के महत्व को नक्कारा नहीं जा सकता। उन्होने राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस सरकारी स्तर पर मनाए जाने की मांग की।


AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (खाता सं.) L9001060716890428 **श्री कृष्णा ट्रेडिंग कॉ. जरिए प्रोपराइटर हरिश कुमार (ऋणी)**, हरिश कुमार (सह-ऋणी), रवी गर्ग (सह-ऋणी), श्रीमती रोशनी देवी (सह-ऋणी) | 08 मई 2023 ₹ 3252140/- रु. बत्तीस लाख बावन हजार एक सौ चालीस मात्र दिनांक 06 मई 2023 तक | (1) सम्पत्ति स्थित प्लॉट नं. 100-ए भामाशाह नगर दयानन्द, ऋषि कॉलोनी तहसील व जिला - हिसर, हरियाणा **क्षेत्रफल 117.33 वर्ग गज** (2) सम्पत्ति स्थित भूमि नं. 13, ब्लॉक-एच, कृषि उपज मंडी, राजगड, जिला-चुरू, राजस्थान **क्षेत्रफल 133.33 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060122301060 **मोहन कुमार (ऋणी)**, श्रीमती भगवंती (सह-ऋणी), | 17 मई 2023 ₹ 1579994/- रु. पंद्रह लाख उनहत्तर हजार नौ सौ चौरानवे मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित नगर निगम मकान नं. 13, 167, सम्पत्ति आईडी एसआरएसबी 13, 00053 आवासीय सिरसा, जिला-सिरसा, हरियाणा **क्षेत्रफल 105.55 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060120310878 **स्वास्तिक प्लास्टिक वर्कस जरिए प्रोपराइटर पंकज कुमार (ऋणी)**, पंकज कुमार (सह-ऋणी), बलबीर सिंह (सह-ऋणी), प्रवीण कुमार (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 930631/- रु. नौ लाख तीस हजार छह सौ इकत्तीस मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित लाल डोरा, लाल लकीर, ग्राम-बेबील, कुम्हारों वाली गली, तहसील व जिला - अमबाला, हरियाणा **क्षेत्रफल 70 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060121121199 **ब्रदर मिल्क डेयरी सेन्टर (ऋणी)**, विरेन्द्र सिंह (सह-ऋणी), बलविंदर सिंह (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 652206/- रु. छह लाख बावन हजार दो सौ छह मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत वाक्या रकबा ग्राम सावंत खेड़ा एनए आवासिय सिरसा दबवाली, हरियाणा **क्षेत्रफल 151.06 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060825189202 **ब्रदर मिल्क डेयरी सेन्टर (ऋणी)**, बलविंदर सिंह (सह-ऋणी), विरेन्द्र सिंह (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 435878/- रु. चार लाख पैंतीस हजार आठ सौ अठहत्तर मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत- बठिंडा रोड गली नंबर 1, मंडी डबवाली डबवाली, जिला- सिरसा, हरियाणा **क्षेत्रफल 51.06 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060123221083 **आर पी मेडिकल (ऋणी)**, भागीरथ (सह-ऋणी), श्रीमती कलावती (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 1145028/- रु. ग्यारह लाख पैंतालीस हजार अट्ठाईस मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित फ्रीहोल्ड नगरपालिका सीमा अर्ध शहरी और ग्रामीण एम120 के12 बास रोड धारूहेड़ा रेवाड़ी, जिला- रेवाड़ी, हरियाणा **क्षेत्रफल 390 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060827342859 **आर पी मेडिकल (ऋणी)**, श्रीमती कलावती (सह-ऋणी), भागीरथ (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 1075988/- रु. दस लाख पचहत्तर हजार नौ सौ अठासी मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित नगर निगम - आरपी मेडिकल ओम हॉस्पिटल के पास एचडीएफसी बैंक धारूहेड़ा, जिला- रेवाड़ी, हरियाणा **क्षेत्रफल 1104 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060123424375 **मलकीत सिंह (ऋणी)**, पल कौर (सह-ऋणी), श्रीमती अकवींदर कौर (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 518314/- रु. पांच लाख अठारह हजार तीन सौ चौदह मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित नगर निगम वाकिया रकबा गांव रानिया 1516 व्यवसायिक सिरसा रानिया, हरियाणा **क्षेत्रफल 60.44 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060123432671 **पवन सिंह(ऋणी)**, मदन सिंह(सह-ऋणी), सुरेश सिंह (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 655295/- रु. छह लाख पचपन हजार दो सौ पचानवे मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत केएचडबल्यू 347 केएचटी 392 के एच एस 429 पूरन पाना पथेडा कनीना महेंद्रगढ़, जिला महेंद्र गढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 175 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060123815535 **श्रीमती अनीशा (ऋणी)**, श्रीमती भटेरी (सह-ऋणी), धरमबीर (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 540963/- रु. पांच लाख चालीस हजार नौ सौ तिरेसठ मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित शिव कॉलोनी, खेवट नं. 100, खाता नं. 103, किला नंबर 199//6/1, मोजा.- गोहाना, जिला- सोनीपत, हरियाणा **क्षेत्रफल 100 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060124276874 **खालसा मेडिकल स्टोर (ऋणी)**, दलविन्दर पाल सिंह(सह-ऋणी), श्रीमती गुरविन्दर (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 404417/- रु. चार लाख चार हजार चार सौ सत्रह मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत खेवट नं. 785 खसरा नं. 180 व्यवसायिक करनाल असंध, हरियाणा **क्षेत्रफल 29.05 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060126913468 **बिट्टू (ऋणी)**, श्रीमती कृष्णा देवी (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 1210769/- रु. बारह लाख दस हजार सात सौ उनहत्तर मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित नगर निगम - सिरसा शेरपुरा 54, जिला- सिरसा, हरियाणा **क्षेत्रफल 1936 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060827274245 **ग्रोवर डिपार्टमेंटल स्टोर (ऋणी)**, श्रीमती भागवंती जी (सह-ऋणी), मोहन कुमार (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 518596/- रु. पांच लाख अठारह हजार पांच सौ छियानवे मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्रोवर डिपार्टमेंटल स्टोर एमसी कॉलोनी सिरसा, जिला-सिरसा, हरियाणा, 125055 **क्षेत्रफल 105.55 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060828212622 **पवन वेजिटेबल सप्लायर (ऋणी)**, पवन सिंह (सह-ऋणी), मदन सिंह (सह-ऋणी) | 17 मई 2023 ₹ 305958/- रु. तीन लाख पांच हजार नौ सौ अठावन मात्र दिनांक 15 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत-पथेरा 55, पथेरा, जिला-महेंद्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 815 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001070529791902 **राजकुमार (ऋणी)**, श्रीमती सीमा (सह-ऋणी) | 19 मई 2023 ₹ 842047/- रु. आठ लाख बयालीस हजार सैंतालीस मात्र दिनांक 19 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत - महेंद्रगढ़, सिलारपुर, तोताहेरी (206), जिला-महेंद्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 1332 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001070225263872 **राजकुमार (ऋणी)**, श्रीमती सीमा (सह-ऋणी) | 19 मई 2023 ₹ 1501785/- रु. पंद्रह लाख एक हजार सात सौ पचासी मात्र दिनांक 19 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित खेवट नं.-42, खतौनी नं. - 52 मुस्तिल व किला नं.- 17/19 ग्राम श्योरामनाथ पुरा सिलारपुर महेंद्रगढ़ नांगल चौधरी, जिला-महेंद्रगढ़, हरियाणा **क्षेत्रफल 5850 वर्ग फीट** |
| (खाता सं.) L9001060121255294 **अशोक कुमार सचदेवा (ऋणी)**, श्रीमती मोनीका सचदेवा (सह-ऋणी) | 19 मई 2023 ₹ 560870/- रु. पांच लाख साठ हजार आठ सौ सत्तर मात्र दिनांक 18 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित नगर निगम आबादी मोहल्ला हाशमी काजीबाड़ा, एमसी नं. 2317, अंबाला, जिला- अंबाला, हरियाणा **क्षेत्रफल 49 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060825336272 **अशोक कुमार सचदेवा (ऋणी)**, श्रीमती मोनीका सचदेवा (सह-ऋणी) | 19 मई 2023 ₹ 244239/- रु. दो लाख चवालीस हजार दो सौ उनतालीस मात्र दिनांक 18 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित नगर निगम -एच.नं.- 2917, हाशमी मोहल्ला अंबाला, जिला-अंबाला शहर **क्षेत्रफल 720 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060123436760 **मनोज कुमार (ऋणी)**, पवन कुमार (सह-ऋणी) | 19 मई 2023 ₹ 378096/- रु. तीन लाख अठहत्तर हजार छियानवे मात्र दिनांक 18 मई 2023 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत मेगन पट्टी बाकल रोड के पास सरकारी गर्ल्स स्कूल कैथल कैथल, पुंडरी, हरियाणा **क्षेत्रफल 45 वर्ग गज** |

**स्थान : हरियाणा** **दिनांक: 30-05-2023** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# सोशल मीडिया से न्यायिक अधिकारी को बदनाम नहीं किया जा सकता: सुप्रीम कोर्ट

## पीठ ने कहा, कोर्ट कानून संबंधित फैसले सुनाने के लिए है, दया दिखाने के लिए नहीं

### न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब कार्यपालिका से ही नहीं बाहरी ताकतों से भी है

एजेंसी। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने एक जिला न्यायाधीश पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के मामले में एक व्यक्ति को 10 दिन कारावास की सजा सुनाने संबंधी मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिका खारिज करते हुए मंगलवार को टिप्पणी की कि कोई सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके न्यायिक अधिकारियों को बदनाम नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है।

न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने मौखिक टिप्पणी की, आपके अनुकूल आदेश नहीं दिया गया, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आप न्यायिक अधिकारी को बदनाम करेंगे। न्यायपालिका की स्वतंत्रता का मतलब सिर्फ कार्यपालिका से ही नहीं, बल्कि बाहरी ताकतों से भी आजादी है। यह दूसरों के लिए भी एक सबक होना चाहिए। उन्होंने कहा, उसे न्यायिक अधिकारी पर कोई भी आक्षेप लगाने से पहले दो बार सोचना चाहिए था। उसने न्यायिक अधिकारी को बदनाम किया। न्यायिक अधिकारी की छवि को हुए नुकसान के बारे में सोचिए। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील ने उच्चतम न्यायालय से नरमी बरतने का आग्रह किया और कहा कि कारावास की सजा बहुत अधिक है। वकील ने कहा कि यह मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है और याचिकाकर्ता पहले ही 27 मई से जेल में है। इसके बाद शीर्ष अदालत ने कहा, हम यहां कानून के संबंध में फैसला करने के लिए हैं, ना कि दया दिखाने के लिए। खासकर ऐसे लोगों के प्रति। याचिकाकर्ता कृष्ण कुमार रघुवंशी ने एक जिला न्यायाधीश के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के लिए उसके खिलाफ स्वत: संज्ञान लेकर शुरू किए गए अवमानना के आपराधिक मामले में उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी थी।

# रूस ने निशाना बनाया, यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणाली ने मार गिराए ड्रोन

एजेंसी। कीव



**रूस** ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाकर मंगलवार तड़के हवाई हमले किए वहीं यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणाली ने बड़ी संख्या में ड्रोन मार गिराए। पिछले 24 घंटे में कीव पर रूस ने तीसरी बार हमला किया। आसमान में रूसी ड्रोन और भीषण विस्फोट की आवाजें सुनाई देती रहीं।

कीव के सैन्य प्रशासन ने कहा कि शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, कीव के हवाई क्षेत्र में हवाई रक्षा बलों ने 20 से अधिक शाहिद ड्रोन (ईरानी ड्रोन) को मार गिराया। कीव सैन्य प्रशासन ने कहा कि होलोसीव जिले में एक बहुमंजिला इमारत में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, तीन अन्य घायल हो गए। इमारत के दो ऊपरी तल नष्ट हो गए और मलबे के नीचे लोगों के दबे होने की आशंका है। 20 से अधिक लोगों को वहां से बाहर निकाला गया।

## प्रमुख रक्षा अध्यक्ष चौहान ने राज्य के हालात पर कहा

# मणिपुर में चुनौतियों से निपटने के लिए थोड़ा समय लगेगा

### तीन मई से शुरू हुई हिंसा में अब तक 80 की मौत

एजेंसी। पुणे (महाराष्ट्र)

**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि कुछ समय में चीजें ठीक हो जाएंगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पूर्वोत्तर राज्य में स्थिति अब उग्रवाद से संबंधित नहीं है। अधिकारियों के अनुसार, मणिपुर में तीन मई से शुरू हुई जातीय हिंसा में अभी तक 80 लोगों की मौत हो चुकी है।

चौहान मंगलवार को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करने पुणे पहुंचे हैं। मणिपुर की स्थिति पर पत्रकारों द्वारा किए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, मणिपुर में सेना, असम राइफल्स को 2020 से पहले तैनात किया गया था। उत्तरी सीमाओं की चुनौतियां कहीं अधिक थीं इसलिए हमने सेना को वापस बुलाया। चूंकि उग्रवाद संबंधी समस्याएं कम हो रही हैं इसलिए भी हम ऐसा कर पाए। उन्होंने कहा मणिपुर में अब स्थिति उग्रवाद से संबंधित नहीं है। उन्होंने कहा कि यह दो जातियों के बीच टकराव और कानून-व्यवस्था की स्थिति है। सीडीएस ने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि सशस्त्र बलों और असम राइफल्स ने वहां बहुत अच्छा काम किया है और बड़ी संख्या में लोगों की जान बचाई है। हालांकि मणिपुर में चुनौतियां अभी खत्म नहीं हुई हैं, अभी इसमें थोड़ा समय लगेगा।

उम्मीद है कि ऐसा होगा और सरकार, सीएपीएफ आदि की मदद से अपना काम कर पाएगी। जवानों को संबोधित करते हुए चौहान ने उत्तरी सीमाओं पर चीन की पीएलए की तैनाती पर भी बात की।



### गृह मंत्री शाह ने मणिपुर में महिला नेताओं नागरिक संगठनों से की मुलाकात

**इंफाल।** हिंसा प्रभावित मणिपुर में शांति बहाल करने के उद्देश्य से मणिपुर की यात्रा पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कई पक्षकारों के साथ विचार-विमर्श किया, जिसकी शुरुआत उन्होंने महिला नेताओं के एक समूह के साथ नाश्ते पर हुई बैठक के साथ की। गृह मंत्री ने लोगों तक पहुंच बनाने की अपनी मुहिम के तहत नागरिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बैठक की। शाह ने ट्वीट किया, मणिपुर में महिला नेताओं (मीरा पैबी) के समूह के साथ बैठक की। मणिपुर के समाज में महिलाओं की भूमिका के महत्व को दोहराया। मिलकर, हम राज्य में शांति एवं खुशहाली बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### राष्ट्रपति से उच्चस्तरीय जांच आयोग गठित करने का आग्रह


**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और आग्रह किया कि प्रदेश में हिंसा रोकने तथा शांति एवं सौहार्द सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। इस प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि मणिपुर हिंसा की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के किसी वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच आयोग का गठन होना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा है। इस प्रतिनिधिमंडल में खड़गे के अलावा कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, महासचिव मुकुल वासनिक, कांग्रेस के मणिपुर प्रभारी भक्त चरण दास, पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह और कुछ अन्य नेता शामिल थे।

### सरकार ने मारे गए लोगों के परिजनों को मुआवजे देने के लिए कहा



**इंफाल।** केंद्र और मणिपुर सरकार ने राज्य में जातीय संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये का मुआवजा देने का फैसला किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। दंगे में मारे गए व्यक्ति के परिवार के एक सदस्य को नौकरी भी दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि मुआवजे की राशि केंद्र और राज्य सरकार बराबर-बराबर वहन करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के बीच सोमवार रात को हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया।

### कर्नाटक के नए शिक्षा मंत्री ने पाठ्यपुस्तकों में संशोधन का संकेत दिया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के नवनियुक्त प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा ने छात्रों के हित में और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनका दिमाग दूषित नहीं हो, आने वाले दिनों में स्कूली पाठ्यपुस्तकों में संशोधन का मंगलवार को संकेत दिया।

उन्होंने हिजाब पर प्रतिबंध को पलटने के संबंध में किसी तरह की टिप्पणी से परहेज करते हुए कहा कि यह मामला अदालत के समक्ष है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को खत्म करने के बारे में नई सरकार की योजनाओं का इंतजार करने को कहा।कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणापत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में रहने के दौरान स्कूल की पाठ्यपुस्तकों में किए गए बदलावों को पूर्ववत करने और एनईपी को भी खत्म करने का वादा किया था। बंगारप्पा ने कहा, मैं कांग्रेस की घोषणापत्र समिति का उपाध्यक्ष था और घोषणापत्र में हमने स्पष्ट रूप से कहा था कि छात्रों के भविष्य के हित में पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा होगी। हम नहीं चाहते कि उनका दिमाग दूषित हो।

## दिल्ली में नाबालिग लड़की की हत्या

# आप ने विपक्ष पर साधा निशाना कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

### पीड़िता के परिवार को 10 लाख रुपये देने की घोषणा

एजेंसी। नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) ने उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में एक नाबालिग लड़की की हत्या की घटना को लेकर शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए और लड़की के परिवार को 10 लाख रुपये बतौर अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की। पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने लड़की की हत्या की घटना को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर मंगलवार को निशाना साधा और कहा कि दिल्ली के लोगों का शहर की कानून-व्यवस्था प्रणाली से भरोसा उठ गया है।

पुलिस के अनुसार, उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में 16 वर्षीय लड़की की कथित रूप से उसके प्रेमी ने कई बार चाकू से वार कर और फिर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी थी। इस पूरी वारदात के समय आसपास खड़े लोग मूक दर्शक बने रहे। भारद्वाज ने मंगलवार को ट्वीट किया, शाहबाद डेरी में लड़की की निर्मम हत्या, लोग क्यों नहीं करते मदद? दिल्ली के लोगों का कानून व्यवस्था पर भरोसा उठ चुका है। जो पुलिस महिला पहलवानों और मनीष सिसोदिया पर बल का इस्तेमाल करती है, वह इन हत्यारों के सामने निर्बल नजर आती है। समस्या नेतृत्व में है। उपराज्यपाल साहब की प्राथमिकता कुछ और हैं। आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने मंगलवार को लड़की के माता-पिता से मुलाकात की। दिल्ली सरकार ने लड़की के परिवार को 10 लाख रुपये बतौर अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की है।




### आरोपी की बुआ बोली- साहिल को चाहे मारो पीटो या फांसी दो, उसे सजा मिलनी चाहिए

**बुलंदशहर।** उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में एक किशोरी की बेरहमी से हत्या करने के आरोपी की बुआ शम्मो का कहना है कि साहिल ने जो कुछ किया है, उसे उसकी सजा जरूर मिलनी चाहिए, चाहे उसे मारो, पीटो या फिर उसे फांसी दे दो। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में साहिल नामक युवक ने 16 वर्षीय साक्षी की चाकू से 20 से अधिक वार कर और पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी। निर्मम तरीके से की गई इस हत्या का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद लोगों में गहरा रोष है।

## राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने केंद्र पर साधा निशाना, कहा

# संसद धार्मिक अनुष्ठानों से परे हो कानून सबको समान नजरिए से देखे

### सिब्बल ने पिछले साल मई में कांग्रेस छोड़ दी थी

एजेंसी। नई दिल्ली



**राज्यसभा** सदस्य कपिल सिब्बल ने मंगलवार को नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह नया या पुराना भारत नहीं बल्कि ऐसा भारत चाहते हैं जहां संसद धार्मिक अनुष्ठानों से परे हो, कानून सभी के साथ समान व्यवहार करता हो और धार्मिक आस्थाओं को लेकर नागरिकों की हत्या न की जाती हो।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को नए संसद भवन के उद्घाटन को देश की विकास यात्रा में अविस्मरणीय पल करार दिया था।

नए संसद भवन की लोकसभा में अपने संबोधन में मोदी ने कहा था कि नई इमारत नई ऊंचाइयों को हासिल करने की दिशा में काम करने के लिए नए भारत की आकांक्षाओं और संकल्प को दर्शाती है। सिब्बल ने एक ट्वीट में कहा, सरकार और भारतीय जनता पार्टी कहती है कि एक नए भारत के लिए नई संसद। मैं कहता हूं: मैं अपना भारत न नया चाहता हूं न पुराना। ऐसा भारत चाहता हूं जहां, संसद धार्मिक अनुष्ठानों से परे हो। कानून सभी से समान व्यवहार करे। धार्मिक विश्वास और कारोबार के आधार पर नागरिकों की हत्या न हो। अगर युवा प्यार के लिए शादी करें तो बजरंग दल का डर न हो। एजेंसियों का राजनीतिकरण न हो। मीडिया निष्पक्ष हो।

सिब्बल ने नए संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की टिप्पणी को लेकर सोमवार को उन पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि ईंट और गारे से नहीं बल्कि 1.4 अरब लोगों की सोच व आकांक्षाओं के साथ स्वतंत्रता का विचार नए भारत का निर्माण कर सकता है।

### दल्ली में इस साल के अंत तक इलेक्ट्रिक बसों संख्या होगा 1500

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में इस साल के अंत तक 1500 इलेक्ट्रिक बस होने की उम्मीद है। मंत्री ने सावदा घेवरा इलाके में बन रहे बस डिपो का निरीक्षण करने के बाद यह बात कही।

परिवहन विभाग ने एक बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक बसों को खड़ा करने के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से यह बस डिपो बनाया जा रहा है। बयान के मुताबिक, 7.8 एकड़ में फैले डिपो में बस को चार्ज करने की सुविधा के साथ ही करीब 200 इलेक्ट्रिक बस को खड़ा करने की क्षमता होगी। गहलोत ने कहा, दिल्ली में सरकार द्वारा खरीदी जा रही 1500 इलेक्ट्रिक बस की पहली खेप जल्द ही आ जाएगी और बाकी सभी बस इस साल के अंत तक उपलब्ध होने की उम्मीद है।

# पाकिस्तान: जिन्ना हाउस पर हमले के मामले में इमरान को तलब किया

एजेंसी। लाहौर



**पाकिस्तान** में नौ मई को ऐतिहासिक कोर कमांडर हाउस या जिन्ना हाउस पर हुए हिंसक हमला मामले की जांच कर रहे संयुक्त जांच दल (जेआईटी) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को मंगलवार को तलब किया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान को लाहौर में किला गुज्जर पुलिस मुख्यालय में शाम चार बजे जेआईटी के समक्ष पेश होने को कहा गया है। उन्हें हमले को लेकर सरवर रोड थाने में दर्ज के एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

पूर्व प्रधानमंत्री खान को नौ मई को गिरफ्तार किए जाने के बाद हुए सरकार विरोधी प्रदर्शन में प्रदर्शनकारियों ने जिन्ना हाउस (कोर कमांडर हाउस) को आग लगा दी थी। बड़ी संख्या में पीटीआई कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस पर धावा बोल दिया था और इसमें तोड़फोड़ करने के बाद आग लगा दी थी। सूत्रों के हवाले से बताया कि जिन्ना हाउस और लाहौर में असकरी कॉरपोरेट टावर पर आगजनी और हमले की जांच के लिए पंजाब की अंतरिम सरकार ने जेआईटी का गठन किया था, जिसने मंगलवार को खान को तलब किया।

खान की गिरफ्तारी के विरोध में कई दिनों तक सड़कों पर विरोध प्रदर्शन हुआ। वहीं, सुरक्षा बलों ने नागरिक एवं सैन्य संस्थानों पर हमलों के बाद पार्टी के खिलाफ कार्वाई शुरू कर दी जिसके बाद पीटीआई नेताओं का पलायन शुरू हो गया। देश में हिंसक विरोध प्रदर्शनों में कम से कम आठ लोग मारे गए।


### दलितों और पिछड़ों के प्रति सपा की षड्यंत्रकारी नीति नहीं बदली : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद (एमएलसी) की दो सीटों के लिए हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की हार पर तंज कसते हुए मंगलवार को आरोप लगाया कि दलितों और पिछड़ों के प्रति सपा की षड्यंत्रकारी नीति थोड़ी भी नहीं बदली है। उन्होंने दलितों और पिछड़ों के साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से भी सपा से सावधान रहने की अपील की। बसपा प्रमुख ने मंगलवार को ट्वीट किया, उत्तर प्रदेश विधान परिषद की दो सीटों के लिए कल हुए उपचुनाव में हार निश्चित होने के बावजूद चुनाव में सपा द्वारा दलित व ओबीसी उम्मीदवार को खड़ा करना, हरवाना तथा ज्यादा संख्या बल होने पर इनकी अनदेखी करना यह साबित करता है कि इन वर्गों के प्रति सपा की षड्यंत्रकारी नीति थोड़ी भी नहीं बदली। सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, सपा व इनकी सरकारों के दौरान ऐसी ही संकीर्ण व घृणित राजनीति के कारण दलितों, अन्य पिछड़ों का काफी अहित होता रहा है।

### पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का समर्थक पत्रकार रिहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थक एक जाने माने टेलीविजन पत्रकार को उन्हें अगवा करने वालों ने रिहा कर दिया है, जिसके बाद वह मंगलवार को सुबह अपने घर लौट आए। पिछले सप्ताह लापता हुए पत्रकार सामी इब्राहिम के परिवार और उसके नियोक्ता ने यह जानकारी दी। सामी इब्राहिम के भाई अली रजा ने ट्वीट करके तथा बोल टीवी ने अपनी खबर में उनकी रिहाई की पुष्टि की। इब्राहिम के परिवार तथा बोल टीवी ने बताया कि वह इस्लामाबाद में काम के बाद घर लौट रहे थे तभी चार वाहनों में सवार आठ लोगों ने उनकी कार को बीच रास्ते में रोका और उन्हें अपने साथ ले गए थे। पत्रकार को अगवा करने की अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन माना जा रहा है कि उन्हें देश की सुरक्षा एजेंसियों ने पकड़ा था। इन एजेंसियों पर पत्रकारों को अगवा करने, प्रताड़ित करने तथा यातना देने के आरोप लगते रहे हैं।

### अतिरिक्त महानिदेशक बी दयानंद बेंगलुरु के नए पुलिस आयुक्त बने



**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीएच प्रताप रेड्डी का तबादला कर दिया और उनकी जगह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (खुफिया) बी दयानंद को नियुक्त किया। रेड्डी को आंतरिक सुरक्षा प्रभाग के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, सरकार ने अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजीपी) रैंक के यातायात विशेष आयुक्त डॉ. एमए सलीम को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) के महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में नियुक्त किया। सीआईडी का नेतृत्व करने वाले एडीजीपी केवी शरत चंद्र को एडीजीपी (इंटेलिजेंस) नियुक्त किया गया है।

### संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियान के प्रमुख ने भारतीय योगदान को सराहा

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियान के प्रमुख ने डिजिटल प्रौद्योगिकियों के महत्व को देखते हुए, इस संदर्भ में विश्व निकाय के शांति अभियानों की तेज गति सुनिश्चित करने के लिए भारत की पहल की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि भारत शांतिरक्षा के डिजिटलीकरण की संयुक्त राष्ट्र की रणनीति में एक प्रमुख भागीदार है। उन्होंने ब्लू हेलमेट के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने जैसी अहम पहलों में भारत की भागीदारी और प्रतिबद्धता की सराहना की। ब्लू हेलमेट संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सेना के जवानों को कहा जाता है। भारत संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा अभियानों में कर्मियों के योगदान के मामले में तीसरे नंबर पर है। उसके 6000 से अधिक सैन्य एवं पुलिस कर्मी साइप्रस, कांगो, लेबनान, पश्चिम एशिया और पश्चिम सहारा क्षेत्र में तैनात हैं।

# वीपीपी प्रमुख की भूख हड़ताल आठवें दिन भी जारी

एजेंसी। शिलांग

### आरक्षण नीति की समीक्षा की मांग को लेकर कर रहे हड़ताल


**मेघालय** में 1972 की आरक्षण नीति की समीक्षा की मांग को लेकर विपक्षी दल वॉयस ऑफ द पीपल्स पार्टी (वीपीपी) के अध्यक्ष अर्देंट बसाइवमोइत की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल मंगलवार को आठवें दिन भी जारी है। मेघालय के उपमुख्यमंत्री स्निआवभलंग धर का कहना है कि सरकार मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के राज्य लौटने के बाद आरक्षण नीति पर विचार करेगी।

वीपीपी नेता की मांग है कि खासी और गारो समुदायों के लोगों के बीच नौकरियों के 40-40 अनुपात की आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा की जाए। उन्होंने राज्य सरकार के वार्ता के अनुरोध को ठुकरा दिया। बसाइवमोइत ने कहा कि उनकी पार्टी तभी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल वापस लेगी, जब सरकार 1972 की नौकरी आरक्षण नीति की समीक्षा करने के लिए तैयार हो।

वीपीपी प्रमुख ने कहा, हमने सरकार के सामने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। यदि सरकार अब भी अड़ी रहती है, तो मैं तब तक इस जगह से नहीं जाऊंगा।

# सरकार चीन के साथ एलएसी पर स्थिति को लेकर श्वेत पत्र प्रकाशित करे : कांग्रेस

एजेंसी। बेंगलुरू



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने मंगलवार को चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर मौजूदा स्थिति के संबंध में तुरंत श्वेत पत्र प्रकाशित करने का सरकार से आग्रह किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी ने भाजपा नीत राजग सरकार के नौ साल पूरे होने पर उसके कार्य प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, किसी भी सरकार के प्रदर्शन का पांच मानकों से मूल्यांकन किया जाता है। भारत की बाहरी सुरक्षा, अर्थव्यवस्था की हालत, सामाजिक सद्भाव, आंतरिक सुरक्षा, और दुनिया के साथ भारत के संबंध या इसकी विदेश नीति। इन सभी मानकों पर, भाजपा-राजग सरकार पिछले नौ साल में पूरी तरह से नाकाम रही है। तिवारी ने कहा कि भारत पिछले कई दशकों की तुलना में सबसे अभूतपूर्व बाहरी सुरक्षा चुनौती का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा, चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने तीन साल से, भारतीय क्षेत्र पर किए गए कब्जे को खाली नहीं किया है। उन्होंने कहा कि चीनी घुसपैठ के बारे में देश के सामने खुलकर बोलने के बदले, दुर्भाग्य से राजग सरकार ने सितंबर 2020 से संसद में इस मुद्दे पर एक बार भी चर्चा की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा कि संसद सदस्यों, यहां तक कि सत्तारूढ़ दल के सदस्यों द्वारा भी पूछे गए सभी सवालों को राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर मंजूर नहीं किया गया।

कांग्रेस नेता तिवारी ने कहा, हम (कांग्रेस) मांग करते हैं कि राजग-भाजपा सरकार, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर क्या स्थिति है?, कितने बफर जोन बनाए गए हैं?, उनमें से कितने भारतीय क्षेत्र में हैं, और हमने कितना भू-भाग खो दिया है?, इस पर तुरंत श्वेत पत्र प्रकाशित करें। उन्होंने उन रिपोर्टों का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी की, जिनमें कहा गया है कि भारत ने नियंत्रण रेखा पर 65 गश्त बिंदुओं (पीपी) में से 26 तक अपनी पहुंच खो दी है, जो करीब 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र के बराबर है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने आंतरिक सुरक्षा का जिक्र करते हुए मणिपुर की स्थिति की ओर इशारा किया। उन्होंने कहा कि इतने दिनों बाद जाकर केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) ने राज्य का दौरा करना उचित समझा है। उन्होंने साथ ही केंद्र सरकार से सवाल किया कि वह जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने से क्यों डरती है?

### तिवारी ने विदेश नीति को लेकर विदेश मंत्री पर दागे तीखे सवाल

**तिवारी** ने भारत की विदेश नीति को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर से सवाल किया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई सीट मिलने की दिशा में पिछले नौ साल में कोई प्रगति क्यों नहीं हुई? सवाल किया, इसके अलावा, भारत को परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह की सदस्यता क्यों नहीं मिली? 2015 से, दक्षेस का कोई शिखर सम्मेलन क्यों नहीं हुआ है? भारत के पड़ोस में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए सरकार क्या कर रही है? और, क्या बढ़ते रूसी-चीनी सम्मिलन के लिए भारत के पास कोई जवाबी रणनीति है?

# जल जीवन मिशन में गाजियाबाद अव्वल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद




**गाजियाबाद** जिले ने एक फिर नई छलांग लगाई है। जल जीवन मिशन योजना में जिला देश में नम्बर वन पर पहुंच गया है। डीएम आरके सिंह और सीडीओ विक्रमादित्य सिंह मलिक की नेतृत्व क्षमता के चलते जिला विभिन्न योजनाओं में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। प्रदेश से लेकर देशभर में जिला अव्वल रैकिंग पर पहुंच रहा है।

जल जीवन मिशन सर्वेक्षण में जिले ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिले ने 50 से 75 फीसदी कनेक्शन कवरेज में यह स्थान प्राप्त किया है। मुख्य विकास अधिकारी विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि हर घर नल और शुद्ध पेयजल पहुंचाने के अभियान को गहनता से पूरा किया जा रहा है। वर्तमान में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के 50 हजार घरों में नल लगाए जा चुके हैं। इसके अलावा 140 गांवों में जल योजना के तहत पेयजल के लिए डीपीआर स्वीकृत हो चुकी है और उन पर काम तेजी से चल रहा है। यह अभियान तब तक नहीं रुकेगा, जब तक हर घर नल योजना न पहुंच जाए। बता दें कि यह कोई पहली उपलब्धि नहीं मिली है जो जिले को हासिल हुई है। हाल ही में जिला समाज कल्याण विभाग की योजनाओं को बेहतर तरीके से लाभार्थियों तक पहुंचाने के लिए भी जिले के अधिकारी सम्मानित हुए हैं। इसके अलावा हाल ही में सीडीओ के नेतृत्व में अमृत सरोवर योजना में जिले को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। आजादी से अंत्योदय तक अभियान में भी नौ विभागों की 17 योजनाओं को जनपद में लागू कराने में देश में जिला प्रथम रहा है।

## मेयर के लिए कार्यकारिणी सदस्य चुनाव शांतिपूर्ण कराना होगी चुनौती

**गाजियाबाद।** चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्षदों की नजर अब नगर निगम बोर्ड की पहली बैठक पर है। बैठक कब होगी इसके लिए अभी तारीख तय नहीं है, लेकिन इस बैठक को लेकर जल्दी ही नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों में सियासी घमासान मचने जा रहा है।

नगर निगम में पहली बोर्ड की बैठक में ही 12 पार्षदों का चुनाव नगर निगम कार्यकारिणी के लिए होगा। इनमें से पहले एक के बाद छह कार्यकारिणी सदस्य रिटायर हो जाएंगे। उनके स्थान पर दो वर्ष के लिए फिर से कार्यकारिणी के लिए छह सदस्यों को चुना जाएगा।

# महिलाओं के लिए सुरक्षित होगा नोएडा

## 625 जगहों पर लगेंगे कैमरे, हर कोने पर पुलिस की नजर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




**महिलाओं** को सुरक्षा देने के साथ शहर के कोने-कोने पर सीसीटीवी कैमरों के जरिये निगरानी रखने के लिए नोएडा में सेफसिटी परियोजना को लागू किया जा रहा है। इसके तहत 625 स्थानों पर स्मार्ट पोल लगाए जाएंगे। इन पर फिक्स और 360 डिग्री घूमने वाले कैमरों लगाए जाएंगे। इन कैमरों के जरिये पूरे शहर पर नजर रखने के लिए सेक्टर.94 स्थित कमांड़ कंट्रोल रूम में एक और कंट्रोल रूम बनाया जाएगा।

जिन 625 स्थानों पर ये कैमरे लगा, जाएंगे, उनमें भीड़.भाड़ वाले स्थान, अस्पताल, स्कूल, मार्केट और विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्र को शामिल किया गया है। परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए कंसलटेंट की नियुक्ति किए जाने के साथ ही सौ करोड़ रुपये के प्राथमिक बजट को भी मंजूरी दी गई है। उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ दुराचार, छेड़छाड़, चेन झपटमारी जैसे अपराध रोकने और महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रदेश में सेफसिटी योजना की शुरुआत की गई है। जिससे महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध रोकने में मदद मिलेगी।

इस योजना की शुरुआत प्रदेश के छह शहर नोएडा, लखनऊ, आगरा, वाराणसी, गोरखपुर व प्रयागराज में की गई है। योजना के तहत महिला पुलिस की तैनाती, पिंक बूथ, पैनिक बटन, हेल्पडेस्क, पिंक बस जैसे सुविधाओं की बढ़ोतरी की जानी है।

इस परियोजना को नोएडा में मूर्त रूप दिए जाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस, प्रशासन और प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने 625 स्थानों को चिह्नित किया है, जहां कैमरों से लैस स्मार्ट पोल लगाए जाएंगे। परियोजना के लिए सौ करोड़ रुपये का प्राथमिक बजट स्वीकृत कर कंसलटेंट की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।

जो 625 स्थान चिह्नित किए गए हैं, इनकी संख्या और बढ़ सकती है, ऐसे में प्राथमिक बजट में भी बढ़ोत्तरी होगी। इन स्मार्ट पोल पर सबसे ऊपर लाइट होगी। इसी पोल पर फिक्स और 360 डिग्री तक घूमने वाले कैमरे लगे होंगे। जो सीधे कंट्रोल रूम से जुड़े होंगे। इन पोल पर एक पब्लिक एनाउंसमेंट पीए सिस्टम भी लगा होगा। इमरजेंसी काल बाक्स भी इस पोल पर लगाया जाएगा, जिससे किसी भी आपात स्थिति में सीधे कंट्रोल रूम से बात की जा सकेगी। सेफसिटी परियोजना के तहत 625 स्मार्ट पोल लगाए जाने के साथ भीड़-भाड़ वाले और धार्मिक स्थलों पर 25 स्थानों पर ऐसे कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे किसी भी व्यक्ति को उसके फोटो के जरिये पहचाना जा सकेगा।

इससे शहर में घूमने वाले संदिग्ध लोगों की पहचान आसान होगी और आपराधिक प्रवृति के लोगों की धरपकड़ भी आसान होगी।

### बदल जाएगा नोएडा प्रवेश द्वार का डिजाइन

**ग्रेटर** नोएडा में जी.20 समिट होने वाले है। इसके लिए अन्य देशों से शहर में लोगों का आना जाना होगा। नोएडा के रास्ते ही डेलीगेशन ग्रेटर नोएडा जाएंगे। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण शहर को बेहतरीन लाइटों से सजाने का काम करने जा रहा है। शहर में जी.20 समिट को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। सेक्टर.14ए चिल्ला बॉर्डर पर बना नोएडा गेट जल्द ही बदला हुआ नजर आएगी। इसका डिजाइन बदलने के लिए नोएडा अथॉरिटी ने काम शुरू करवा दिया है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि गेट का स्ट्रक्चर पुराना ही रहेगा आकर्षक बनाने के लिए डिजाइन बदलाव होगा।

# आप को मिला सीताराम येचुरी का साथ

**अध्यादेश के खिलाफ सभी विपक्षी दल संविधान पर हमला करने वाली मोदी सरकार से बचाएं**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट कर उनका समर्थन जुटाने की कोशिशों में लगे हैं। वह लगातार भाजपा विरोधी नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को केजरीवाल ने सीपीएम नेता सीताराम येचुरी से मुलाकात कर अध्यादेश के खिलाफ उनका समर्थन मांगा। येचुरी ने गैर भाजपा दलों से अपील करते हुए कहा कि सभी केंद्र के इस अध्यादेश का विरोध करें और संविधान पर हमला करने वाली मोदी सरकार से इसको बचाएं।

सीपीआई (एम) महासचिव सीताराम येचुरी से मुलाकात बाद अरविंद केजरीवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि केंद्र सरकार ने लोगों के अधिकार छीनने वाला अध्यादेश जारी कर हमारी सारी शक्तियां छीन ली थी। जबकि पहले ये शक्तियां पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पास होती थी। लेकिन केंद्र सरकार ने सारी शक्तियां छीन कर दिल्ली सरकार को पंगु बना दिया गया। फिर भी बहुत सारे काम किए। इतने सारे काम कैसे किए, ये बात सिर्फ वह ही जानते हैं। येचुरी ने कहा कि उन्होंने साफ कहा कि यह देश की संवैधानिक व्यवस्था और जनतंत्र के खिलाफ है। एक तरह से देखा जाए तो यह न्यायालय की अवमानना का भी मामला है, क्योंकि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने कोई आदेश जारी किया और आप उसे अध्यादेश के जरिए पलट रहे हैं। संविधान के जो बुनियादी स्तंभ हैं, उनमें से एक संघवाद है। यानी केंद्र और राज्य की सरकार की शक्तियां अलग हैं। मोदी सरकार केंद्र और राज्य के बीच में जो रिश्ता है, उसे पूरी तरह से नष्ट कर रही है। अब राज्य की सरकारों के अधिकारों के ऊपर कई तरह के हमले हो रहे हैं। आज जिस तरह से यह अध्यादेश लाया गया, यह हमारे संविधान का उल्लंघन है। हम इसका खंडन और विरोध करते हैं। इस अध्यादेश के खिलाफ अब राज्यसभा या कहीं पर भी मतदान करने का मौका मिलेगा तो सीपीआई(एम) इसके विरोध में वोट डालेगी।

## नोएडा पुलिस ने फर्जी दरोगा को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** यूपी पुलिस की वर्दी पहनकर रोब झाड़ने वाले एक शख्स को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस टेलर को भी पकड़ा है जो वर्दी सिलवा कर देता था। पूछताछ में उसने बताया कि बचपन से ही उसे पुलिस की वर्दी पहनने का शौक था। इसलिए वो वर्दी पहनकर घूमता था। दरअसल सोमवार शाम को बोटेनिकल गार्डन के पास पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक शख्स पुलिस की वर्दी पहनकर घूमता नजर आया। उसने उप्र पुलिस उप निरीक्षक की वर्दी पहन रखी थीं। पुलिस ने उसे रोका और सघन पूछताछ की। पहले तो वो रोग झाड़ने लगा। इसके बाद सख्ती से पूछताछ की गई। जिसके बाद उसने बताया कि ये वर्दी उसने सिलाई और पहनकर घूत रहा था। इसकी वर्दी पर बाकायदा उप्र पुलिस का मोनो ग्राम व स्टार भी लगे थे। इसकी पहचान इंद्रजीत पुत्र महावीर निवासी खोंड़ा जनपद गाजियाबाद हुई है। पूछताछ के बाद वर्दी सिलने वाले धर्मपाल पुत्र लटूर सिंह निवासी खोडा जनपद गाजियाबाद को भी गिरफ्तार किया। बताया गया कि इंद्रजीत काफी दिनों से वर्दी पहनकर लोगों से रोब झाड़ रहा था।

# ग्रेटर नोएडा में ड्रग्स फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो विदेशी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सेक्टर** ओमेगा स्थित जज सोसायटी में विदेशी नागरिक ड्रग्स फैक्ट्री चला रहे थे। पुलिस ने मौके से दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को मौके पर ड्रग्स फैक्ट्री चलती हुई मिली है और 20 किलो से अधिक की ड्रग्स बरामद हुई है।

अभी आकलन किया जा रहा है कि मौके पर कुल कितनी ड्रग्स मिली है। 16 मई को सूरजपुर में पकड़ी ड्रग्स फैक्ट्री मामले में जेल गए आरोपित चिड़ी को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की थी। जिसमें ग्रेटर नोएडा में एक और ड्रग्स फैक्ट्री का पता चलने पर पुलिस ने छापेमारी कर दूसरी ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ी है। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि रिमांड पर 0विदेशी नागरिक से पूछताछ के दौरान दूसरी फैक्ट्री की जानकारी मिली।

# युवाओं ने शौक पूरा करने के लिये बना लिया चोर गिरोह

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने के एसएचओ उमेश नैथानी की टीम ने जिस वाहन चोर गैंग को दबोचा है, उसमें सभी की उम्र 19 से 23 वर्ष है। करीब आधा दर्जन युवाओं ने गर्लफ्रेंड और अपने मंहगे शौक पूरे करने के लिये लगभग थैफ्ट गैंग बना लिया था।

क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस द्वारा पकड़े गये इस यंगस्टर गैंग के पांच वाहन चोरों के पास से विभिन्न स्थानों से चुराये गये दुपहिया वाहन, चाबी के गुच्छे और अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस गैंग का सरगना विशाल उर्फ नेता है। इसके अलावा पुलिस की गिरफ्त में आये अन्य वाहन चोरों के नाम सन्नी, मोनू, राज व गुड्डू हैं। पुलिस के अनुसार यह गैंग गाजियाबाद, एनसीआर, हरियाणा व दिल्ली में वाहन चुराया करता था।

# उपराज्यपाल को भेजी डीईआरसी अध्यक्ष की नियुक्ति की फाइल

**सीएम केजरीवाल ने की सेवानिवृत्त जस्टिस राजीव कुमार श्रीवास्तव के नाम की सिफारिश**

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**केजरीवाल** सरकार ने दिल्ली विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति की फाइल उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के पास भेजी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर सेवानिवृत्त जज राजीव कुमार श्रीवास्तव को डीईआरसी का अध्यक्ष नियुक्त करने की सिफारिश की है।

दिल्ली सरकार ने एलजी को यह प्रस्ताव उच्चतम न्यायाल के आदेश के अनुपाल में भेजा है। डीईआरसी के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति का मामला चार महीने से रूका हुआ है और पूरा काम ठप पड़ा है। इस मामले को लेकर गत 19 मई को सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने एलजी को दो सप्ताह के अंदर इसपर निस्तारण करने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा है कि एलजी लैंड, पब्लिक आर्डर और पुलिस को छोड़कर बाकी विषयों पर चुनी हुई सरकार की सहायता व सलाह पर कार्य करने के लिए बाध्य हैं।

दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि डीईआरसी के अध्यक्ष की नियुक्ति इसलिए महत्वपूर्ण है, ताकि बिजली क्षेत्र को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर सके।

चार महीने पहले केजरीवाल ने डीईआरसी अध्यक्ष के रूप में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राजीव कुमार श्रीवास्तव की नियुक्ति को मंजूरी दी थी। उनकी नियुक्ति का प्रस्ताव पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पेश किया था, जिनके पास बिजली मंत्रालय का प्रभार था। इससे पहले, पिछले दो डीईआरसी अध्यक्षों की नियुक्ति विद्युत अधिनियम के इसी प्रक्रिया के अनुसार की गई थी।

# मोदीनगर में सुसाइड नोट लिख छात्रा ने पीया ऑलआउट

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

**मोदीनगर** में सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद बीए की छात्रा ने ऑल आउट पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। गंभीर हालात में छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहरीला पदार्थ पीने से पहले छात्रा ने दो पेज का एक सुसाइड नोट भी लिखा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनकी 17 वर्षीय पुत्री बीए की छात्रा है। बताया जा रहा है कि छात्रा की दोस्ती पड़ोसी के एक युवक से थी। गत 6 मई को पड़ोसी युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बिना बताए ही युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। आरोप है कि युवक की मौत के बाद उसके परिजनों ने सोशल मीडिया पर छात्रा के कई तरह के फोटो वायरल कर दिए। वायरल फोटो पर लिखा है कि युवक ने इस युवती के चलते ही अपनी जान दी है। छात्रा पर युवक को ब्लैकमेल करने का भी आरोप सोशल मीडिया पर लगाया था। इसके चलते छात्रा डिप्रेशन में आ गई। देर रात को छात्रा ने दो पेज का सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या करने के इरादे से ऑलआउट पी लिया। ऑलआउट पीते ही छात्रा की हालात बिगड़ने लगी। परिजनों ने छात्रा को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालात बिगड़ने पर उसे रेफर कर दिया गया। अभी भी उसकी हालात गंभीर बताई जा रही है। सुसाइड नोट में युवक के परिजनों पर परेशान करने का आरोप लगाया गया है। युवती ने लिखा है कि युवक से मेरे कोई संबंध नहीं थे, बेवजह मुझे बदनाम किया जा रहा है। एसीपी रितेश त्रिपाठी का कहना है कि युवक की मौत के मामले में किसी तरह की शिकायत नहीं मिली थी। युवती के संबंध में किसी तरह के मैसेज को वायरल करना कानूनी अपराध है। युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत में सुधार है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मोदीनगर तहसील पर लोगों का प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से स्वीकृत बताकर कॉलोनी काटने बेचने वालों के खिलाफ मंगलवार को लोगों ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि अब इन कॉलोनियों में रहने वाले लोग जलभराव व अन्य समस्याओं से जुझे रहे हैं। उपजिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया। गांव फफराना के ग्राम प्रधान अनिल कुमार के साथ सैकड़ों महिला व पुरुष एकत्र होकर मोदीनगर तहसील पहुंचे। लोगों ने मोदीनगर तहसील के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया।

# पुलिस ने 18 घंटे में चोरी का किया खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।

**ग्रेटर** नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने लाखों रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के कब्जे से चोरी किए हुए 470000 रुपए भी बरामद कर लिए हैं। किराएदार के द्वारा ही चोरी की यह पूरी योजना तैयार की गई थी।

सोमवार को दादरी कस्बे के राहुल पायला के यहां पर लॉकर का ताला तोड़कर 470000 रुपए चोरी हो गए थे। इसको लेकर पीड़ित ने पुलिस से इसकी शिकायत की और पुलिस इस चोरी के खुलासे में जुट गई। पुलिस द्वारा बीट पुलिसिंग, लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस के माध्यम से जानकारी एकत्र करते हुए चोरी की घटना का मात्र 18 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण किया गया।

इस दौरान दो शातिर चोरों पुनीत और चिंटू उर्फ सत्यम को थाना क्षेत्र के पायल सिनेमा मैदान के पास से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने जब इन लोगों से पूछताछ की तो इन लोगों ने बताया कि यह पैसे इन्होंने राहुल के घर से दिन में लॉकर का ताला तोड़कर चोरी किए थे और चोरी कर हमने पुनीत के घर में छिपा दिए थे। दरसअल आरोपी चिंटू, पीड़ित राहुल के मकान में किराए पर अपनी मां के साथ रहता है जिसको जानकारी थी कि राहुल ने कुछ समय पहले जमीन बेची है और जमीन का रुपया लॉकर में रखा है। इस पर दोनों ने मिलकर लॉकर का ताला तोड़कर लॉकर में रखे रुपए निकालकर पुनीत के घर में छिपा दिए थे। दादरी थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि दादरी कस्बे में एक घर में लॉकर का ताला तोड़कर चोरी की घटना सामने आई थी। उस मामले में महज 18 घंटे में उसका खुलासा करते हुए दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है और चोरी की गई पूरी रकम भी बरामद कर ली गई है।

## छेड़छाड़ करने वालों पर शिकंजा, 18 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद स्थित टीला मोड़ थाना क्षेत्र के चौराहे, गली मोहल्लों में युवतियों, महिलाओं और छात्राओं से छेड़छाड़, टिप्पणी करने वाले 18 युवकों को सोमवार रात को दबोचा है।

तीन दिन पूर्व टीला मोड़ थाना क्षेत्र की एक कालोनी की दो बहनों से स्कूल और ट्यूशन आते जाते कुछ मनचले छेड़छाड़ करते थे। दोनों बहनों ने स्कूल और ट्यूशन जाने से मना करने पर मां को आपबीती बताई। जिसके बाद मां बेटियों को लेकर ट्यूशन गई। रास्ते में मनचलों को मना करने पर मां और बेटी को पीटा। बचाने आई बुआ को भी पीटा।

# वेव मेगा सिटी की एक दुकान भी नहीं हुई नीलाम

**38 दुकानों की हो रही थी नीलामी, प्रोसेस पूछकर लौट गए लोग**

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।



**नोएडा** के कॉमर्शियल हब सेक्टर.18 में वेव मेगा सिटी बिल्डर की दुकानों की नीलामी होनी थी। सोमवार शाम तक नीलामी के लिए इंतजार किया गया। लेकिन कोई नहीं आया। जिला प्रशासन अब दोबारा से संपत्ति को नीलाम करने की तारीख फिक्स करेगा। दरअसल, जिला प्रशासन ने यूपी रेरा की आरसी के एवज में वेव मेगा सिटी बिल्डर की 111 संपत्तियां जब्त की थी। जिसमें फ्लैट और ये दुकानें शामिल है। बिल्डर पर करीब 115 करोड़ बकाया है।

इस बीच सिर्फ 15 लोग आए और जानकारी लेकर वापस चले गए। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि शर्तों के अनुसार भाग लेने वाले व्यक्ति को संपत्ति का 5 प्रतिशत जमा करना था। नीलामी सफल रहने पर तत्काल 25 प्रतिशत बाकी 75 प्रतिशत 15 दिनों का नियम है। खास ये है कि पूरी राशि नकद में लेने की बात भी कही गई। वेव फर्स्ट सिल्वर टावर में 165 वर्ग फुट से लेकर 1142 वर्ग फुट की दुकान है। इसमें सबसे कम रिजर्व बेस प्राइज 165 वर्गफुट का करीब 30 लाख और अधिकतम 1142 वर्ग फुट का 1.84 करोड़ रुपए है। नियमत: ज्यादा बोली लगाने वाले को दुकानों का आवंटन किया जाएगा। दादरी तहसील में अब तक 73 बिल्डरों के खिलाफ 1325 आरसी जारी हो चुकी है। इनसे 487 करोड़ रुपए की वसूली की जानी है। इसके लिए बिल्डरों को नोटिस जारी किए जा रहे है। जवाब और पैसा जमा नहीं करने वाले बिल्डरों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा रहे है। ऐसे में सुपरटेक के बाद तीन और बिल्डरों के जेल जाने की नौबत आ चुकी है।

# राष्ट्रीय राजधानी में 2014 के बाद पहली बार नहीं चली लू

## मई में औसत तापमान इस बार सामान्य से नीचे रहा, इस माह औसत से चार गुना से अधिक हुई बारिश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**राजधानी** दिल्ली में 2014 के बाद से मौसम ने पहली बार ऐसी करवट ली है कि मानसून से पहले राष्ट्रीय राजधानी में लोगों को लू का प्रकोप नहीं झेलना पड़ा। प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि कुछ इलाकों में अप्रैल और मई में बहुत थोड़े समय के लिए लू जैसे हालात देखे गए।

पिछला रिकॉर्ड को देखें तो दिल्ली में सबसे गर्म महीने मई में औसत अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस रहता है। इस बार इस महीने में तापमान सामान्य से नीचे रहा और अधिक बारिश हुई।

मौसम विज्ञानियों ने सामान्य से अधिक पश्चिमी विक्षोभ को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पश्चिमी विक्षोभ एक मौसम प्रणाली है, जो भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होती है और इसके कारण मानसून से पहले के सीजन यानी मार्च से मई के बीच उत्तर-पश्चिम भारत में बेमौसम बारिश होती है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के क्षेत्रीय पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि आमतौर पर, अप्रैल और मई में उत्तरी मैदानी इलाकों में पांच से छह पश्चिमी विक्षोभ दर्ज किए जाते हैं। हमने इस बार 10 पश्चिमी विक्षोभ देखे हैं, जिनमें ज्यादातर मजबूत हैं।

मई में दिल्ली में केवल नौ दिन अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। इनमें से दो दिन कुछ हिस्सों में लू जैसी स्थिति बनी। आईएमडी के मुताबिक, सफदरजंग वेधशाला ने मई में अब तक 86.7 मिमी बारिश दर्ज की है। मई महीने में राष्ट्रीय राजधानी में औसतन 19.7 मिमी बारिश होती है।

शहर में अप्रैल में 20 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई, जो 2017 के बाद से इस महीने में सबसे अधिक है। अप्रैल में कुछ इलाकों में लू की स्थिति देखी गई थी। कुल मिलाकर, इस साल मानसून से पहले दिल्ली में 158 फीसदी अधिक बारिश हुई है। इस अवधि के दौरान औसतन सामान्य 62.6 मिमी बारिश होती है, लेकिन इस बार 161.2 मिमी बारिश हुई है।

श्रीवास्तव ने कहा कि प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने इस साल मॉनसून पूर्व सीजन में कोई लू दर्ज नहीं की है। वर्ष 2014 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। मौसम केंद्र ने पिछले साल मानसून पूर्व सीजन में 13 बार लू दर्ज की थी। इनमें से नौ बार अप्रैल जबकि चार बार मई में लू दर्ज की गई थी। आईएमडी के मुताबिक, मैदानी इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस, तटीय क्षेत्रों में 37 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी इलाकों में 30 डिग्री सेल्सियस के पार जाने या सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस अधिक होने पर चलने वाली गर्म हवाओं को लू घोषित किया जाता है।

# टोल प्लाजा में बैरिगेट तोड़कर तेजी से निकला डंपर, बाल-बाल बचे टोल कर्मी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा पर परिवहन विभाग एक ओवरलोडिंग डंपर को रोका रहा थ। चालक ने डंपर को और तेजी से दौड़ा दिया। इस दौरान डंपर टोल प्लाजा पर लगे बुलडोज बैरीगेट और बैरियर को तोड़कर तेजी से फरार हो गया। टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी घटना कैद हो गई। इस दौरान टोल कर्मियों ने भी जैसे.तैसे अपनी जान बचाई।

दादरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत लुहारली के पास छभ्.91 के टोल प्लाजा पर परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक ओवरलोडिंग डंपर परिवहन विभाग के कर्मचारियों को आता हुआ दिखाई दिया। इसपर उन्होंने उस डंपर को टोल पर रुकने का इशारा किया लेकिन डंपर चालक ने पुलिसकर्मियों के रोकने पर अपने डंपर को आगे पीछे करना शुरू कर दिया। इस दौरान डंपर चालक पुलिसकर्मियों के रोकने के बावजूद डंपर को जबरन दूसरी लाइन में ले गया और टोल प्लाजा पर लगे बुलडोज बैरीगेट को अपने साथ तेजी से ले जाने लगा। साथ ही टोल प्लाजा पर लगे हुए बूम बैरियर को भी उसने तोड़ दिया और मौके से फरार हो गया। इस दौरान एक टोल कर्मचारी उसकी चपेट में आने से बाल.बाल बचा। टोल प्लाजा के मैनेजर रजनीकांत द्विवेदी ने बताया कि परिवहन विभाग के द्वारा चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान ओवरलोड डंपर ने टोल प्लाजा पर रखे हुए बुलडोज बैरी गेट और बूम बैरियर को तोड़ दिया। इस दौरान हमारा एक कर्मचारी जैसे तैसे बचा अगर समय रहते हुए नहीं हटता तो वह गंभीर रूप से घायल हो जाता। बूम बैरियर को तोड़ते हुए डंपर मौके से फरार हो गया। इस मामले में टोल मैनेजर ने परिवहन विभाग और पुलिस से ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# तेजी से नष्ट नहीं हो रहे हैं बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक से बने कपड़े, क्या है वजह?

## हर साल, छह करोड़ टन से अधिक प्लास्टिक के कपड़ों का उत्पादन होता है, जिसकी काफी मात्रा आखिर में लैंडफिल में जाती है

**प्लास्टिक** प्रदूषण वर्तमान समय की सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। हर साल 10 करोड़ टन से अधिक प्लास्टिक वातावरण में प्रवेश करता है, जिसमें से एक करोड़ टन से अधिक हमारे महासागरों में समा जाता है। ये प्लास्टिक हानिकारक सूक्ष्म प्लास्टिक कणों में इतने छोटे रूप में टूट जाते हैं कि इन्हें समुद्री जीवों द्वारा निगला जा सकता है।

फेंकी गई प्लास्टिक की बोतलों और थैलों को प्लास्टिक कचरे के रूप में पहचाना जाता है। लेकिन सिंथेटिक फाइबर जो हमारे कपड़ों- पॉलिएस्टर, नायलॉन, ऐक्रेलिक और अन्य में बुने जाते हैं ये भी समान रूप से समस्याग्रस्त हैं। हर साल, छह करोड़ टन से अधिक प्लास्टिक के कपड़ों का उत्पादन होता है, जिसकी काफी मात्रा आखिर में लैंडफिल में जाती है।



इस संकट से निपटने का एक तरीका बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का उपयोग है। इस तरह के प्लास्टिक को प्राकृतिक रूप से गैसों और पानी में टूटने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बाद में लंबे समय तक होने वाले नुकसान के बिना वातावरण में वापस आ जाते हैं।

लेकिन बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक या नष्ट होने की वास्तविकता हमारी उम्मीदों पर खरी नहीं उत्तर रही है। सैन डिएगो, कैलिफोर्निया में स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ ओशनोग्राफी के नेतृत्व में किए गए नए शोध में पाया गया है कि पॉलीलैक्टिक एसिड नामक एक लोकप्रिय बायोप्लास्टिक सामग्री पर्यावरण में उतनी जल्दी नष्ट नहीं होती, जितनी जल्दी उससे उम्मीद की जाती है।

शोधकर्ताओं ने जैव और तेल आधारित प्लास्टिक सामग्री, साथ ही कपास जैसे प्राकृतिक रेशे, तटीय जल और समुद्र तल पर नमूनों के रूप में छोड़ा। समय बीतने के साथ, उन्होंने माइक्रोस्कोप के तहत इन अलग-अलग रेशों की जांच की कि क्या वे टूट रहे हैं। जबकि कपास के रेशे टूटने लगे, पॉलीलैक्टिक एसिड जैसे बायोप्लास्टिक सामग्री सहित सिंथेटिक फाइबर, समुद्र में 400 दिनों तक डूबे रहने के बाद भी टूटने का कोई संकेत नहीं दिखा रहे थे।

### समुद्र में अपना रास्ता खोज रहे हैं प्लास्टिक कण

**कपड़ों** से उत्पन्न होने वाला प्लास्टिक प्रदूषण खतरनाक है। कपड़े अक्सर रीसायकल करने योग्य नहीं होते हैं और वे धीरे-धीरे पहनने और घिसने से छोटे प्लास्टिक फाइबर वातावरण में पहुंचते हैं।

कपड़ों के रेशे कई रास्तों से हमारे महासागरों तक पहुंच सकते हैं। समुद्र में पहुंचे कपड़े, उदाहरण के लिए, लहरों के चलते या रेत के कणों के साथ घर्षण से टूट जाएंगे। इस प्रक्रिया से कपड़े से रेशे निकल जाते हैं। यहां तक कि केवल हमारे कपड़े पहनने से ही, प्लास्टिक के रेशे वातावरण में मिल जाते हैं, जिनमें से कुछ आखिर में समुद्र में समा सकते हैं। हमारे कपड़े धोने की प्रक्रिया के दौरान, रेशे उखड़ जाते हैं और हमारी नालियों में बह जाते हैं, साथ ही समुद्र में भी समा जाते हैं।

### किस तरह से प्लास्टिक समुद्री जीवों पर असर डाल रहा है?

शोध में इस बात के प्रमाण मिले हैं कि पॉलीलैक्टिक एसिड माइक्रोफाइबर जेलीफिश सहित समुद्री जीवों के लिए विषैले होते हैं। जेलीफिश पर किए गए अध्ययन ने इन प्लास्टिक फाइबर की भारी मात्रा के संपर्क में आने पर उनकी धड़कन की आवृत्ति बदल जाती है, शिकार करने, शिकारियों से बचने और पानी में बनाए रखने की उनकी क्षमता कम हो जाती है।

समुद्री वातावरण में पॉलीलैक्टिक एसिड फाइबर की उपस्थिति जेलीफ़िश संख्या और व्यवहार को बदलने का कारण बन सकती है। इस तरह के बदलावों के समुद्री पारिस्थितिक तंत्र पर दूरगामी प्रभाव पड़ सकते हैं। जेलिफ़िश व्यापक रूप से सभी महासागरों में फैली होती हैं और शिकारियों और शिकार दोनों के रूप में समुद्री खाद्य वेब में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

समुद्री वातावरण में पॉलीलैक्टिक एसिड फाइबर की लंबी उम्र एक और चिंता का विषय है। ये रेशे जितने लंबे समय तक पर्यावरण में रहेंगे, उतनी ही अधिक आसार हैं कि वे समुद्री जीवों द्वारा निगले जाएंगे।

बायोएक्यूमुलेशन, जहां माइक्रोप्लास्टिक्स और उनसे जुड़े रसायन एक समुद्री खाद्य वेब में जमा होते हैं। शोध में कई प्रजातियों और माइक्रोप्लास्टिक प्रकारों में माइक्रोप्लास्टिक जैव संचयन के प्रमाण मिले हैं।

### प्लास्टिक प्रदूषण से निपटना

प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए समाधान की आवश्यकता है। बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक एक संभावित विकृप है, लेकिन केवल तभी जब वे ऐसी सामग्री से बने हों जो वास्तव में प्राकृतिक वातावरण में जल्दी से टूटने में सक्षम हों। वे उस समय को कम कर देंगे जिसमें प्लास्टिक सामग्री वातावरण में फैल जाती है।

पारंपरिक प्लास्टिक की तरह, हालांकि, बायोप्लास्टिक का अभी भी सही तरीके से निपटान किया जाता है। लेकिन शोध में पाया गया है कि कई बायोडिग्रेडेबल उत्पादों पर लेबल और निर्देश अक्सर भ्रामक होते हैं। ब्रिटेन के नागरिकों के एक अध्ययन में, कई लोगों ने बताया कि वे निम्नीकरणीय, कंपोस्टेबल और बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के लेबल का अर्थ नहीं समझ पाए।

इससे बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का गलत तरीके से निपटान हो सकता है। प्लास्टिक जो वातावरण में छोड़ा जाता है वह विघटित नहीं हो सकता है और इसके बजाय माइक्रोप्लास्टिक के छोटे टुकड़ों में टूट जाएगा। पॉलीलैक्टिक एसिड विशेष औद्योगिक कंपोस्टिंग संयंत्रों में टूट सकता है। लेकिन फिर भी, सभी कंपोस्टिंग प्रक्रियाएं हर प्रकार के बायोप्लास्टिक को संभाल नहीं सकती हैं। प्लास्टिक सामग्री को विशिष्ट मानदंडों को पूरा करना होता है और न्यूनतम मानक की खाद का उत्पादन करना होता है। जैसा कि दुनिया अधिक बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का उपयोग करती है, हमें यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि इस सामग्री के पर्यावरणीय पदचिन्ह कम से कम हों या पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचाए। इसे ध्यान में रखते हुए, लेबलिंग और निपटान निर्देशों में सुधार और औद्योगिक कंपोस्टिंग तक पहुंच में सुधार करने से मदद मिल सकती है। यह शोध प्लोस वन नामक पत्रिका में प्रकाशित हुए है।

-साभार- डीटीई

# अरुणाचल में मिली मेंढक की नई प्रजाति, नाम रखा गया पटकाई



**शोधकर्ताओं** की एक टीम ने एक आश्चर्यजनक ग्रीन ट्री फ्रॉग या हरे पेड़ के मेंढक की खोज की जो कीटों की जैसी आवाजें निकालता है। मेंढक, पटकाई ग्रीन ट्री फ्रॉग (ग्रैसिक्सलस पटकाईनेसस) का नाम ऐतिहासिक पटकाई पहाड़ियों की श्रृंखला के नाम पर रखा गया था जहां यह पाया गया था। खोज का नेतृत्व करने वाले शोधकर्ता देहरादून में भारतीय वन्यजीव संस्थान, सेनकेनबर्ग प्राकृतिक इतिहास संग्रह, ड्रेसडेन, जर्मनी और नमदाफा टाइगर रिजर्व, अरुणाचल प्रदेश से हैं। टीम ने कहा कि यह पटकाई हिल्स रेंज में नमदाफा टाइगर रिजर्व से खोजी गई छठी नई मेंढक प्रजाति है और यह प्रजाति मॉनसून के मौसम में दलदली इलाकों में प्रजनन करती है। साल 2022 में, नमदाफा टाइगर रिजर्व में एक हर्पेटोलॉजिकल खोज के दौरान मेंढक को पहली बार शोध दल द्वारा देखा गया।

शोध दल ने कहा कि मेंढक की नई प्रजाति की आवाज कीड़ों से काफी मिलती-जुलती है। इनकी आवाज को पहली बार 14 मई, 2022 को शाम साढ़े पांच से सात बजे के बीच जंगल के रास्ते पर सुना गया था। आवाज की ध्वनि अपेक्षाकृत लंबी सीटी से संकीर्ण आवृत्ति बैंड के साथ भारी आवृत्ति के साथ एक छोटी क्लिक जैसी ध्वनि होती है। भारतीय वन्यजीव संस्थान के अभिजीत दास और अध्ययनकर्ता ने खुलासा किया कि, यह भारत की सबसे खूबसूरत मेंढक प्रजातियों में से एक है, इसका रंग बहुत हरा है। पटकाई ग्रीन ट्री फ्रॉग एक छोटी प्रजाति है जिसका आकार 23 से 26 मिलीमीटर है। अध्ययन के अनुसार इसका निकटतम संबंधी ग्रैसिक्सलस ग्रेसिलिप्स चीन, थाईलैंड और वियतनाम में पाया जाता है। कॉलिंग पैटर्न के साथ-साथ इसके रूप और आणविक अध्ययन के आधार पर इसे नई प्रजातियों में रखा गया है। शोधकर्ताओं का दावा है कि भारत में इसकी खोज से पहले वियतनाम, लाओस, थाईलैंड, दक्षिणी चीन और म्यांमार में जीनस ग्रेक्सिक्सलस से संबंधित 15 से अधिक प्रजातियां पाई गई थीं।

नए खोजे गए पटकाई ग्रीन ट्री फ्रॉग को टाइगर रिजर्व के सदाबहार जंगल के अंदर एक दलदली आवास में पाया गया, जो बेंत, बांस, रतन ताड़, फर्न और जंगली जिंगबर से ढका हुआ था। हालांकि यह प्रजाति केवल कमला वैली बीट में पाई गई है, जिसे नमदाफा टाइगर रिजर्व में 25 मील के रूप में जाना जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह टाइगर रिजर्व के अंदरूनी हिस्सों में स्थित सूक्ष्म आवासों में रह सकती है। अभिजीत ने कहा, हम प्रजातियों की पारिस्थितिकी के बारे में अधिक जानने के लिए फील्ड में काम कर रहे हैं।

जिस क्षेत्र में नई मेंढक प्रजाति पाई गई थी, उसे सबसे बड़े और जैविक रूप से समृद्ध परिदृश्य में से एक माना जाता है, जो कि 71,400 वर्ग किमी में फैला हुए है। लेकिन शोध में कम प्राथमिकता और स्थान की दूरी के कारण अभी तक संरक्षणवादियों और नीति निर्माताओं का वहां जाना बाकी है। अध्ययन में कहा गया है कि यह भौगोलिक रूप से अनोखी दुनिया में उष्णकटिबंधीय वर्षा वन की सबसे उत्तरी सीमा है। अध्ययन में आगे कहा गया है कि यह क्षेत्र निम्न-भूमि हॉलोंग-मेकाई डिप्टरोकार्प वन से लेकर ऊंचे घास के मैदानों तक कई दिलचस्प आवास है। इस क्षेत्र में हर्पेटोफौना के लिए शायद ही खोजबीन की गई है और इस प्रकार अधिक मेंढक प्रजातियों की खोज के लिए बहुत बड़ी गुंजाइश है। इस खोज को वर्टेब्रेट जूलॉजी पत्रिका के नवीनतम अंक में प्रकाशित किया गया है।

# उत्तराखंड : क्यों हो रहा है टिहरी बांध के रिम क्षेत्र में बसे गांवों में भू-धंसाव

## टिहरी बांध का रिम यानी परिधि क्षेत्र 150 किलोमीटर के आसपास है। इस परिधि में दर्जनों गांव बसे हुए हैं...

**उत्तराखंड** के टिहरी बांध के रिम क्षेत्र (परिधि) पर भूधंसाव जारी है। यूं तो इस क्षेत्र में भू-धंसाव तो साल 2010 से हो रहा है, लेकिन बीते 2022 में भू-धंसाव का सिलसिला और तेज हो गया है। खास बात यह है कि जनवरी 2023 के आखिरी सप्ताह व फरवरी के पहले सप्ताह में सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति ने द्वारा किए गए सर्वेक्षण की रिपोर्ट जोशीमठ की तरह अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है।

विशेषज्ञ समिति ने 30 व 31 जनवरी और एक फरवरी 2023 को कुल 14 गांवों का सर्वेक्षण किया था। पहले दो दिन भागीरथी घाटी और तीसरे दिन भिलंगना घाटी के गांव। इस दस सदस्यीय समिति में भू-सर्वेक्षण भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), वन विभाग, मृदा एवं जल संरक्षण विभाग, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, आईआईटी रुड़की, अंतरिक्ष उपयोग केंद्र, पुनर्वास निदेशक, टीएचडीसी और संबंधित क्षेत्र के विधायक को शामिल किया गया था।

दरअसल, टिहरी बांध का रिम क्षेत्र 150 किलोमीटर के आसपास है। बांध में पूर्ण जलभराव (एफआरएल) का स्तर 830 मीटर (समुद्र तल) और अधिकतम बाढ़ (एमएफएल) स्तर 835 मीटर है। बांध की कुल ऊंचाई 839.5 मीटर तक जाती है। इस तरह है 4.5 मीटर का फ्री बोल्ट है। फ्री बोल्ट अर्थात 835 मीटर से ऊपर की वह खाली जगह, जहां पानी नहीं भरा जाता, लेकिन अचानक बाढ़ आने या भारी भूस्खलन से झील में बढ़े पानी से बांध को सुरक्षा प्रदान करता है।

यूं समझ सकते हैं कि बांध की दीवार के ऊपर से पानी नहीं बहेगा। बांध में न्यूनतम जलभराव 740 मीटर रहता है। यानी कि 95 मीटर तक पानी का वार्षिक उतार-चढ़ाव निरंतर बना रहता है। हालांकि बांध की 17 साल की उम्र में अभी मात्र दो तीन बार ही जल स्तर 830 मीटर तक पहुंच पाया।



जल स्तर के इस उतार-चढ़ाव के कारण 835 मीटर से ऊपर करीब 1100 मीटर तक और जल उतार के दौरान 835 मीटर से नीचे भी कई स्थानों पर गंभीर भू-धंसाव लगातार चल रहा है। हालांकि जीएसआई (भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण विभाग) ने बांध निर्माण के दौरान प्रारंभिक सर्वेक्षण में ऐसी आशंका प्रकट कर दी थी, लेकिन ऐसी रिपोर्ट काफी समय बाद सार्वजनिक हो पाई।

जीएसआई ने सबसे पहले 1989-90 के दौरान रिम क्षेत्र की स्थिरता का अध्ययन किया था। इसके बाद 2001-02 में काफी विस्तृत अध्ययन किया गया और रिम क्षेत्र को स्थिरता के आधार पर चार श्रेणियों में बांट दिया था। रिपोर्ट्स में अस्थिर और मध्यम आस्थिर क्षेत्रों को लगातार ऑब्जरवेशन (निगरानी) में रखने की सिफारिशें की गई थी।

2007-8 के दौरान जीएसआई ने फिर से गहन अध्ययन किया। तब जीएसआई की रिपोर्ट के आधार पर ही 2008 में भागीरथी घाटी में रिम क्षेत्र के तीन आंशिक प्रभावित गांव को पूर्ण प्रभावित का दर्जा घोषित किया गया। ये गांव थे- स्यांसू, नकोट और रोलाकोट। लेकिन खतरा यहीं तक नहीं रुका। 2010 में पहली बार बांध में जलस्तर 830 मीटर के आसपास पहुंचा, तब कई नए क्षेत्रों में भूधंसाव होने लगा। दर्जनभर गांव भू-धंसाव की चपेट में आ गए। पुनर्वास निदेशालय पर ग्रामीणों का लंबा आंदोलन चला।

आखिरकार जून 2013 की एक अधिसूचना में राज्य सरकार ने यह मान लिया था कि रिम क्षेत्र पर भूधंसाव हो रहा है। 14 जनवरी 2013 की उत्तराखंड शासन की अधिसूचना के अनुसार- यह देखने में आया है कि टिहरी जलाशय की परिधि पर आर एल 835 मीटर से ऊपर स्थित कुछ ग्रामों में जलभराव के कारण भूस्खलन हुआ है तथा भविष्य में इससे अधिक स्थानों पर भूस्खलन होने की संभावना है । वर्ष 2010 में वर्षा ऋतु में भारी वर्षा के कारण टिहरी बांध के जलाशय का स्तर पूर्ण जलाशय स्तर से ऊपर पहुंच गया था, जिसके कारण टिहरी बांध जलाशय के चारों ओर कुछ स्थानों पर समपार्शिवक क्षति हुई है

जनवरी 2013 में एक स्थाई विशेषज्ञ समिति के गठन और प्रभावितों के पुनर्वास हेतु संपार्श्विक क्षति ( कौलेटरल डैमेज) नीति भी तैयार की गई। इसमें 415 परिवारों को प्रभावित घोषित किया गया। तीन गांव को जमीन दिए जाने की बात मान ली गई, लेकिन अन्य गांव के लिए वर्ष 2021 में नीति में संशोधन कर दिया गया और अब प्रति परिवार एकमुश्त भुगतान 74.40 लाख रुपये और आवासीय भूखंड के साथ 60 हजार रुपए भवन निर्माण सहायता घोषित की गई। इन परिवारों के पुनर्वास की इन दिनों प्रक्रिया चल रही है।

नया घटनाक्रम 2022 के मॉनसून सीजन के दौरान घटा, जब कई और गांव से भी भूस्खलन की शिकायतें प्रशासन को मिलने लगी। इनमें चिन्यालीसौड़, जोकि टिहरी बांध से भागीरथी घाटी में रीवर बेड की करीब 40 किमी की दूरी पर बसा कस्बा है, के आसपास गंभीर भूधंसाव और भूकटाव देखा गया। पुराने गंगोत्री मार्ग से लेकर देवीसौड़ पुल तक जोगथ मोटर मार्ग इसकी चपेट में आए। यहां कुछ अस्थाई ट्रीटमेंट भी किया गया है। इसके अलावा सरोट, गड़ोली, सौड़ व सिल्ला उपू, गोजमेर, बल्डोगी आदि गांव के कुछ हिस्सों में भू-धंसाव की शिकायतें मिली। सरोट गांव के निवासी महावीर सिंह कैंतुरा ने बताया कि गांव वाले लगातार प्रशासन को अवगत करा रहे हैं।

भिलंगना घाटी के पिपोला खास, उठड़, नंद गांव, पिलखी और नारगढ़ आदि गांव में भी विशेषज्ञ टीम एक फरवरी को पहुंची है। भटकंडा, गौजियाना, खांड व कैलबागी आदि गांव में भी भू धंसाव की बात सामने आई है।

### क्या हो सकते हैं कारण?

**रिम क्षेत्र के भूधंसाव पर** लगातार सरकार और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने वाले जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष, उच्च व सर्वोच्च न्यायालय में जनहित याचिकाकर्ता वकील शांति प्रसाद भट्ट का कहना है कि लगभग चार माह बाद भी विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की है, यह समझ से परे है। लेकिन अगर पुरानी रिपोर्ट देखें तो जीएसआई ने वर्ष 2001-02 में जल भराव शुरू होने से पहले ही रिम क्षेत्र की स्थिरता पर एक रिपोर्ट तैयार की थी। जिसमें कहा था कि सैचुरेशन या भारी जलभराव के कारण अस्थिरता की स्थितियां अत्यंत खतरनाक तब हो सकती हैं, जब तनाव वाली दरारों में बढ़ रहा पानी का दबाव जोड़ो और भूस्खलन की सतहों को एक साथ खोल देगा। जब झील में पानी घटेगा तो पानी की निकासी से एक ऋणात्मक दबाव पैदा होगा।

साभार-डीटीई



# दुनिया की 16 हजार से अधिक प्रजातियों की आबादी घटी, औद्योगीकरण भी है जिम्मेदार

**दुनिया** भर में जीवों की करीब आधी प्रजातियों की आबादी में गिरावट आ रही है। वहीं केवल तीन फीसदी प्रजातियां ऐसी हैं जिनमें वृद्धि दर्ज की गई है आपको जानकर हैरानी होगी की दुनिया भर में जीवों की करीब आधी प्रजातियों की आबादी में गिरावट आ रही है। वहीं केवल तीन फीसदी प्रजातियां ऐसी हैं जिनमें वृद्धि दर्ज की गई है। यह जानकारी जीवों की 71,000 से ज्यादा प्रजातियों पर किए नए अध्ययन में सामने आई है। जिनमें स्तनधारियों से लेकर पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछलियां और कीड़ें सभी शामिल थे।

इस बारे में अध्ययन से जुड़े क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट के शोधकर्ताओं का कहना है कि जीवों की यह प्रजातियां हमारी सोच से कहीं ज्यादा तेजी से विलुप्त हो रही हैं। उनका कहना है कि यह निष्कर्ष एक कठोर चेतावनी है, क्योंकि इंसानों की बढ़ती अभिलाषा औद्योगीकरण के रूप में वैश्विक जैव विविधता का बड़ी तेजी से विनाश कर रही है, उनके नुकसान की यह दर पहले की तुलना में काफी अधिक खतरनाक है। रिसर्च के जो नतीजे सामने आए हैं उनके अनुसार जीवों की 48.5 फीसदी प्रजातियों की आबादी में कमी आ रही है। इन प्रजातियों की कुल संख्या 16,150 है। इनमें पक्षियों की 5412 प्रजातियां, उभयचरों की 3135, मछलियों की 2631 प्रजातियां, स्तनधारियों की 1885 और कीटों की 1622 प्रजातियां शामिल हैं, जबकि सरीसृपों की भी 1465 प्रजातियों में गिरावट दर्ज की गई है।इतना ही नहीं रिसर्च के मुताबिक तीन फीसदी से भी कम प्रजातियों की आबादी में ही बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि 49 फीसदी प्रजातियों की आबादी स्थिर बनी हुई है। वहीं 37,809 प्रजातियों की क्या स्थिति है इस बारे में सही तौर पर जानकारी उपलब्ध नहीं है।

### अपने साथ अन्य खतरे भी लाएगा जैवविविधता को होता यह नुकसान

दुनिया भर में जीवों की प्रजातियां तेजी से विलुप्त हो रहीं हैं, इस बात की पुष्टि इंटरनेशनल यूनियन फॉर द कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) ने भी की है। आईयूसीएन के मुताबिक पृथ्वी पर 28 फीसदी जीवों का अस्तित्व खतरे में है। मतलब की यदि उनपर अभी ध्यान न दिया गया तो भविष्य में 42,100 से ज्यादा प्रजातियों को हमें दोबारा देखने का मौका नहीं मिलेगा।

इन प्रजातियों में 41 फीसदी उभयचर यानी मेंढक जैसे जीव, 27 फीसदी स्तनधारी, 34 फीसदी शंकुवृक्ष, 13 फीसदी पक्षी, 37 फीसदी शार्क और रे मछलियां, 36 फीसदी कोरल्स, 21 फीसदी सरीसृप, 69 फीसदी साइकैड शामिल हैं।

रिसर्च से पता चला है कि प्रजातियों के विलुप्त होने का जोखिम वास्तविकता में कहीं ज्यादा गंभीर है। शोधकर्ताओं को यह भी पता चला है कि वर्तमान में जो प्रजातियां आईयूसीएन के मुताबिक सुरक्षित हैं, उनपर भी विलुप्त होने का जोखिम बढ़ रहा है।

रिसर्च के मुताबिक यदि जीवों के आवास के आधार पर देखें तो स्थलीय जीवों की सबसे ज्यादा प्रजातियों में गिरावट आ रही है। इनकी कुल संख्या करीब 8,319 है। इसके बाद स्थल और साफ पानी दोनों में पाई जाने वाली 3044 प्रजातियों की आबादी घट रही है। इसी तरह साफ पानी की 1,759 और समुद्रों की 863 प्रजातियां इस सूची में शामिल हैं।

विश्लेषण से यह भी पता चला है कि पारिस्थितिकी तंत्र में विलुप्त प्रजातियों की जगह लेने के लिए अन्य नई प्रजातियां विकसित नहीं हो रही हैं। इस बारे में अध्ययन से जुड़ी प्रमुख शोधकर्ता कैथरीन फिन का कहना है कि पृथ्वी पर मौजूद करीब आधी प्रजातियां जिनके बारे में जानकारी उपलब्ध है वर्तमान में उनमें गिरावट आ रही है। उनके मुताबिक स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब जिन प्रजातियों के बारे में यह माना जा रहा था कि उनपर विलुप्ति का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन वास्तव में उनमें गिरावट आ रही है। गौरतलब है कि वैश्विक जैवविविधता में आने वाली गिरावट को आने वाले दशकों में जलवायु परिवर्तन के साथ मानवता के लिए सबसे बड़े खतरों के रूप में देखा गया है। जो अपने साथ बीमारियां, खाद्य सुरक्षा में गिरावट जैसे खतरों को भी साथ ला रही है। इतना ही नहीं इसका खामियाजा न केवल अर्थव्यवस्था बल्कि पूरे पारिस्थितिक तंत्र को उठाना पड़ रहा है।

### आईपीएल के फाइनल में जीती धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स

# जडेजा ने चेन्नई की जीत का श्रेय धोनी को दिया





**एजेंसी।** अहमदाबाद

**गुरजात** टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपने मार्गदर्शक (मेंटर) और प्रतिद्वंद्वी कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ करते हुए कहा कि नियति ने उनके लिए यही लिखा था कि वह संभवत: अपने आखिरी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को रिकॉर्ड की बराबरी करने वाला पांचवां खिताब दिलाएं। सीएसके ने सोमवार को यहां वर्षा से प्रभावित फाइनल में 15 ओवर में 171 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र जडेजा के आखिरी दो गेंद पर छक्के और चौके की मदद से गुजरात टाइटंस को पांच विकेट से हरा दिया।

पिछले साल पदार्पण सत्र में गुजरात टाइटंस को खिताब दिलाने वाले हार्दिक ने फाइनल में हार के बाद कहा, मैं उनके (धोनी) लिए बहुत खुश हूं। किस्मत ने उसके लिए यही लिखा था। उन्होंने कहा, अगर मुझे हारना है, तो मुझे उनसे हारने में कोई दिक्कत नहीं है। अच्छे लोगों के साथ अच्छी चीजें होती हैं और वह उन सबसे अच्छे लोगों में से एक हैं जिन्हें मैं जानता हूं। भगवान दयालु रहे हैं, भगवान मुझ पर भी दयालु रहे हैं लेकिन आज रात उनकी थी। धोनी ने स्वयं अब तक अगले साल आईपीएल में खेलने से इनकार नहीं किया है लेकिन कहा कि ऐसा होने के लिए उनके शरीर का साथ देना जरूरी है। छह गेंद में 15 रन बनाकर नाबाद रहे जडेजा ने खिताबी जीत अपने कप्तान धोनी को समर्पित की। जडेजा ने कहा, मैं इस जीत को सीएसके टीम के एक विशेष सदस्य महेंद्र सिंह धोनी को समर्पित करना चाहता हूं।

> **दर्शकों की रुक गई थीं सांसें, आखिरी दो गेंद पर मिले छक्के और चौके ने दिलाई जीत**

उन्होंने कहा, अद्भुत लग रहा है, अपने घरेलू दर्शकों के सामने पांचवां खिताब जीतना। मैं गुजरात से हूं और यह एक विशेष भावना है। मैदान में मौजूद दर्शक शानदार रहे हैं। वे देर रात तक बारिश रुकने का इंतजार कर रहे थे, मैं सीएसके के प्रशंसकों को बहुत-बहुत बधाई देना चाहूंगा जो हमारा समर्थन करने यहां आए। आखिरी दो गेंदों पर छक्का और चौका जड़ने पर जडेजा ने कहा, मैं बस सोच रहा था कि मुझे जितना हो सके उतना कड़ा प्रहार करने की जरूरत है। गेंद कहां जाएगी मैं इस बारे में नहीं सोच रहा था, बस कड़ा प्रहार करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, मैं अपने ऊपर भरोसा कर रहा था और सीधा हिट करना चाह रहा था क्योंकि मुझे पता है कि मोहित धीमी गेंद फेंक सकता है। टाइटंस अपने खिताब का बचाव करने में नाकाम रहे, लेकिन पंड्या ने कहा कि वह अपने खिलाड़ियों से इससे अधिक कुछ नहीं मांग सकते।

उन्होंने कहा, हमने बहुत सारी योजनाओं को लागू किया और पूरी जान लगाकर खेले। हम हमेशा एक ऐसी टीम रहे हैं जो एकजुट रहती है और किसी ने हार नहीं मानी है। हम एक साथ जीतते हैं और हम एक साथ हारते हैं।

शायद आज उन मुकाबलों में से एक है। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो बहाने बनाते हैं। सुपरकिंग्स ने बेहतर क्रिकेट खेली।

### फ्लेमिंग ने कहा, जडेजा ने साबित कर दिया कि खेल में परीकथाएं होती हैं



**अहमदाबाद।** स्टीफन फ्लेमिंग खेल में परियों की कहानियों में विश्वास नहीं करते लेकिन रविंद्र जडेजा का बेजोड़ बल्लेबाजी करके चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) को उसका पांचवां आईपीएल खिताब दिलाना इसी तरह की कहानी करीब है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में अंतिम ओवर में जीत के लिए सीएसके को 13 रन की जरूरत थी लेकिन टीम शुरुआती चार गेंद में तीन रन ही बना सकी। जडेजा ने इसके बाद मोहित शर्मा की आखिरी दो गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर टाइटंस से जीत छीन ली। फ्लेमिंग ने सुपरकिंग्स के खिताब जीतने के बाद संवाददाताओं से कहा, वे कहते हैं कि खेल में परियों की कोई कहानी नहीं होती, लेकिन आज बहुत अच्छी कहानी थी। पिछले 18 महीने थोड़े मुश्किल रहे, क्योंकि कप्तानी मुश्किल थी, चोट की समस्या थी, उसने (जडेजा ने)खेल से बाहर थोड़ा समय बिताकर वापसी की और टेस्ट टीम में जगह बनाई और फिर सीएसके की टीम में। असल में मोहित की अंतिम दो गेंद पर जडेजा की शानदार बल्लेबाजी से पहले फ्लेमिंग ने मन ही मन हार मान ली थी।

### अंबाती रायुडू ने की थी आईपीएल से संन्यास की घोषणा



**सीएसके** के मध्य क्रम के बल्लेबाज अंबाती रायुडू ने फाइनल से ठीक पहले आईपीएल से संन्यास के फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि वह अपने क्रिकेट करियर के परीकथा जैसे अंत के बाद अपने जीवन के बाकी हिस्से में मुस्कुरा सकते हैं। रायुडू ने कहा, यह एक परीकथा जैसा अंत है। मैं इससे अधिक कुछ और नहीं मांग सकता। मैं भाग्यशाली हूं कि शानदार टीमों का हिस्सा रहा। मैं अपने बाकी बचे जीवन में मुस्कुरा सकता हूं। मैंने पिछले 30 वर्षों में जितनी मेहनत की है, मुझे खुशी है कि मैंने इस तरह अंत किया।

### प्रशंसकों के प्यार की वजह से अगले साल फिर खेलूंगा : एमएस धोनी



**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स को पांचवां खिताब दिलाने के बाद आईपीएल से संन्यास की अटकलों को खारिज करते हुए महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि दर्शकों के प्यार को देखते हुए उन्हें तोहफा देने के लिए वह अगले सत्र में फिर खेलेंगे। इस सत्र की शुरुआत से ही अटकलें लगाई जा रही थीं कि यह धोनी का आखिरी सत्र होगा। हर मैदान पर दर्शकों ने उन पर जिस तरह से प्यार लुटाया, उससे इसकी संभावना और प्रबल होती नजर आ रही थी। गुजरात टाइटंस पर फाइनल में पांच विकेट से जीत के बाद धोनी से जब पूछा गया कि क्या यह उनका आखिरी सत्र है, उन्होंने कहा, अगर परिस्थितियों को देखे तो मेरे लिए संन्यास लेने का यह सर्वश्रेष्ठ समय है। मेरे लिए यह कहना बहुत आसान है कि अब मैं विदा ले रहा हूं, लेकिन अगले नौ महीने तक कड़ी मेहनत करके लौटना और एक सत्र और खेलना कठिन है। उन्होंने कहा, शरीर को साथ देना होगा। चेन्नई के प्रशंसकों ने जिस तरह से मुझे प्यार दिया, यह उनके लिए मेरा तोहफा होगा कि मैं एक सत्र और खेलूं। उन्होंने जो प्यार और जज्बात दिखाए हैं, मुझे भी उनके लिए कुछ करना चाहिए।

## हारने वाली टीम को भी दी इनामी राशि

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**आईपीएल** 2023 अपने अंजाम तक पहुंच गया। चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। 29 मई को खिताबी मुकाबले में चेन्नई ने गुजरात को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच के बाद अवॉर्ड सेरेमनी हुई, जिसमें चैंपियन टीम चेन्नई और फाइनल हारने वाली टीम गुजरात को इनामी राशि दी गई। इसके साथ ही कई और अवॉर्ड भी दिए गए।

पिछले दो वर्षों की तरह इस साल भी आईपीएल जीतने वाली टीम को 20 करोड़ रुपये दिए गए। वहीं, फाइनल में हारने वाली टीम की इनामी राशि में भी कोई इजाफा नहीं हुआ है। पिछले साल यह राशि 12.5 करोड़ रुपये थी, जिसे उतना ही रखा गया है। दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट लीग के 16वें संस्करण में कई दिलचस्प मैच देखने को मिले। इसमें कई नए खिलाड़ी भी उभर कर सामने आए और उनकी जिंदगी बदलकर रख दी। आईपीएल में खर्च होने वाली रकम को लेकर लीग हमेशा चर्चा में रहती है।

टीमों को मिलने वाली इनामी राशि के अलावा कई और अवॉर्ड भी दिए जाते हैं। इनमें ऑरेंज कैप, पर्पल कैप, फेयर प्ले अवॉर्ड जैसे अवॉर्ड शामिल हैं। हम आपको इन सभी अवॉर्ड और उसमें दी जाने वाली इनामी राशि के बारे में बता रहे हैं। हीं, फाइनल में हारने वाली टीम की इनामी राशि में भी कोई इजाफा नहीं हुआ है। पिछले साल यह राशि 12.5 करोड़ रुपये थी, जिसे उतना ही रखा गया है।

- **आईपीएल ऑरेंज कैप:** यह अवॉर्ड पूरे आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज को दिया जाता है।
- **फेयर प्ले अवॉर्ड :** यह अवॉर्ड उस टीम को दिया जाता है, जिसने पूरे टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा अनुशासन के साथ खेला है और कोई बद्तमिजी नहीं की है।
- **मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर:** उस खिलाड़ी को यह अवॉर्ड दिया जाता है जो पूरे आईपीएल सीजन में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में बेहतरीन रहा हो।
- **आईपीएल पर्पल कैप :** इस अवॉर्ड का विजेता वह गेंदबाज होता है जिसने आईपीएल के पूरे सीजन में सबसे अधिक विकेट लिए हैं।
- **इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द सीजन :** यह अवॉर्ड सीजन में उभरते सितारे को दिया जाता है। यह अवॉर्ड राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जायसवाल को दिया गया। उन्हें 10 लाख रुपये का चेक दिया गया। यशस्वी की जगह शिवम दुबे ने अवॉर्ड कलेक्ट किया।



## समीर, किरण, अश्मिता थाईलैंड ओपन के मुख्य ड्रॉ में

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी समीर वर्मा, किरण जॉर्ज और अश्मिता चालिहा ने मंगलवार को यहां क्वालीफाइंग दौर में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर सीधे गेम में जीत से थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट की एकल स्पर्धा के मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। वापसी कर रहे समीर ने पहले दो मैच में वॉकओवर-इंडोनेशिया के क्रिस्टियन एडिनाटा और स्पेन के लुईस एनरिक पेनालवर - मिलने के बाद मलेशिया के यियोह सेंग जो को 21-12, 21-17 से पराजित किया। हाल में स्लोवेनिया ओपन जीतने वाले 28 साल के समीर का सामना मुख्य ड्रा के शुरुआती दौर में डेनमार्क के मैग्नस जोहाननेसन से होगा। वहीं 2022 ओडिशा ओपन विजेता किरण ने साथी भारतीय कार्तिकेय गुलशन कुमार को 21-14, 21-18 से हराने के बाद कोरिया के जियोन हेयोक जिन को 21-10, 21-14 से पराजित किया। अब वह बुधवार को तीसरे वरीय चीन के शि युकी से भिड़ेंगे। महिला एकल में अश्मिता चालिहा ने साथी भारतीय उन्नति हुड्डा को 21-16, 13-21, 21-19 और एस्तोनिया की क्रिस्टिन कुबा को 21-19, 21-11 से शिकस्त दी।

## फर्नांडिज ने एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**यूरोप** के अभ्यास दौरे के बाद भारतीय अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने थाईलैंड में एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए मंगलवार को 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की। भारत की अंडर-17 टीम पिछले डेढ़ महीने से स्पेन और जर्मनी में ट्रेनिंग कर रही है।

टीम ने एटलेटिको डि मैड्रिड, सीडी लेगानेज, रीयाल मैड्रिड सीएफ, गेटाफे सीएफ, वीएफबी स्टुटगार्ट, एसएसवी रेयूटलिंजेन, एफसी ऑग्सबर्ग और सीएसवी श्चवाबेन ऑगस्बर्ग की युवा टीम के खिलाफ पांच जीत दर्ज की जबकि उसे चार मैचों में हार मिली और एक में उसने ड्रॉ हासिल किया।

टीम एक जून को थाईलैंड पहुंचेगी और ग्रुप डी में उसका सामना वियतनाम (17 जून), उज्बेकिस्तान (20 जून) और जापान (23 जून) से होगा। टीम की रवानगी से पहले बिबियानो ने कहा, स्पेन और जर्मनी में हमारा दौरा फलदाई रहा जिसमें लड़कों को इन दोनों देशों की शीर्ष टीमों से भिड़ने का मौका मिला।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर :** साहिल, जुल्फिकार गाजी, प्रणव सुंदर रमन।
**डिफेंडर :** रिकी मीतेई हाओबाम, सूरजकुमार सिंह नगांगबाम, मुकुल पंवार, मालेमंगाम्बा सिंह थोकचोम, परमवीर, धनाजीत एशंगबाम।
**मिडफील्डर :** वानलालपेका गुइते, डैनी मेतेई लैशराम, गुरनाज सिंह ग्रेवाल, कोरोऊसिंह थिंगुजाम, लालपेखलुआ, रोहेन सिंह छफामायुम, ओमांग डोडुम, फैजान वहीद, आकाश टिर्की, प्राचित विश्वास नायक गांवकर।
**फारवर्ड :** थांगलालसोन गंगटे, शाश्वत पंवार, गोगोचा चुंगखाम, लेमेट टांगवाह।
**मुख्य कोच :** बिबियानो फर्नांडिज।

## सात्विक-चिराग ने करियर की सर्वश्रेष्ठ चौथी विश्व रैंकिंग हासिल की



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सात्विकसाईराज** रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी नवीनतम विश्व रैंकिंग में एक स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गई। पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों का स्वर्ण पदक और फ्रेंच ओपन सुपर 750 खिताब तथा मौजूदा सत्र में स्विस ओपन 300 खिताब जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी के अब 12 टूर्नामेंट में 74 हजार 651 अंक हैं।

### प्रणय और श्रीकांत को भी मिला फायदा

पिछले हफ्ते मलेशिया मास्टर्स के रूप में करियर का पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले एचएस प्रणय एक स्थान के फायदे से एक बार फिर दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी बन गए हैं। किदांबी श्रीकांत भी तीन स्थान के फायदे से 20वें स्थान पर हैं। मलेशिया मास्टर्स से जल्दी बाहर होने का खामियाजा लक्ष्य सेन को रैंकिंग में एक स्थान के नुकसान के रूप में उठाना पड़ा। वह अब 23वें स्थान पर हैं। महिला एकल में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू 13वें स्थान पर बरकरार हैं जबकि महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी 15वें स्थान पर बनी हुई है।

## प्रो लीग के बाकी मैचों के लिए पूरी तरह तैयार हैं : हरमनप्रीत सिंह

**लंदन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने यहां भारतवंशियों के एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी टीम एफआईएच प्रो लीग के आगामी मैचों के लिए पूरी तरह तैयार है। हरमनप्रीत के साथ पूरी टीम और कोच क्रेग फुल्टन यहां भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थे। भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग तालिका में अभी ग्रेट ब्रिटेन के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

भारत का सामना शुक्रवार को बेल्जियम से होगा और शनिवार को टीम ग्रेट ब्रिटेन से खेलेगी। हरमनप्रीत ने कहा, हम यहां 2017 में आए थे और अब इतने साल बाद आकर अच्छा लग रहा है। प्रो लीग मैचों में प्रदर्शन अच्छा रहा है और हम बाकी मैचों के लिए तैयार है। हम सभी से टीम के समर्थन के लिए मैच देखने आने का अनुरोध करते हैं। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी ने कहा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम का स्वागत करना गर्व की बात है। हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और इस टीम में भारत के सभी हिस्सों के खिलाड़ी है।

## मां बनने के बाद स्वितोलिना की ग्रैंडस्लैम में पहली जीत



**एजेंसी।** पेरिस

**एलिना** स्वितोलिना ने मां बनने के बाद लगभग डेढ़ साल में फ्रेंच ओपन में पहला मुकाबला खेलते हुए यहां महिला एकल के पहले दौर में मार्टिना ट्रेविसन को सीधे सेट में हराया। अक्टूबर में बेटी स्का को जन्म देने वाली स्वितोलिना ने 2022 में यहां सेमीफाइनल में पहुंचने वाली मार्टिना को 6-2, 6-2 से शिकस्त दी।

दुनिया के तीसरे नंबर की पूर्व खिलाड़ी स्वितोलिना की मौजूदा विश्व रैंकिंग 192 है। जनवरी 2022 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर से बाहर होने के बाद स्वितोलिना पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेल रही हैं।

स्वितोलना ने डब्ल्यूटीए टूर पर वापसी करते हुए अपना पहला मैच अप्रैल में दक्षिण कैरोलिना के चार्ल्सटन में खेला था और पिछले हफ्ते फ्रांस के स्ट्रेसबर्ग में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में पहला खिताब जीता। सोमवार को रोलां गैरो पर अपने मजबूत फोरहैंड की बदौलत स्वितोलिना ने 20 विनर लगाए जबकि उनकी प्रतिद्वंद्वी 12 विनर ही लगा सकीं। यूक्रेन की इस खिलाड़ी को 26वीं वरीयता प्राप्त मार्टिना के खिलाफ एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं करना पड़ा।

## हार्दिक डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारत के लिए अहम योगदान दे सकते थे: पोंटिंग

### सात से 11 जून तक द ओवल में होने वाले हैं खिताबी मुकाबले

**एजेंसी।** दुबई



**पूर्व दिग्गज** बल्लेबाज रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत को लंदन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए हार्दिक पंड्या को अपनी टीम में शामिल करना चाहिए था क्योंकि यह ऑलराउंडर इस मुकाबले में निर्णायक भूमिका निभा सकता था।

पंड्या ने 2018 के बाद से कोई टेस्ट नहीं खेला है और उन्होंने फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण पांच दिवसीय प्रारूप में नहीं खेलने का फैसला किया है। पोंटिंग को हालांकि लगता है कि पंड्या सात से 11 जून तक द ओवल में होने वाले खिताबी मुकाबले में अहम भूमिका निभा सकते थे। मुख्य रूप से इसलिए क्योंकि उन्होंने हाल ही में समाप्त हुए इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के लिए लगभग प्रत्येक मैच में गेंदबाजी की। पंड्या टाइटंस के कप्तान हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू के लिए लिखा, मैंने सोचा कि भारत के लिए इस एकमात्र टेस्ट मैच में हार्दिक पंड्या जैसा कोई खिलाड़ी कितना अहम हो सकता था। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि वह आधिकारिक तौर पर कह चुका है कि टेस्ट मैच में खेलना शायद उसके शरीर के लिए थोड़ा कड़ा है। लेकिन सिर्फ एक मैच के लिए वह आईपीएल में प्रत्येक मैच में गेंदबाजी कर रहा था और वह तेज गेंदबाजी कर रहा था।

आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा कि पंड्या सात से 11 जून तक होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल में भारतीय टीम के लिए मैच का रुख बदलने वाले खिलाड़ी (एक्स फेक्टर) हो सकते थे। उन्होंने कहा, वह (पंड्या) एक्स-फेक्टर हो सकता था। उसे एकमात्र मैच के लिए चुना जाता, फिर देखते कि वह बल्ले और गेंद से क्या कर सकता है। वह दोनों टीम के बीच का अंतर हो सकता था।

पंड्या ने 2017 में पदार्पण के बाद अब तक 11 टेस्ट खेले हैं, जिसमें उन्होंने 31.29 की औसत से एक शतक और चार अर्धशतक की मदद से 532 रन बनाए हैं। उन्होंने 31.05 की औसत से 17 विकेट भी लिए हैं।

### पंड्या का 74 एकदिवसीय मैंचों में रहा है अच्छा प्रदर्शन

**पंड्या** ने अब तक 74 एकदिवसीय मैचों में 33.00 की औसत से 1584 रन बनाए हैं और 72 विकेट लिए हैं। टी-20 अंतरराष्ट्रीय में उन्होंने 87 मैचों में 1271 रन बनाने के अलावा 69 विकेट चटकाए हैं। पंड्या के नेतृत्व में गुजरात टाइटंस ने 2022 में पदार्पण करते हुए आईपीएल खिताब जीता था लेकिन सोमवार को इस सत्र के फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाले चेन्नई सुपरकिंग्स से हार गए।